# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025


मप्र के लिए बड़ी उपलब्धि

## सीएम डॉ. यादव ने की वर्ल्ड कप जीत पर बड़ी घोषणा

सीएम बोले-देश का मान बढ़ाया लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का दीपक जलाया



मुकुंद ने कहा- मोबाइल, फेसबुक व इंस्टा से किया किनारा और जबरदस्त मेहनत कर किया ये मुकाम हासिल

# धार के धामनोद के बेटे मुकुंद आगीवाल ने सीए फाइनल में देश भर में किया टॉप

## सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई) व इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) अव्वल, 81,852 उम्मीदवार शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

आईसीएआई ने सीए सितंबर रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। सीए फाउंडेशन में एल राजलक्ष्मी (चेन्नई), इंटरमीडिएट में नेहा खुरवानी (जयपुर) और सीए फाइनल में मुकुंद आगीवाल (धामनोद) ने टॉप किया है। देश भर के 458 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 81,852 उम्मीदवारों ने भाग लिया था। ग्रुप-1 में 51,955 उम्मीदवार शामिल हुए, जिनमें से 12,811 पास (24.66%)। ग्रुप-2 में 32,273 उम्मीदवार शामिल हुए और 8,151 पास (25.26%) हुए। दोनों ग्रुपों के 16,800 उम्मीदवारों में से 2,727 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए यानी फाइनल का ओवरऑल पास प्रतिशत 16.23 रहा। ⏩शेष पेज 4 पर

### सीए इंटर ग्रुप-1 व 2 : 10.06% हुए पास



माता-पिता मुकुंद की सफलता पर खुशी जताते हुए

सीए इंटर ग्रुप-1 में 93,074 उम्मीदवारों और ग्रुप-2 में 69,768 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। ग्रुप 1 में 8,780 उम्मीदवार पास हुए, जिसका पास प्रतिशत 9.43 रहा। वहीं ग्रुप-2 में 18,938 उम्मीदवार पास हुए और पास प्रतिशत 27.14 रहा है। दोनों ग्रुपों के लिए उपस्थित हुए 36,398 उम्मीदवारों में से 3,663 उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए। सीए इंटर का ओवरऑल पास प्रतिशत 10.06% रहा है।

### धामनोद के लिए गर्व...माता-पिता के छलके खुशी के आंसू

**धामनोद/धार।** धार जिले के छोटे से कस्बे धामनोद से एक बड़ी और गर्व से भर देने वाली खबर है। युवा मुकुंद आगीवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की अखिल भारतीय परीक्षा में पहला स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। मुकुंद ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे धार जिले और मप्र का नाम देशभर में रोशन किया है। धामनोद के स्टेशनरी व्यवसायी पवन आगीवाल के सुपुत्र मुकुंद की ⏩शेष पेज 4 पर

## टीम इंडिया की स्टार गेंदबाज क्रांति गौड़ को मिला 1 करोड़ का तोहफा

क्रांति को कुल 9.5 करोड़ की राशि मिलेगी | इसमें आईसीसी के 3.5 व बीसीसीआई के 5 करोड़ भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं था कि मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी बेटी को सम्मान देने का बड़ा ऐलान कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर की स्टार गेंदबाज क्रांति गौड़ को 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। यह पुरस्कार क्रांति के उत्कृष्ट प्रदर्शन और टीम इंडिया को पहली महिला वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी दिलाने में उनके योगदान के लिए है। सीएम ने क्रांति को सोशल मीडिया पर दिल से बधाई देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की बेटी ने न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि लाखों लड़कियों के लिए प्रेरणा का दीपक जला दिया। यह घोषणा न केवल क्रांति के परिवार और घुवारा गांव के लिए खुशी का पल है, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय। क्रांति को कुल 9.5 करोड़ की इनामी राशि मिलेगी। इसमें आईसीसी के 3.5 व बीसीसीआई के 5 करोड़ भी शामिल हैं। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने ऐलान किया कि भारतीय महिला क्रिकेट ⏩शेष पेज 4 पर

### बेहद संघर्षपूर्ण रहा क्रांति का बचपन

छतरपुर जिले के छोटे से कस्बे घुवारा की रहने वाली 22 साल की क्रांति गौड़ का बचपन बेहद संघर्ष पूर्ण रहा है। क्रांति के पिता मुन्ना सिंह गौड़ कांस्टेबल थे। एक मामले में उनकी नौकरी जाने के बाद परिवार ने मजदूरी करके क्रांति का लालन-पालन किया। क्रांति को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था क्रांति के घर के सामने ही एक छोटा सा खेल मैदान है, जिसमे क्रांति अपने दोस्तों के साथ टेनिस गेंद से खेलती थी। एक समय था जब क्रांति के पास खेलने के लिए जूते भी नहीं थे। तब वह नंगे पैर ही क्रिकेट खेलती थी। सीमित साधनों के बाद भी उनका जुनून कम नहीं हुआ। परिवार ने भी कठिन समय में उनका साथ नहीं छोड़ा एक दिन छतरपुर में हुए टूर्नामेंट में क्रांति को अचानक खेलने का मौका मिला। उस मैच में दोहरा प्रदर्शन करने के बाद स्थानीय कोच ने क्रांति की प्रतिभा को पहचाना और आगे खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। ⏩शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### रिश्वत लेते डॉक्टर और सुपरवाइजर धरे गए

**रीवा।** रीवा में डॉक्टर और सुपरवाइजर को रिश्वत लेते रंगे हाथों लोकायुक्त ने पकड़ा है।



शिकायतकर्ता जय प्रकाश गुप्ता ने शिकायत की थी कि बीएमओ डॉ. कल्याण सिंह एवं सुपरवाइजर शिव शंकर तिवारी द्वारा फर्स्ट-एड क्लिनिक की अनुमति देने की एवज में रिश्वत मांगी जा रही है।

### हर्षवर्धन की फिल्म 100 करोड़ के क्लब में

**नई दिल्ली।** 'एक दीवाने की दीवानियत' फिल्म में हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा लीड रोल में नजर आए हैं। ये फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और 13 दिनों में इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है।



### बिग बी के घर के बाहर बढ़ाई गई सुरक्षा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को खालिस्तानी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने जान से मारने की धमकी दी है। मुंबई पुलिस ने उनके मुंबई स्थित दोनों घरों, 'जलसा' और 'प्रतीक्षा', के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। बताया जा रहा है कि अब वहां 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगा।



सीएम ने किया एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण | ऊर्जा विभाग की समाधान योजना लांच हुई 90 लाख से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ

# उपभोक्ताओं का तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक बिजली बिल सरचार्ज होगा माफ



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मप्र के बिजली बकाएदारों को मोहन सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के समाधान योजना का शुभारंभ किया।

इस योजना में तीन महीने से अधिक समय तक बिल बकाया रखने वाले घरेलू, गैर घरेलू, कृषि तथा औद्योगिक उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना उन जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगी, जो किसी कारण से बिल जमा नहीं कर पाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को एमपी पावर मैनेजमेंट ⏩शेष पेज 4 पर

## योजना में 3 माह तक का सरचार्ज रखने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ मिलेगा

- वर्ष 2024-25 में 35 लाख से अधिक किसानों को 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक की बिजली सब्सिडी दी गई
- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी का नवीन भवन बेहतर प्रबंधन और कार्य क्षमता वृद्धि में सहायक होगा

### मप्र के बिजली बकाएदारों को मोहन सरकार ने बड़ी सौगात दी



योजना का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री

### आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर दें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाधान योजना 2025-26 से उपभोक्ताओं का 3 हजार करोड़ रुपए से अधिक बिजली बिल सरचार्ज माफ किया जा रहा है। योजना में 3 माह तक का सरचार्ज रखने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ मिलेगा। यह नया भवन ऊर्जा प्रबंधन, तकनीकी नवाचार और जनसेवा का केंद्र बनेगा। किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है।

### समाधान योजना 2025-26 एक नजर में

यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। समाधान योजना दो चरणों में चलेगी। प्रथम चरण 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक होगा, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में यह योजना एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा।

दिल्ली दंगों के आरोपी की रिहाई की मांग

## अब दिग्विजय सिंह ने उमर खालिद को निर्दोष बताया

भाजपा विधायक ने दी पाकिस्तान जाने की नसीहत



खालिद और दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

दिल्ली दंगों के आरोपी और जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद के समर्थन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सामने आए।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उमर खालिद को निर्दोष बताया और उसकी तत्काल रिहाई की मांग की। दिग्विजय ने लिखा कि उसके साथ बहुत अन्याय हो रहा है। खालिद एक पीएचडी स्कॉलर है और किसी भी मापदंड पर राष्ट्रद्रोही नहीं ठहराया जा सकता। दिग्विजय ने आग्रह किया कि उमर खालिद को जल्द से जल्द रिहा किया जाना चाहिए। उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ⏩शेष पेज 4 पर

बुरहानपुर में संघ की शाखा में हंगामा

## स्वयंसेवकों से मारपीट, तीन घायल, 14 पर प्रकरण दर्ज

जय भीम के नारे लगाते हुए पहुंचे युवक



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭बुरहानपुर

जिले के इच्छापुर गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा के दौरान हंगामा और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने शाखा में घुसकर नारेबाजी करते हुए स्वयंसेवकों के साथ मारपीट भी की, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घटना रविवार शाम की है। इच्छापुर मंडल के कार्यवाह रितेश महाजन की शिकायत पर शाहपुर थाना पुलिस ने 14 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

हालांकि, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। महाजन ने बताया कि शाम करीब पांच बजे गांव के ⏩शेष पेज 4 पर

उच्च स्तर की तकनीकी और जोखिम वाले क्षेत्रों में रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा

रजिस्टर्ड पेटेंट के मामले में भारत में 17 गुना वृद्धि हुई

# पीएम ने किया एक लाख करोड़ रुपए के अनुसंधान विकास और नवाचार (आरडीआई) फंड का शुभारंभ

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक लाख करोड़ रुपए के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) फंड का शुभारंभ किया। इस आर्थिक सहायता से उच्च स्तर की तकनीकी और जोखिम वाले क्षेत्रों में रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस फंड को जारी करने के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि रजिस्टर्ड पेटेंट के मामले में भारत में 17 गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स के काम करने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर ⏩शेष पेज 4 पर ⏩पढ़ें पेज 09 भी

- पीएम ने इमर्जिंग साइंस, टेक्नॉलोजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव में शिरकत की
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लक्ष्यों को रेखांकित करने वाला एक विजन दस्तावेज भी लॉन्च किया

### क्या है आरडीआई फंड?

आरडीआई फंड की शुरुआत अनुसंधान और विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। यह घोषणा विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) में की गई है। एक ऐसा मंच है जो सरकार के विकसित भारत 2047 विजन को आगे बढ़ाने के लिए नीति निर्माताओं और नए ⏩शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी

### कैसे काम करेगा आरडीआई फंड?

आरडीआई फंड दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों जरिए पूंजी निर्माण की कवायद करेगा। इसमें वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ), विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (एनबीएफसी) शामिल हैं। ये प्रबंधक, वित्तीय, व्यावसायिक और तकनीकी विशेषज्ञों वाली स्वतंत्र निवेश समितियों के मार्गदर्शन में, समर्थन के लिए परियोजनाओं की पहचान करेंगे और उनकी सिफारिश करेंगे। पीएम मोदी ने ⏩शेष पेज 4 पर






शाहजहांनी पार्क के पीछे बायोगैस प्लांट

# छह साल से बंद पड़ा था यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में बायोगैस प्लांट, एक दिन ही हो सका था गैस का उत्पादन

**डेढ़ करोड़ से ज्यादा की लागत से बना था, जितने गीले कचरे की जरूरत थी, उतना नहीं मिला तो, हो गया बंद**

**गैस सप्लाई के लिए टेस्टिंग भी की गई, इसके लिए गैस पाइप लाइन भी बिछाई गई**

फालोअप

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी के यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क परिसर में रविवार को आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन नगर निगम की फिजूलखर्ची और लापरवाही जरूर यहां लगी आग से उजागर हुई। दरअसल कचरा कलेक्शन सेंटर के पास ही छह साल पहले निगम ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बायोगैस प्लांट बनाया था। इससे दीनदयाल रसोई



शाहजहांनी पार्क के पीछे बायोगैस प्लांट

तक गैस सप्लाई करने के लिए बाकायदा पाइप लाइन भी बिछाई गई, लेकिन यह प्लांट एक दिन ही चल सका उसके बाद से बंद था। जो अब आग की चपेट में आने से पूरी तरह बर्बाद हो गया है। पार्क परिसर में कचरा ट्रांसफर स्टेशन से लगे बायोगैस प्लांट के आसपास कचरा-झाड़ियों का ढेर लगा था। यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात तक लगा रहता था। इसे न तो सहेजन की जरूरत निगम ने समझी और न ही उक्त जगह का उपयोग किसी अन्य योजना में करने की। आग की चपेट में आने से यहां बना शेड और भीतर रखे कुछ लोहे के उपकरण झुलस गए। मौके पर मिले कुछ कर्मचारियों ने हरिभूमि को बताया कि यह प्लांट तो लंबे समय से बंद था। इसके भीतर कुछ नहीं है।

### इंदौर की एजेंसी ने बनाया था प्लांट

इंदौर की ब्रिक एंड बांड इंफ्राकॉम एजेंसी ने 2017-18 में इस प्लांट को बनाया था। इसमें गीले कचरे से बायो गैस बनाई जाना थी। यहां बनने वाली गैस का उपयोग दीनदयाल रसोई का चूल्हा जलने में किया जाना था। इसके लिए बाकायदा पाइप लाइन भी बिछाई गई थी।

### कचरा डंप करने वाली टंकियां झुलस गईं

प्लांट परिसर में एक दर्जन प्लास्टिक की टंकियां रखी थीं। छह टंकियों में गीला कचरा डंप किया जाता था। यह टंकियां पूरी तरह से आग से झुलस गईं।

### पांच टन कचरे की जरूरत थी

दरअसल प्लांट को संचालन के लिए पांच टन गीले कचरे की रोजाना जरूरत थी। इसके लिए एमपी नगर व पुराने शहर की होटलों, सब्जी मंडी आदि स्थानों से गीला कचरा एकत्रित किया जा रहा था, लेकिन इसकी मात्रा कम थी।

### पहुंच मार्ग पर फैला है कीचड़

प्लांट तक जाने वाले रास्ते पर कीचड़ और पानी फैला हुआ है। क्योंकि बीती रात यहां फायर की दमकलों से आग बुझाने के लिए पानी का उपयोग किया गया था। हालांकि निगम का अमला यहां साफ-सफाई में जुटा हुआ था।

### उठाएंगे उचित कदम

बायोगैस प्लांट के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लूंगी। उचित कदम उठाए जाएंगे।
**संस्कृति जैन**, आयुक्त, नगर निगम

---

देवशयनी एकादशी से देवउठनी तक क्षीरसागर में विश्राम करते हैं भगवान विष्णु, कार्तिक मास का समापन कल

# सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनाई जाएगी बैकुंठ चतुर्दशी शिव सौंपेंगे विष्णु को सृष्टि की सत्ता, होगा हरि-हर मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली से एक दिन पहले मंगलवार को वैकुंठ चतुर्दशी मनाई जाएगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि सर्वार्थ सिद्धि योग में वैकुंठ चर्तुदशी मनाई जाएगी। पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव चातुर्मास समाप्त होने पर भगवान विष्णु को सृष्टि की सत्ता सौंपते हैं। देवउठनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास का समापन हो जाता है। देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक विष्णु क्षीरसागर में विश्राम करते हैं। इस दौरान सृष्टि का कार्यभार भोलेनाथ संभालते हैं। वैकुंठ चतुर्दशी पर भोलेनाथ भगवान विष्णु को वापस कार्यभार सौंपते हैं। इसी परम्परा का निर्वाह करते हुए 4 नवंबर को शहर में कई आयोजन किये जाएंगे। मंदिरों व धार्मिक संगठनों द्वारा वैकुण्ठ चतुर्दशी पर यह लीला की जाएगी। इस मौके पर हरिहर मिलन का आयोजन किया जाएगा।



आकर्षक श्रृंगार से सजे बाबा मुक्तेश्वर।

### भगवान मुक्तेश्वर की निकली शोभायात्रा

इस मौके पर छोला विश्रामघाट मंदिर से भगवान मुक्तेश्वर महाकाल बैंडबाजों अपने लाव लश्कर के साथ श्रीजी मंदिर लखेरापुरा पहुंचेंगे। यहां वे प्रतीकात्मक रूप से सृष्टि की सत्ता वापस विष्णु को सौंपेंगे। इस आयोजन को हरिहर मिलन नाम दिया गया है। शिव सत्ता सौंपने के बाद अपने खजाने से कौड़ियां व रत्न लुटाएंगे।

### भगवान शिव, विष्णु व कार्तिकेय की कृपा से अक्षय फल की प्राप्ति

भगवान विष्णु को समर्पित स्नान-दान के पवित्र माह कार्तिक का समापन 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर होगा। पूरे माह 30 दिन तक कार्तिक स्नान और व्रत का पालन नहीं कर पाने वाले भक्तों के लिए देवउठनी एकादशी के बाद द्वादशी, त्रयोदशी, बैकुंठ चतुर्दशी एवं कार्तिक पूर्णिमा खास दिन हैं। इन तिथियों पर किए जाने वाले स्नान-दान, दीपदान से अक्षय पुण्य और भगवान की कृपा प्राप्त होती है। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि कार्तिक व्रत का 12 वर्ष का संकल्प होता है।

## सोम प्रदोष पर...
## चंद्रेश्वर स्वरूप में बटेश्वर



बाबा बटेश्वर

**भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा सोमवार को सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का चांदी की भस्म एवं पंचामृत से रूद्राभिषेक किया। इसके बाद चन्द्र ग्रह से परेशान जताकों के लिए गृह शांति के लिए प्रार्थना की गई। समिति के संजय अग्रवाल ने बताया की मंदिर में बड़ी संख्या में अपनी कुंडली में चंद्र दोष से परेशान श्रद्धालुओं ने बाबा बटेश्वर के अभिषेक में भाग लेकर पूजन की सांयकाल बाबा बटेश्वर का चंदन, विभिन्न प्रकार के पुष्प एवं रत्नो से चंद्रेश्वर स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया। रात 10 बजे महा आरती की गई। इस अवसर पर आकाश अग्रवाल अभिषेक लाला केशव फुलवानी शिशिर मित्तल मोनू राठौर प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## गुरुनानक जयंती कल, प्रकाश पर्व के लिए भव्य लाइटिंग से सजने लगे गुरुद्वारे




पीरगेट से सोमवार को नगर कीर्तन निकाला गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

**भोपाल।** गुरुनानक देव का 556वां प्रकाश पर्व 5 नवंबर बुधवार को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के गुरुद्वारों में कथा, कीर्तन दरबार सजेंगे और रागी जत्थे संगत को निहाल करेंगे। मुख्य आयोजन हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में किया जाएगा। राजधानी के हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारे सहित अन्य गुरुद्वारों में इसको लेकर तैयारियां शुरू होंगी। भव्य लाइटिंग से सज गए हैं। इसके पहले सोमवार को शहर के विभिन्न मार्गों से नगर कीर्तन निकाला गया। प्रकाश पर्व के अवसर पर सुबह 7 बजे से गुरुद्वारे में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। तो वहीं शब्द कीर्तन दीवान सजाया गया। तो वहीं 15 हजार से अधिक लोग लंगर चखेंगे।

## संकट हरण महादेव मंदिर में मना अन्नकूट महोत्सव

**भोपाल।** राठौर संघ के संकट हरण महादेव मंदिर गिन्नौरी में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रखा गया। जिसमें बाबा का महाभिषेक, छप्पन भोग और मनमोहन श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम के समापन पर भोजन प्रसादी का भी वितरण किया गया। राठौर संघ की मीडिया प्रभारी सविता राठौर ने बताया कि संघ के



संकट हरण महादेव को अन्नकुट का भोग लगाया गया।

गिन्नौरी स्थित मंदिर में अन्नकूट महोत्सव के तहत शाम छह बजे से खाटू श्यामजी की भवन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा के भजन गीतों पर भक्त झूमने लगे। कार्यक्रम के दौरान बाबा का श्रृंगार और श्रृंगार संध्या आरती भी की गई। इस मौके पर भारी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

## छठ के बाद यात्रियों के लिए 4 विशेष ट्रेनों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह चार स्पेशल ट्रेनें भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी।

### बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप)

05265 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 11 नवंबर को दोपहर 12 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर 04:05 बजे, इटारसी 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 05:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

### बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन (1 ट्रिप)

05267 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 12 दिसंबर को दोपहर 12 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 01:20 बजे, कटनी 02:55 बजे, जबलपुर 04:05 बजे, इटारसी 09:05 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन प्रातः 05:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

### बरौनी-एरणाकुलम जंक्शन स्पेशल ट्रेन (2 ट्रिप)

05263 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 11 नवंबर एवं 12 नवंबर को रात 22:30 बजे बरौनी स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 07:45 बजे, कटनी 09:00 बजे, जबलपुर 10:35 बजे, इटारसी दोपहर 14:20 बजे पहुँचकर और चौथे दिन सुबह 06:00 बजे एरणाकुलम जंक्शन स्टेशन पहुँचेगी।

### मुजफ़्फ़रपुर जंक्शन-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु स्पेशल ट्रेन (2 ट्रिप)

05545 मुजफ़्फ़रपुर से सर एम. विश्वेश्वरय्या, बेंगलुरु स्पेशल 11 एवं 12 नवंबर को रात 21:15 मुजफ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 08:15, कटनी 09:20, जबलपुर 10:45, इटारसी दो 14:15 पहुँचकर और तीसरे दिन रात्रि 23:50 सर एम. विश्वेश्वरय्या बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।

## बौद्ध युवक-युवती विवाह परिचय सम्मेलन 18 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

दि बुद्धिस्ट समाज विकास समिति मध्य प्रदेश 18 जनवरी को बौद्ध युवक-युवती विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। तुलसी नगर स्थित नार्मदीय भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बौद्ध समाज के युवक और युवती देशभर से यहां आकर भाग लेंगे। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, आईआईटी एवं आईआईएम शिक्षा प्राप्त, शासकीय एवं प्रायवेट नौकरी में कार्यरत युवक-युवती भी शामिल होंगे।

---

### हज के लिए राशि जमा करने की तारीख बढ़ी, अब 7 तक जमा कर सकेंगे

**भोपाल।** हज 2026 के लिए यात्रियों को बड़ी राहत दी गई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज राशि जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब यात्री 31 अक्टूबर की जगह 7 नवंबर तक अपनी राशि जमा कर सकेंगे। सभी हज यात्री जो कुरआ और वेटिंग लिस्ट में में शामिल हैं। उन्हें 2 लाख 77 हजार 300 जिसमें प्रथम किस्त 1 लाख 52 हजार 300 और द्वितीय किस्त 1 हजार 25 हजार) की पूरी राशि जमा नहीं की है, वे इस नई तारीख तक भुगतान कर सकते हैं। यात्री यह राशि हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से जमा कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में निर्धारित पे-इन-स्लिप के माध्यम से भी भुगतान किया जा सकता है। यात्री अधिक जानकारी के लिए 0755-2530139 पर संपर्क कर सकते हैं।

उच्च शिक्षा विभाग में पंजीकृत व सत्यापित अतिथि विद्वान आवेदकों ने दिया मांगों का ज्ञापन, मिला आश्वासन

## उच्च शिक्षा विभाग में चॉइस फिलिंग प्रक्रिया जल्द शुरू कराने राजधानी में जुटे प्रदेश भर के अतिथि विद्वान

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में पंजीकृत व सत्यापित अतिथि विद्वान आवेदकों की चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू कराने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेशभर के अतिथि विद्वान शहर में जहांगीराबाद स्थित नीलम पार्कमें जुटे।

सभी जिले से आए पंजीकृत अतिथि विद्वान आवेदक एकत्र होकर वहां से शांतिपूर्ण तरीके से डेलिगेशन के रूप में मुख्यमंत्री निवास तथा उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के निवास पहुंचे। आवेदकों ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इनमें प्रमुख रूप से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जल्द चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया शुरू करने की मांग रही। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री के निवास पर अधिकारियों के माध्यम से विचार कर चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू करने का



चॉइस फिलिंग में एकत्रित हुए अतिथि विद्वान

### यह हैं अतिथि विद्वानों की प्रमुख मांगें

- पंजीकृत एवं सत्यापित अतिथि विद्वान आवेदकों की चॉइस फिलिंग शीघ्र शुरू की जाए।
- प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या तकनीकी अड़चनें दूर की जाएं।
- विभाग द्वारा 2024 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नए सृजित किए गए पदों को मैप कराकर उन पदों पर चॉइस फिलिंग कराई जाए।

आश्वासन दिया गया। वहां पंजीकृत अतिथि विद्वान आवेदकों ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से चॉइस फिलिंग प्रक्रिया लंबित है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दो बार जारी किए गए नोटिफिकेशन को रद्द किया जा चुका है। इस लिए अभ्यर्थियों ने मांग की है कि जल्द विभाग द्वारा चॉइस फिलिंग कैलेंडर जारी किया जाए और उसका पालन किया जाए। जारी कलैंडर को रद्द न किया जाए। संघर्ष मोर्चा के सभी सदस्यों ने कहा है कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे भोपाल में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

ग्लोबल साउथ में जलवायु अत्याधिकताओं को नेविगेट करना रहा सम्मेलन का विषय

## मैनिटः अंतरराष्ट्रीय शहर जीवनोपयोगिता सम्मेलन में विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मैनिट में सोमवार को दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शहर जीवनोपयोगिता-2025 आयोजित किया गया। इसका विषय ग्लोबल साउथ में जलवायु अत्याधिकताओं को नेविगेट करना है।

इस दो दिवसीय इस सम्मेलन को मैनिट के आर्किटेक्चर और प्लानिंग विभाग द्वारा आयोजित और अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन और पर्यावरण योजना समन्वय संगठन (एप्को) द्वारा प्रायोजित किया गया। सम्मेलन में जलवायु चुनौतियां और शहरी लचीलापन विषय पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। शुरुआत में मैनिट के डायरेक्टर प्रो केके शुक्ल, लोकेन्द्र ठक्कर (कोऑर्डिनेटर, स्टेट नॉलेज मैनेजमेंट सेंटर ऑन क्लाइमेट चेंज, एप्को भोपाल), प्रोफेसर नकुल धगत (एचओडी, आर्किटेक्चर और प्लानिंग), डॉ. सुरभि मेहरोत्रा, प्रोफेसर मनमोहन कापशे और अन्य अकादमिक प्रतिनिधि शामिल हुए।





मैनिट में दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

### किसने क्या कहा

प्रोफेसर नकुल धगत ने जलवायु अत्याधिकताओं के संदर्भ में समग्र शहरी योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. सुरभि मेहरोत्रा ने सम्मेलन के एजेंडा का परिचय दिया। इसका उद्देश्य लचीले और जीवनोपयोगी शहरों के निर्माण पर सार्थक चर्चाएं करना है।

### एमपी में गर्मी, ठंड से सबसे अधिक मौतें

लोकेन्द्र ठक्कर ने जलवायु अत्याधिकताओं पर जनसंख्या की संवेदनशीलता को उजागर करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश गर्मी और ठंड से होने वाली मौतों में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। उन्होंने गरीबी और संवेदनशीलता को सीधे संबोधित करते हुए जलवायु कार्रवाई की रणनीतियों की आवश्यकता बताई। उन्होंने केरल की गरीबी उन्मूलन उपलब्धियों का उदाहरण दिया। प्रो मनमोहन कापसे ने अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार माना। सम्मेलन में करीब 70 शोध पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में प्रस्तुत किए गए। डॉ. मोहम्मद फिरोज ने सतत शहरी विकास, जलवायु-संवेदनशील योजना और तटीय अनुकूलन रणनीतियों पर मुख्य भाषण दिया। डॉ. अर्पिता मंडल ने जलविज्ञान और जलवायु जोखिमों की जानकारी दी।

---

### पटवारी मिलन समारोह में स्वच्छ भारत पर बच्चों ने किया नाटक

## पटवारियों ने बिखेरा जलवा देशभक्ति गीतों पर झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजस्व से जुड़े कामों की आपाधापी में व्यस्त रहने वाले पटवारियों के मनोरंजन के लिए राजधानी में पहली बार पटवारी परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पटवारियों ने देशभक्ति गीतों पर झूमकर आनंद लिया। इस मौके पर पटवारियों के परिवार से जुड़े बच्चों ने स्वच्छ भारत से जुड़ा नाटक भी पेश किया। कार्यक्रम लालघाटी स्थित लैंड मार्क मैरिज गार्डन में रखा गया।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद गिरी ने बताया कि लंबे समय के बाद दीवाली के बाद ये कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पटवारी भोला मेहरा, राहुल





पटवारी परिवार मिलन समारोह में शामिल प्रतिभागी

वर्मा, गुफरान अहमद, अजय घोरपडे, हंसराज, बद्री पटेल, नरेंद्र अग्रवाल, ताज अंसारी, महेश मिश्रा ने संचालन किया।

कार्यक्रम में पटवारी राधे ने गीत पेश किए। कार्यक्रम में श्रेया और कनिष्क पटेल ने स्वच्छ भारत पर नाटक पेश कर तालियां बटौरीं। पूर्व फौजी और वर्तमान पटवारी आशीष चतुर्वेदी, अजय कुमार, ताज अंसारी, पवन शुक्ला, प्रदीप पांडेय, किशन सिंह ने समूह में तेरा जलवा, रंग दे बसंती गीतों पर समूह में नृत्य पेश किया।

ऑन ड्यूटी एयरपोर्ट पर मृत हुए नायब तहसीलदार का परिवार काट रहा चक्कर

एसएलआर कृष्णा रावत पर भड़के कलेक्टर, दो दिन का दिया अल्टीमेटम

## नायब तहसीलदार की पत्नी के छलके आंसू, एसएलआर ने अटकाई फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

गोविंदपुरा तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार दिनेश साहू की 25 सितंबर को हुई एयरपोर्ट पर ऑन ड्यूटी मौत के बाद उनके बड़े पुत्र की अनुकंपा नियुक्ति को लेकर पत्नी सहित बच्चों को कलेक्टोरेट के चक्कर काटना पड़ रहे हैं।

कई बार एसएलआर कृष्णा रावत के ध्यान नहीं देने के बाद मृतक नायब तहसीलदार की पत्नी और छोटा बेटा कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के पास पहुंच गए। पत्नी ने साहू की अचानक मृत्यु को लेकर बताया कि पति की मौत की वजह से परिवार में आर्थिक रूप से



स्व. नायब तहसीलदार दिनेश साहू

समस्या हो गई है। एसएलआर के पास कई बार गई, लेकिन वह ध्यान नहीं दे रही हैं। यह बोलते हुए उनके आंसू छलकने लगे। तहसीलदार की पत्नी ने बताया कि हम लोगों को सितंबर माह की सैलरी भी नहीं दी गई है।

जिस पर कलेक्टर ने एसएलआर को केबिन में बुलाकर फटकार लगाते हुए अनुकंपा नियुक्ति की फाइल दो दिन में कंपलीट करने का अल्टीमेटम दिया है। नायब तहसीलदार गोविंदपुरा तहसील में पदस्थ थे, जहां 25 सितंबर को उनकी ड्यूटी पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत के आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर लगाई गई थी। इस दौरान उन्हें सीने में दर्द हुआ। साथी कर्मचारी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पहले एयरपोर्ट पर भी उन्हें सीपीआर दिया गया, लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका। सोमवार को कलेक्टर ने कहा कि छह नवंबर तक अगर अनुकंपा नियुक्ति की फाइल कंपलीट नहीं की गई, तो एसएलआर को सस्पेंड कर देंगे।

### बड़े बेटे को मिलेगी पटवारी की नौकरी

साहू की मौत के बाद उनके बड़े बेटे अभय साहू को अनुकंपा नियुक्ति देने की परिवार ने सहमति दी है। जिसके लिए फाइल चल रही है। परिवार के लोगों ने मृत्यु के बाद पूरे कागजात अनुकंपा नियुक्ति के लिए उपलब्ध करा दिए थे, लेकिन सरकारी ढर्रे की वजह से नायब तहसीलदार की पत्नी और बच्चों को भी कलेक्टोरेट के चक्कर काटना पड़ रहे हैं।

### गैर न्यायालयीन काम से था तनाव

मृतक नायब तहसीलदार की पत्नी और पुत्र ने बताया कि वह ड्यूटी को लेकर पिछले कई दिनों से तनाव में चल रहे थे। उनकी ड्यूटी गैर न्यायालीन काम में लगा दी गई थी। पत्नी ने बताया कि उन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं थी, न ही उनका कोई इलाज चल रहा था।

### जल्दी फाइल भेजने के मिले निर्देश

नायब तहसीलदार की अनुकंपा नियुक्ति को लेकर एसडीएम शहर फाइल भेजी गई है। अनुकंपा नियुक्ति को लेकर सभी प्रक्रियाओं को किया जा रहा है। कलेक्टर ने जल्दी फाइल भेजने के निर्देश दिए हैं।
**कृष्णा रावत**, अधीक्षक भू-अभिलेख

भोपाल
मंगलवार, 4 नवंबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-14
वर्ष : 12, अंक : 214
पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## धूमधाम से निकली बाबा की दूसरी सवारी
### महाकाल ने जाना प्रजा का हाल




**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में कार्तिक शुक्ल पक्ष की धूम शुरू हो गई है। सोमवार को बाबा महाकाल की दूसरी सवारी निकाली गई। 27 अक्टूबर को पहली सवारी निकली थी। सावन-भादो की तरह कार्तिक अगहन मास में भी महाकाल की सवारी निकलने की परंपरा है। कार्तिक शुक्ल पक्ष के दूसरे सोमवार को दूसरी सवारी को सभामंडप में शाम 4 बजे विधिवत पूजन के बाद राजसी ठाट-बांट के साथ निकाला गया।

## खबर संक्षेप

### खाद के लिए लाइन में लगा किसान बेहोश, तोड़फोड़

**अशोकनगर।** खाद का टोकन लेने के लिए लाइन में खड़ा किसान बेहोश होकर गिर गया।



उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इससे गुस्साए किसानों ने जमकर हंगामा किया। ऑफिस में तोड़फोड़ कर दी। गेट और खिड़कियों पर पत्थर फेंके। लातें मारीं। हंगामे के दौरान एक और किसान बेहोश हो गया। उसे भी अस्पताल पहुंचाया गया। इसी दौरान टोकन का बंडल छीनने की कोशिश भी की गई।

### फर्नीचर बनाने वाले ने खुद को लगाई आग, मौत

**उज्जैन।** उज्जैन में फर्नीचर निर्माता के आत्मदाह करने का वीडियो सामने आया है। करीब 80%



झुलसने के चलते उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला रविवार दोपहर माधवनगर थाना क्षेत्र के शिवाजी पार्क इलाके का है। राजेंद्र शर्मा ने पारिवारिक विवाद में खुद को आग लगा ली थी। गंभीर रूप से झुलसने पर उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इंदौर रेफर कर दिया गया था। सोमवार सुबह दम तोड़ दिया।

### कैमरी, लैंड क्रूजर जैसी गाड़ियों को वापस मंगाया

**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में अपनी तीन प्रीमियम कारों कैमरी, वेलफायर



और लैंड क्रूजर के लिए कुल 4,863 यूनिट्स के लिए वॉलंटरी रिकॉल का ऐलान किया है। कंपनी ने यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया है ताकि कारों में लगे पार्किंग असिस्ट इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट से जुड़ी संभावित गड़बड़ी की जांच और सुधार किया जा सके। यह यूनिट कार के पैनारोमिक व्यू मॉनिटर का हिस्सा है।

### अनिल अंबानी की 4462 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी की रिलायंस ग्रुप से जुड़ी करीब



4,462.81 करोड़ मूल्य की नवी मुंबई स्थित धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) की 132 एकड़ से अधिक भूमि अस्थायी रूप से कुर्क की है। इससे पहले बैंक धोखाधड़ी के मामलों में 3,083 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की 42 संपत्तियां कुर्क की थीं। अब कुल कुर्की राशि 7,500 करोड़ रुपए से अधिक है।

## शिवसेना नेता ने खुद वीडियो बनवाया, किया वायरल और थाने जाकर सरेंडर

# अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी थी, सिविल सर्जन निजी क्लीनिक में दे रहे थे सेवाएं, उनके चेहरे पर पोत दी कालिख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीधी

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। सोमवार को जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे के चेहरे पर शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कालिख पोत दी। यह घटना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक नर्सिंग होम के पास हुई। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने आरोप लगाया है कि डॉ. खरे इस नर्सिंग होम से मरीज देखकर निकले थे। इसी दौरान कालिख पोती गई।

क्योंकि वे प्राइवेट नर्सिंग होम में ड्यूटी टाइम में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उधर, सरकारी अस्पताल में मरीज परेशान हो रहे थे। विवेक पांडे ने इस पूरे विरोध प्रदर्शन को स्वयं रिकॉर्ड किया। घटना के बाद वे सीधे थाने पहुंचे और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। थाने के सामने उन्होंने बयान दिया कि उन्होंने पहले भी सिविल सर्जन के खिलाफ कलेक्ट्रेट में शिकायत पत्र दिया था। शिवसेना के नेता ने कहा कि हम विरोध कर रहे थे, किसी को आहत करना उद्देश्य नहीं।

**घटना के बाद डॉक्टरों ने पूरी तरह से हड़ताल की दी चेतावनी**



सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे के चेहरे पर शिवसेना के नेता कालिख पोतते हुए

### अब नौकरी नहीं करूंगा: सिविल सर्जन

सिविल सर्जन खरे जो वर्तमान में 64 वर्ष के हैं और एक वर्ष बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उन्होंने कहा कि अब मैं नौकरी नहीं करूंगा, इस घटना से अपमानित महसूस कर रहा हूं, सरकार को कंडीशनल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति भेजूंगा। उन्होंने कहा कि विरोध का एक तरीका होता है, लेकिन हिंसा स्वीकार्य नहीं, यह मेरी निजता का उल्लंघन है।

### डॉक्टरों में आक्रोश, सभी स्वास्थ्य सेवाएं ठप

डॉ. खरे ने घटना के बाद सहकर्मी डॉक्टरों के साथ आक्रोश जताया। वहीं, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने स्पष्ट कहा कि जब तक आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती, तब तक जिले में इमरजेंसी को छोड़कर सभी स्वास्थ्य सेवाएं ठप रहेंगी। सभी डॉक्टर लामबंद होकर जमोड़ी थाने पहुंचे और आरोपी विवेक पांडे, राजेश तिवारी व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

## डिजिटल अरेस्ट मामले : सरकार ने बताया-गृह मंत्रालय में एक स्पेशल यूनिट जो ऐसी शिकायतों की जांच कर रही

# बुजुर्गों से ऐंठे गए करीब 3 हजार करोड़ सुप्रीम कोर्ट ने कहा: सख्ती से निपटेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि पीड़ित खासकर बुज़ुर्ग लोग हैं। उन्होंने विस्तारित रिपोर्ट फाइल करने के लिए समय की मांग की*

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डिजिटल अरेस्ट से सख्ती से निपटने की बात कही है। इन मामलों में साइबर क्रिमिनल लोगों को नकली सरकारी अधिकारी, पुलिस के अधिकारी या फिर जांच अधिकारी बनकर खासकर बुजर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर लेते हैं और पैसे ऐंठते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि पीड़ितों से लगभग 3 हजार करोड़ रुपए वसूले गए हैं और यह समस्या आगे बढ़ने वाली है।

जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मुद्दे पर सभी पार्टियों को सुनेगा और एक न्यायमित्र, वरिष्ठ वकील एनएस नप्पिनई की नियुक्ति करेगा। मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यह चौंकाने वाला मामला है कि अकेले हमारे देश में पीड़ितों से लगभग 3,000 करोड़ रुपए वसूले गए हैं। अगर हम इसे अभी नजरंदाज करते हैं और कड़े और ▶▶ शेष पेज 4 पर

**शीर्ष कोर्ट ने इस मामले का लिया स्वतः संज्ञान**



फाइल फोटो

» मामले की अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी

» मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात

### सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?
#### इससे निपटने के लिए डोमेन एक्सपर्ट्स की जरूरत

मामले पर बात करते हुए अदालत ने कहा कि इससे निपटने के लिए डोमेन एक्सपर्ट्स की जरूरत पड़ सकती है। कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। कुछ बहुत चौंकाने वाला। हमें नहीं पता कि दूसरे देशों में क्या हो रहा है। हमें नहीं पता कि टेक्निकल और फाइनेंशियल पिलर कैसे काम कर रहे हैं। हमें उनकी क्षमताओं को मजबूत करने की जरूरत है। अगर हम चूक गए या नजरअंदाज किया और सख्त आदेश जारी नहीं किए तो समस्या और बढ़ जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनके ऑफिस ने गृह मंत्रालय से मिली सीलबंद रिपोर्ट के आधार पर एक छोटी रिपोर्ट तैयार की है और कुछ काम के सुझाव सामने आए हैं।

### पिछली सुनवाई में क्या हुआ?

27 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों की जांच करने के लिए कह सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा था कि हमें पूरे भारत में डिजिटल अरेस्ट मामलों की एक जैसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आवारा कुत्तों के मामले पर राज्यों के मुख्य सचिवों को दी गई हिदायत, 7 को फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले पर सुनवाई की। इस दौरान पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के मुख्य सचिवों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव मौजूद रहे। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि वह 7 नवंबर को मामले में फैसला देगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजनिया की तीन जजों वाली विशेष बेंच ने दर्ज किया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव अदालत में मौजूद हैं। हालांकि, केरल के मुख्य सचिव की जगह प्रधान सचिव पहुंचे थे, जिसे लेकर आवेदन को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान बेंच ने आंध्र प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा कि पिछली सुनवाई की तारीख पर अनुपालन हलफनामा क्यों दाखिल नहीं किया गया। कोर्ट ने इस मामले में पशु कल्याण विभाग (एनिमल वेलफेयर बोर्ड) को भी वादी बनाए जाने को कहा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस का पचमढ़ी में प्रशिक्षण शिविर

# पटवारी ने जिला अध्यक्षों के साथ पीया दूध, पहाड़ी पर की मॉर्निंग वॉक



पचमढ़ी में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पचमढ़ी में कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे रात में जीतू पटवारी जिला अध्यक्षों के साथ दूध पीने के लिए बाजार में गए। फिर सुबह सभी के साथ पहाड़ी में मॉर्निंग वॉक किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार रात को हिल स्टेशन पचमढ़ी बाजार में पैदल भ्रमण पर निकले। होटल हाइलैंड से मुख्य बाजार तक पटवारी युवक कांग्रेस के साथियों के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद किया और एक दुकान पर गर्मागर्म दूध पीने का आनंद लिया। पटवारी ने एक बच्ची को गोद में उठाकर लाड़-दुलार भी किया। हल्की ठंड के बीच पटवारी ने दूध पीने के अलावा पान, नाश्ते की दुकान और एक बेकरी पर भी पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से संवाद कर उनके हालचाल जाने और एक दुकानदार के गले भी लगे। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, बल्कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पटवारी बोले- यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं, बल्कि कांग्रेस परिवार को नई दिशा देने का प्रयास**



### राहुल और मल्लिकार्जुन खरगे भी आएंगे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी पचमढ़ी पहुंचेंगे। राहुल गांधी 9 या 10 नवंबर को जिला अध्यक्षों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

## जहरीले कफ सीरप मामले में एक और गिरफ्तारी

# मुख्य आरोपी की पत्नी ज्योति सोनी गिरफ्तार



**जहरीला सीरप बेचने व सबूत मिटाने का आरोप**

**भोपाल।** छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरप कोल्ड्रिफ के सेवन से 24 मासूम बच्चों की मौत के सनसनीखेज मामले में एसआईटी ने सोमवार को एक और बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मुख्य आरोपी डॉ. प्रवीण सोनी की फरार चल रही पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की ▶▶ शेष पेज 4 पर

## रामभद्राचार्य ने हिंदू राष्ट्र को लेकर बयान दिया

# 470 सांसद होंगे तभी देश 'हिंदू राष्ट्र' बनेगा



**देश की हिंदू आबादी अस्सी फीसदी होनी चाहिए**

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर में रामगंज पक्का तालाब में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ धाम मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य ने बड़ा बयान दिया है। आज हालात ऐसे हैं कि हमारे बच्चों को अपने वेद, शास्त्र और धर्मग्रंथों के नाम तक नहीं पता जबकि मुस्लिम समुदाय का बच्चा-बच्चा कुरान पढ़ता है। जगतगुरु ▶▶ शेष पेज 4 पर

## जयपुर की सड़क पर 'यमराज' बन गया डंपर

# कार को टक्कर मारने के बाद 17 गाड़ियों से टकराया डंपर, 50 को रौंदा, 14 की मौत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजधानी जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 500 मीटर तक बेकाबू होकर 10 गाड़ियों से टकराया और करीब 50 लोगों को रौंद डाला। इससे मौके पर 14 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घायल हो गए, जिनमें कई गंभीर हैं।

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दोपहर 1 बजे अचानक डंपर का ब्रेक फेल**



डंपर का वीडियो सामने आया

### घायल सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन मलबे में बदल रहे थे

टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे। स्थानीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

## तेलंगाना के रंगारेड्डी में हादसा

# बस-ट्रक की टक्कर में 20 लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी



- पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

जिले में सोमवार को एक टिपर ट्रक और सरकारी बस के बीच हुई टक्कर में 20 लोगों की मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में ट्रक का मलबा बस पर गिरने से दोनों वाहनों के दोनों ड्राइवरों समेत कई यात्रियों ने वहीं दम तोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

## एयर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी की आशंका

# दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे विमान की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ संतनगर

दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया के एक विमान संख्या एआईसी 2487 में तकनीकी ख़राबी आने के कारण राजा भोज एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इस विमान में 172 यात्री थे जो सभी सुरक्षित हैं। सोमवार शाम दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे विमान में पायलट ने कोई तकनीकी ख़राबी महसूस की, जिसके बाद उसे भोपाल हवाई अड्डे पर डायवर्ट कर दिया गया।

यहां राजा भोज एयरपोर्ट पर मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। कुछ मिनट बाद में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करवाई गई। विमान 172 लोगों के साथ राजा भोज एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतरा। सभी परिचालन सामान्य रहे।

**सभी 172 यात्री सुरक्षित**



भोपाल एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई

एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने बताया कि भोपाल हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण, हवाई अड्डा अग्निशमन सेवाओं और एयरलाइनों द्वारा डायवर्ट को तुरंत संभाला गया। परिचालन प्रभावित नहीं हुआ। विमान की जांच के बाद सभी तकनीकी खामियों को दूर करने के बाद विमान को बेंगलुरु जाने के लिए तैयार किया गया।

## यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका: आर्यवीर

**भारत गोल्फ महोत्सव 8 व 9 नवंबर को जबलपुर में**

# 'ग्रीन खेल' के जरिए पर्यावरण चेतना जगाएंगे व स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करेंगे




आर्यवीर आर्या

अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

हरिभूमि चर्चा

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव का जबलपुर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रायपुर में हुआ था और इस गौरवपूर्ण यात्रा का समापन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा। इस महोत्सव का उद्देश्य न केवल गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के साथ, राष्ट्रीय और सामाजिक हितों के लिए काम करना है। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी आर्यवीर आर्या ने 'हरिभूमि' से बातचीत में इस महोत्सव के बहुआयामी ▶▶ शेष पेज 4 पर

» कार्यक्रम का उद्देश्य खेल के माध्यम से राष्ट्र निर्माण

### वीरभूमि पर शौर्य और खेल का संगम

उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 8 और 9 नवंबर को जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन आर्मी क्षेत्र (एप्टा) में किया जाएगा, जो इसे और भी विशेष बनाता है। इस आयोजन के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि, युवा स्क्रीन से निकलकर खेल के मैदान में आएं और शारीरिक गतिविधियों को अपनाएं। आर्या ने बताया कि यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह देश के वीर जवानों के बीच हो रहा है। इस दौरान वीर नारियों का सम्मान कर इस कार्यक्रम को और भी ज्यादा गौरवमय बनाया जाएगा।



### जुनून को सेलिब्रेट करने का आह्वान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने देश भर के खेल प्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे इस महोत्सव से जुड़ें। यह आयोजन सिद्ध करता है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम भी है।

## बाबा महाकाल का अपना एयरपोर्ट बनेगा, उज्जैन को मिल रही है आस्था की नई उड़ान

# उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट, सिंहस्थ 2028 से पहले कार्य पूर्ण करने का टारगेट, एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के आसमान में विकास की उड़ान अब और ऊंची होने जा रही है। बाबा महाकाल की नगरी में बनने वाला एयरपोर्ट उज्जैन को वैश्विक हवाई मानचित्र पर एक नई पहचान देगा। यह एयरपोर्ट राज्य के अंतरराष्ट्रीय गौरव को और बढ़ाएगा। राज्य सरकार विमानन क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ा रही है। एयर कनेक्टिविटी के इस विस्तार से न केवल पर्यटन और व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि प्रदेश का हर नागरिक आसमान से जुड़ने के सपने को साकार होता हुआ देखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अब सच्चे अर्थों में सभी क्षेत्रों में विकास की नई उड़ान भरने वाला भारत का दिल बन रहा है। सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से हवाई चप्पल पहनने वाले व्यक्ति को भी हवाई यात्रा का सुखद अनुभव कराने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही मप्र देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट सहित इंटर स्टेट एवं इन्ट्रा स्टेट एयर सर्विसेज वाले एयरपोर्ट्स भी होंगे। उज्जैन में बनने वाला एयरपोर्ट वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ मेले से पहले पूरी तरह तैयार कर लेने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि देश-विदेश से सिंहस्थ स्नान के लिए आने वाले लाखों-करोड़ों श्रद्धालु आसानी से बाबा महाकाल की नगरी पहुंच सकें।

**सिंहस्थ महाकुंभ से पहले एयरपोर्ट का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**

### दूरस्थ क्षेत्रों को भी राजधानी और प्रमुख शहरों से जोड़ा जा सकेगा


डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री (फाइल)

राज्य सरकार ने सभी जिलों मे एयर स्ट्रिप्स विकसित करने की योजना फलीभूत होने से छोटे विमानों और हेलीकॉप्टर सेवाओं के माध्यम से राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को भी राजधानी और प्रमुख शहरों से जोड़ा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल के आशीर्वाद से ही मप्र विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। उज्जैन में एयरपोर्ट का निर्माण केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि यह प्रदेश की श्रद्धा, सेवा और स्वाभिमान का प्रतीक होगा। राज्य में वैमानिकी सुविधाओं के विस्तार के तहत सभी जिलों में एयर स्ट्रिप्स विकसित करने की योजना बनाई गई है।

### देश का पहला इंट्रा-स्टेट एयर सर्विसेज प्रारंभ करने वाला राज्य

पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा, पीएमश्री हवाई पर्यटन एयरप्लेन सर्विस और पीएमश्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के संचालन से मध्यप्रदेश, देश का पहला इंट्रा-स्टेट एयर सर्विसेज प्रारंभ करने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि उज्जैन का यह एयरपोर्ट न केवल बाबा महाकाल की नगरी को आकाश से जोड़ेगा, बल्कि श्रद्धा, समृद्धि और सुशासन की उड़ान का साक्षी भी बनेगा। अपर मुख्य सचिव विमानन संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि उज्जैन में एयरपोर्ट निर्माण के लिए एमओयू की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी और एविएशन फैसिलिटी बढ़ाने के लिए अगले चरण में कुछ और जिलों में भी एयरपोर्ट बनाने के लिए शासन स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

### उज्जैन में बनने वाला हवाई अड्डा प्रदेश का नौंवा एयरपोर्ट

उज्जैन में बनने वाला हवाई अड्डा प्रदेश का नौंवा एयरपोर्ट होगा। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 तक मप्र में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो में ही एयरपोर्ट थे। वर्ष 2024-25 के दौरान रीवा, दतिया और सतना में नए एयरपोर्ट बनकर तैयार हुए। अब उज्जैन के एयरपोर्ट की घोषणा के साथ ही राज्य में हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर कुल 9 हो जाएगी। उज्जैन का एयरपोर्ट वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ मेले से पूर्व तैयार कर लेने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों को हवाई मार्ग से सीधे बाबा महाकाल की नगरी में उतरने की विशेष सुविधा मिल जाएगी। राज्य सरकार का यह निर्णय उज्जैन को विमानन और पर्यटन के वैश्विक गंतव्य के रूप में भी स्थापित करेगा।

## खबर संक्षेप

### आज भाजपा की एसआईआर पर कार्यशाला

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी की निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में 4 नवंबर को दोपहर 1 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल संबोधित करेंगे।

### बिहार में परिवारवाद पर अंकुश लगाना जरूरीः सांसद शर्मा

**भोपाल**। भारतीय जनता पार्टी के भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने सोमवार को बिहार के दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी डॉ. रामचंद्र प्रसाद के समर्थन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान सांसद शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता में विधानसभा चुनाव को लेकर भारी उत्साह है। यहां की जनता ने एनडीए गठबंधन की सरकार में विकास और जनकल्याण के कार्यों को देखा है। नीतीश कुमार ने बिहार में विकास के बड़े बड़े काम भी शुरू किए हैं और बिहार से जंगलराज भी खत्म किया है। हमें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि परिवारवाद की बेल बिहार में फिर से न पनप पाए। बिहार विकास की दौड़ में भारत का एक नंबर का राज्य बने इसलिए फिर एक बार एनडीए गठबंधन की सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता में उत्साह है फिर से यहां एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। श्री आलोक शर्मा ने एनडीए प्रत्याशी डॉ. रामचन्द्र प्रसाद को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील भी की। शर्मा ने दरभंगा जिले की हायाघाट विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों में बूथ अध्यक्षों और पोलिंग एजेंट और रिलीवर एजेंट्स के सम्मेलनों को संबोधित किया।

### एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को विश्वसनीय बनानाः यति

**भोपाल**। भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति की अध्यक्षता में सोमवार को निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह के निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक को जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने संबोधित किया। बैठक का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशोक सैनी ने किया एवं आभार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा घाडगे ने माना। यति ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक विशाल लोकतंत्र है, जहां मतदाता सूची में त्रुटि होने पर लोकतंत्र में शामिल नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्रभावित हो सकता है। इसको लेकर एसआईआर का आदेश जारी किया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह से विश्वसनीय बनाना है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पुराने रिकॉर्ड की समीक्षा, नामों का सत्यापन, नए मतदाताओं का समावेश, तथा मृत, स्थानांतरित एवं दोहरे नामों को हटाना शामिल है। यति ने बताया कि 2028 के विधानसभा चुनाव में मध्य विधानसभा क्षेत्र में अथक परिश्रम कर हमें जीत दिलानी है।

## विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करने का बना माध्यम

# प्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ किए जा रहे हैं विकास के तीव्र प्रयासः सीएम


डॉ मोहन यादव, मुख्यमंत्री (फाइल)

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के तीव्र प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार मध्यप्रदेश विरासत के संरक्षण में आगे है। विकास के अनूठे कदम उठाए गए हैं। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन हमारी समृद्ध विरासत और गौरवशाली इतिहास को प्रस्तुत करने का माध्यम बना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक नगरी है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की। बाबा महाकाल की कृपा उज्जैन पर है। सम्राट विक्रमादित्य ने कलयुग में भी सतयुग जैसा और भगवान श्री राम की तरह शासन किया। ज्ञान, न्याय, दानशीलता, शौर्य के गुणों से उन्हें महान शासक की संज्ञा मिली। उन्होंने विक्रम संवत को प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 वर्ष में प्रदेश के विकास के लिए अनूठे कदम उठाए गए हैं। मात्र डेढ़ वर्ष की अवधि में राज्य में 18 मेडिकल कॉलेज खुले हैं। आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोलने में मध्यप्रदेश में सबसे आगे है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज भी प्रदेश के एक प्रतापी शासक थे। उनका शासन काल सम्राट विक्रमादित्य से लगभग 1000 साल बाद का रहा। भोपाल में स्थित विशाल सरोवर भोजताल कहलाता है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की खूबियों को नाटक के माध्यम से मंच पर लाने का कार्य करीब दो दशक से चल रहा है। भोपाल के निवासियों को पहली बार यह प्रस्तुति देखने को मिली है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सांस्कृतिक जगत में दिए जा रहे निर्देशन की सराहना की।

### सीएम से उप्र सरकार के मंत्री गुप्ता ने की भेंट


उप्र के मंत्री से चर्चारत सीएम डॉ यादव

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार श्री नन्द गोपाल गुप्ता के साथ बैठक की।
- मप्र में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में उत्तरप्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने मंत्री (उप्र) गुप्ता सहित मध्यप्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मप्र में औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को उत्तरप्रदेश सरकार की औद्योगिक विकास से जुड़े कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण नीति का अध्ययन करने और मध्यप्रदेश में भी उसका अनुपालन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश के उद्योग मंत्री गुप्ता को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा तैयार की गई 18 प्रकार की नई औद्योगिक नीतियों की प्रतियां भी भेंट की।

### राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने राजभवन में सौजन्य भेंट की

**मुख्यमंत्री ने भेंट किया प्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट**

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भेंट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल का पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार का विजन डॉक्यूमेंट समृद्ध मध्यप्रदेश <\@> 2047 की प्रति भेंट की। साथ ही प्रदेश के विकास संबंधी विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

## संसदीय कार्य विभाग का आदेश विधायकों के पास भेजा

# 15 लाख के कार लोन पर देना होगा सिर्फ 4% ब्याज- ब्याज अनुदान से लिया वाहन क्षतिग्रस्त, दूसरी बार भी योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश के किसी विधायक द्वारा राज्य सरकार के ब्याज अनुदान योजना का लाभ उठाकर लिया गया वाहन क्षतिग्रस्त हो जाता है तो वह अब तत्काल दूसरा वाहन ब्याज अनुदान पर ले सकेंगे लेकिन इसमें उन्हें पूर्व में जितनी अवधि तक ब्याज अनुदान का लाभ ले लिया है बाकी शेष अवधि के लिए ही ब्याज अनुदान मिलेगा।

संसदीय कार्य विभाग ने विधानसभा सचिवालय को नये प्रावधान की जानकारी भेजते हुए विधायकों से इसके लिए आवेदन आमंत्रित करने को कहा है। राज्य सरकार अभी विधायकों को पांच साल की अवधि के लिए वाहन खरीदने पर ब्याज अनुदान देती है। तीस लाख रुपए तक के वाहन ऋण पर राज्य सरकार की ओर से विधायकों को ब्याज अनुदान का लाभ दिया जाता है। यदि ब्याज अनुदान योजना का लाभ लेकर विधायक ने कोई वाहन खरीदा है और वह क्षतिग्रस्त हो गया है या अनुपयोगी हो गया है और ब्याज अनुदान की अवधि समाप्त नहीं हुई है तो विधायक ब्याज अनुदान की बाकी अवधि में दूसरा नया वाहन खरीद सकता है और इस पर भी बाकी अवधि के लिए ब्याज अनुदान की भरपाई राज्य सरकार करेगी। लेकिन इसके लिए विधायक को पूर्व में लिए गए वाहन ऋण की शेष राशि को ब्याज सहित भुगतान बैंक को करना होगा। इसके बाद वह दूसरे वाहन की खरीदी के लिए अनुदान की शेष अवधि के लिए कर्ज ले सकेंगे।

### 30 लाख तक वाहन ऋण पर 2% ब्याज

इस योजना में पंद्रह लाख रुपए तक के वाहन ऋण पर चार प्रतिशत ब्याज राशि विधायक वहन करेगा शेष ब्याज की राशि शासन अनुदान के रूप में देगा। पंद्रह लाख से अधिक तीस लाख तक वाहन ऋण पर दो प्रतिशत ब्याज अनुदान शासन द्वारा अनुदान के रुप में दिया जाएगा। ब्याज अनुदान का लाभ केवल पांच वर्षों तक ही दिया जाएगा। संसदीय कार्य विभाग की सूचना आने के बाद विधानसभा सचिवालय ने सभी विधायकों को नये प्रावधान की सूचना देते हुए जरुरत के मुताबिक दूसरे वाहन के लिए वाहन ऋण लेने और ब्याज अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने को कहा है।

## सरकारी खरीदी से पीछे हटने के फैसले पर कांग्रेस हमलावर

# धान-गेहूं की खरीदी को लेकर पीसीसी चीफ और नेता प्रतिपक्ष बोले- किसानों से सरकार कर रही धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धान और गेहूं की खरीदी से राज्य सरकार के पीछे हटने पर मध्यप्रदेश में सियासी तूफान उठ गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर किसानों से धोखा करने का आरोप लगाते हुए तत्काल खरीदी शुरू करने की मांग की है। धान और गेहूं की खरीदी को लेकर सियासत गरमा गई है। राज्य सरकार द्वारा सरकारी खरीदी से पीछे हटने के फैसले पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर किसानों के साथ विश्वासघात और आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों को उनके हाल पर छोड़ रही है।


जीतू पटवारी एवं उमंग सिंघार (फाइल)

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार अब धान और गेहूं की खरीदी नहीं करेगी और अपनी जिम्मेदारी केंद्र के पाले में डाल रही है। सरकार कहती है कि हमारे पास पैसे नहीं हैं, लेकिन बड़े-बड़े आयोजनों और विज्ञापनों पर करोड़ों रुपए खर्च हो जाते हैं। उस वक्त आपको कर्ज याद नहीं आता।

### भाजपा सरकार ने किसानों से मुंह मोड़ा

पटवारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब राज्य सरकार धान और गेहूं की खरीदी नहीं करेगी और इसकी जिम्मेदारी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पर डाल दी जाएगी। जब एफसीआई खरीदी करेगा तो गुणवत्ता मानक के नाम पर लाखों क्विंटल धान और गेहूं रिजेक्ट किए जाएंगे। इससे किसानों को मजबूर होकर अपनी फसल औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचना पड़ेगा। पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार हर बार किसानों से झूठे वादे करती रही है।

# बाघों को स्थानांतरित करने से पहले छग राजस्थान और ओडिशा भेजी जाएगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश वन विभाग अब देश के तीन राज्यों राजस्थान, ओडिशा और छत्तीसगढ़ को बाघ देने से पहले ग्राउंड लेवल अध्ययन (मैदान सर्वे) करवाएगा। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि एमपी से कम से कम 11 बाघों को अन्य राज्यों में स्थानांतरित करने की योजना पर काम चल रहा है। विभाग के अनुसार, यह कदम किसी भी संभावित हादसे या असफल टाइगर ट्रांसलोकेशन की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाया गया है।

इसके लिए विशेष दल बनाकर राजस्थान, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भेजे जाएंगे, जो वहां के रिलीज साइट्स की सुरक्षा, शिकार आधार, आवासीय स्थिति और पर्यावरणीय तैयारी की विस्तृत जांच करेंगे। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि टीमें तीनों राज्यों में जाकर जमीनी स्तर पर अध्ययन करेंगी।

### स्थानांतरण 15 के बाद ही किया जाएगा

वन विभाग के अनुसार, सतकोसिया वन्यजीव अभयारण्य में हुए असफल ट्रांसलोकेशन के अनुभव को ध्यान में रखते हुए अब पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ा जा रहा है। वर्ष 2018 में कान्हा से सतकोसिया भेजे गए एक बाघ की मौत और एक बाघिन सुंदरी को सुरक्षा कारणों से वापस लाना पड़ा था। विभागीय सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में मौसम की स्थिति ट्रांसलोकेशन के लिए अनुकूल नहीं है। लगातार वर्षा के कारण विभाग ने निर्णय लिया है कि बाघों का स्थानांतरण 15 नवंबर के बाद ही किया जाएगा, जब सर्दी की शुरुआत के साथ मौसम स्थिर होगा।

## संगोष्ठी निरामय 3.0 में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष

# आयुर्वेद भारतीय संस्कृति और हमारे जीवन में स्वाभाविक रूप से रचा बसा हुआ है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय संस्कृति और हमारे जीवन में स्वाभाविक रूप से रचा बसा हुआ है। लेकिन कई बार समय के बदलाव में हम अपनी मूल्यवान क्षमता को भूलने लगते हैं और नए विचारों को अपनाने लगते हैं। इससे आकृति तो बनती नहीं है लेकिन विकृति बढ़ने लगती है। तोमर सोमवार को राजधानी में रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से' डिजीटल युग के लिए आयुर्वेदः एकीकरण, नवाचार और वैश्विक प्रसंगिता' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### आयुर्वेद को हमारे यहां चिकित्सा पद्धति में दूसरे स्थान पर रखा गया

तोमर ने कहा कि आयुर्वेद को जितना सम्मान और स्थान मिलना चाहिए था, उसके लिए पूर्व में अपेक्षित कार्य नहीं किया गया और आयुर्वेद को हमारे यहां चिकित्सा पद्धति में दूसरे स्थान पर रखा गया। किंतु वर्तमान में भारत सरकार और प्रदेश सरकार की ओर से गंभीरता से ध्यान दिया गया है। इसके प्रचार प्रसार की दिशा में भी कार्य किया गया है। यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार आयुर्वेद के उत्थान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## मेहरा के बेटे का कारोबार गुजरात-राजस्थान में, 2019-20 में 5 से 25 करोड़ के स्लैब में ली गई जीएसटी

# पूर्व ईएनसी मेहरा के बेटे की तनिष्क इलेक्ट्रिकल्स और वेरोनिका फूड्स की जांच कर रहा लोकायुक्त ग्राम पंचायत को भी थमाया गया नोटिस, पूछा- मेहरा के फॉर्म हाउस की अनुमतियां कब-कब दी गईं?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड इंजीनियर इन चीफ (ईएनसी) गोविंद प्रसाद मेहरा (जीपी मेहरा) के यहां 9 अक्टूबर को मप्र लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना (एसपीई) ने छापा मारा था। छापे के दौरान बरामद कागजों की छानबीन की जा रही है। जब्त कागजों से कई राज खुल रहे हैं। पता चला है कि मेहरा के बेटे रोहित का कारोबार मप्र के अलावा गुजरात राजस्थान में भी है।

तनिष्क इलेक्ट्रिकल्स, रोहित की प्रोपराइटर फर्म है, जिसका जुलाई 2017 से भोपाल में रजिस्ट्रेशन है। इसे वित्तीय वर्ष 2019-20 में 5 से 25 करोड़ की स्लेब में जीएसटी लिया गया। तनिष्क इलेक्ट्रिकल्स, राजस्थान में अक्टूबर, 2019 में और जनवरी, 2021 में गुजरात (वड़ोदरा) में भी रजिस्टर्ड है। वहीं, वेरोनिका फूड्स फर्म अगस्त, 2022 में रजिस्टर्ड करवाई गई। इसके टाइटल पर भोपाल के मिनाल क्षेत्र में टब्बर बार एंड रेस्ट्रो संचालित होता है। साथ ही नागपुर की साखी कंस्ट्रक्शन और रोहित की केटी इंडस्ट्रीज के ट्रांजेक्शन की भी छानबीन लोकायुक्त कर रहा है। लोकायुक्त को जानकारी हाथ लगी है कि मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारी, जीपी मेहरा और नागपुर की साखी कंस्ट्रक्शन ने आरडीसी में इलेक्ट्रिकल्स के काम में बिजली विभाग के जरिए एकाधिकार जैसा काम किया। मेहरा के बेटे और कैलाश नारायण नायक की केटी इंडस्ट्रीज, केकेएफ कस्तुरी कृषि फॉर्म पहले से ही जांच के दायरे में है। अब मेहरा के बेटे के अन्य प्रतिष्ठान भी जांच में लिए गए हैं।

### ग्राम पंचायत को लोकायुक्त ने दिया नोटिस

लोकायुक्त एसपीई ने एक प्रश्नावली तैयार की है। इसके आधार पर बयान लिए जाएंगे। मेहरा को 27 अक्टूबर को बयान दर्ज करने लोकायुक्त ने बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। मेहरा ने समय मांगा है। इधर, लोकायुक्त एसपीई ने ग्राम पंचायत पाला देवरी के ग्राम सैनी और पंचायत सेमरी हरचंद के सरपंच-सचिव को नोटिस देकर तलब किया है। पंचायत से पूछा है कि मेहरा के फॉर्म हाउस पर 39 कॉटेज, वेलनेस सेंटर, रिसोर्ट भवन, तालाब, मछली पालन केंद्र, स्थाई अस्थाई निर्माण और फॉर्म हाउस परिसर में बनाए गए 1.305 किमी सीसी रोड की अनुमतियां कब-कब दी अनुमतियां नहीं दी तो पंचायत ने क्या कार्रवाही की।


गोविंद प्रसाद मेहरा

### ब्लैक से व्हाइट के खेल की भी जांच

लोकायुक्त यह पता लगा रहा है कि इन प्रतिष्ठानों के जरिए कालेधन को सफेद तो नहीं किया गया है। इन फर्मों पर जीएसटी की भी नजर है। लोकायुक्त एसपीई ने 17 टन शहद की गुणवत्ता, उत्पादन, कारोबार, क्रय- विक्रय की छानबीन के लिए नर्मदापुरम कलेक्टर को पत्र लिखा है इसकी छानबीन खाद्य विभाग से करवाई जाएगी।

### संपत्तिकर की वसूली हुई अथवा नहीं

जिन वर्षों में यदि पंचायत ने अनुमतियां दी होंगी तो उस वर्ष की निर्माण लागत के हिसाब से निवेश की गणना की जाएगी, जिसमें लोहा, सीमेंट, बिल्डिंग मटेरियल, अन्य लक्जरी सामग्री, मजदूरी आदि जोड़ा जाएगा। जांच में फॉर्म हाउस की मल्टीलेवल गौशाला, पॉली हाउस के लिए यदि हॉर्टिकल्चर विभाग से मदद ली तो उसकी भी छानबीन की जा रही।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 4 नवंबर 2025

9 ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साइबर जालसाजों...



12 भारत का जुड़ाव संतों से, इसलिए संकट में नहीं...





बेहाल पब्लिक ट्रांसपोर्ट को ट्रैक पर लाने की तैयारी

# 22 किमी लंबे रूट पर पहले दिन चलीं 15 सीएनजी बसें, 2 हजार से ज्यादा यात्रियों ने किया सफर

## बीसीएलएल ने टीआर-4 रूट पर 15 सीएनजी बसों का संचालन शुरू किया, बसों की चरणबद्ध संख्या और रूट बढ़ाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के लोगों को एक साल से ज्यादा समय बीतने के बाद आखिरकार एक स्थान से दूसरे स्थान तक आवाजाही के लिए बसों की सुविधा मिलना शुरू हो गई है।

बीसीएलएल ने सोमवार को टीआर-4 रूट पर 15 सीएनजी बसों का संचालन शुरू कर दिया। एम्स अस्पताल से चिरायु अस्पताल तक 22 किमी से लंबी दूरी के रूट पर पहले दिन दो हजार से ज्यादा यात्री अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचे, जिससे वे बेहद खुश नजर आए।

1. एम्स से चिरायु अस्पताल तक 22 किमी के लंबी दूरी के रूट पर सुविधा प्रारंभ
2. 12 साल पहले 368 बसें शहर में चलती थीं, अब इनकी संख्या घटकर 60 रह गई
3. राजधानी में 16 सीएनजी बसें सोमवार से चलनी थी, एक को किया गया रद्द



टीआर-4 रूट पर सीएनजी बस का संचालन शुरू होने से लोगों को राहत मिली।

वर्तमान में शहर में अलग-अलग रूटों पर 60 बसें चल रही हैं। नई बसों के संचालन से इनकी संख्या बढकर 75 हो गई है। हालांकि 195 बसों का संचालन होना है, जो दिसंबर-जनवरी माह तक चल सकेंगी। 12 साल पहले 368 बसें शहर में चलती थीं और इनसे रोजाना सवा लाख लोग यात्रा करते थे। इनके बंद होने से बसों के संचालन की संख्या घटकर 60 रह गई थी।

### शहर की सीमा से लगे हर एक क्षेत्र को जोड़ने की तैयारी

नगर निगम में एमआईसी मनोज राठौर ने बताया कि बसों के संचालन के लिए रूट इस तरह तय होंगे कि शहर की सीमा से लगे हर एक क्षेत्र का जुड़ाव हो। बैरसिया रोड, रायसेन रोड, कोलार के ऐसे क्षेत्र जहां तेजी से कॉलोनियां विकसित हो रही हैं, वहां के रहवासियों को परिवहन की सुविधा मिले, इसका ध्यान रखा जा रहा है।

### जल्द ही अन्य रूटों पर भी बसें चलाने की तैयारी

सोमवार से टीआर-4 रूट पर बसों का संचालन शुरू किया गया है। जल्द ही अन्य रूटों पर भी बसें चलाने की तैयारी चल रही है।

रोहित यादव, एडमिन मैनेजर, बीसीएलएल

## खबर संक्षेप

### आधा सार्थक एप से आधा फेस अटेंडेंस से वेतन देंगे

**भोपाल।** नगर निगम के 16 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की अक्टूबर माह के वेतन पर मंडरा रहा संकट अब टल गया है। फेस अटेंडेंस सिस्टम में आ रही तकनीकी दिक्कतों के कारण कर्मचारियों का वेतन अटकने या कटने की संभावना बन रही थी, लेकिन नगर निगम आयुक्त ने इसका व्यावहारिक समाधान निकाल लिया है। अब निगम कर्मचारियों की आधी तनख्वाह पुराने 'सार्थक एप' से और आधी तनख्वाह नए 'फेस अटेंडेंस सिस्टम' से तैयार की जाएगी। निगम आयुक्त ने इस संबंध में आईटी सेल को आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं।

### स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की हुई बैठक

**भोपाल।** भोपाल स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में हुई। इसमें शहर में स्मार्ट सिटी के चल रहे प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कामों के संबंध में चर्चा की गई। जो नए काम होना हैं उनकी टेंडर प्रक्रिया को लेकर टाइम लाइन तय करने और नए कामों पर विचार किया गया गया। बैठक में स्मार्ट सिटी के रूटीन कामों पर अधिक फोकस किया गया ताकि उनका संचालन बेहतर हो सके। बैठक में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के अलावा बोर्ड के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण की ली शपथ

**भोपाल।** राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के लिए शपथ ग्रहण की। इस दौरान संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. सुनील कुमार, प्रशिक्षण एवं नियुक्ति अधिकारी तथा जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अजय श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई।

भोपाल रेलवे स्टेशन के पास गुस्साई भीड़ ने कार पर किया पथराव

# नशे में चालक ने कार से युवक को मारी टक्कर, भागने के चक्कर में तीन को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित भोपाल छह नंबर रेलवे स्टेशन के बाहर सफेद रंग की कार ने चार लोगों को टक्कर मार दी। घटना सोमवार रात करीब आठ बजे के आसपास की है। दरअसल, एक व्यक्ति को टक्कर मारने के बाद कार सवार ने कार लेकर भागने का प्रयास किया था।

भीड़भाड़ होने के कारण तीन अन्य लोग कार की चपेट में आ गए। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। सभी को पैर में चोट हैं। हादसे से गुस्साई भीड़ ने कार में तोड़फोड़ कर दी। कार में मौजूद ड्राइवर शराब के नशे में धुत था और आईटीबीपी का कांस्टेबल बताया जा रहा है। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है। उसे मेडिकल के लिए भेजा गया है। साथ ही घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

*शुक्र है, टक्कर से चार युवकों को आई मामूली चोट*

*आईटीबीपी का सिपाही कर रहा था कार को ड्राइव*



घटना में क्षतिग्रस्त हुई कार

### सड़क से गुजर रहा था युवक

पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे अल्पना तिराहा की तरफ से प्लेटफार्म नंबर-छह की तरफ जा रही सफेद रंग की कार ने सड़क से गुजर रहे एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक ने कार की रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया और रास्ते में तीन अन्य लोगों को टक्कर मारी। इस हादसे में चार लोग घायल हुए हैं।

### कार में सहमा बैठा रहा ड्राइवर, पुलिस ने बाहर निकालकर मेडिकल के लिए भेजा

*टक्कर मारने के बाद आगे जाकर उसे भागने की जगह नहीं मिली तो रुक गया। भीड़ ने रुकते ही कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। हंगाम होता देख ट्रैफिक का एक जवान मौके पर पहुंचा और उसने लोगों को समझाइश दी। इसी बीच मंगलवारा पुलिस भी पहुंच गई थी। हादसे के बाद भीड़ से डरा सहमा ड्राइवर कार में बैठा रहा। पुलिस ने उसे कार से बाहर निकाला और मेडिकल के लिए लेकर अस्पताल पहुंची। मंगलवारा थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि कार चला रहे युवक की पहचान राजेंद्र सिंह पिता जगदीश सिंह (40) कान्हासइया, बिलखिरिया के रूप में की गई है। वह आईटीबीपी में सिपाही है और किसी परिचित को लेकर भोपाल रेलवे स्टेशन आया था, तभी उससे हादसा हो गया।*

# आज से घर-घर दस्तक देंगे बीएलओ, दो कॉपी में फोटो प्रिंटेड गणना पत्रक मिलेगा

## वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में दर्ज जानकारी भरना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार में 68 लाख वोटर्स के नाम काटने के बाद प्रदेश में मंगलवार से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) शुरु हो रहा है। जिसके तहत भोपाल जिले की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभाओं के 2029 बीएलओ जिले के 21 लाख 25 हजार 683 मतदाताओं के घर दस्तक देकर उन्हें दो कॉपी में गणना पत्रक देंगे, जिसमें वर्तमान वोटर लिस्ट में दर्ज रिकार्ड पहले से प्रिंट होगा। मतदाता को वर्ष-2003 में दर्ज वोटर लिस्ट का रिकार्ड इस फार्म में दर्ज करना पड़ेगा। अगर नाम नहीं है, तो वह पिता, दादा, चाचा और ताऊ का नाम दर्ज कर सकेंगे। फार्म पर एक कलर फोटो भी चस्पा करना पड़ेगा।

सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सभी विस क्षेत्र के एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाईजर्स को मंगलवार से गणना पत्रक बांटने का काम शुरु करने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने साफ कहा कि अगर कोई भी बीएलओ या अन्य अधिकारी एसआईआर के काम में लापरवाही करते हुए मिला, तो उसे सस्पेंड किया जाएगा।

### 4 दिसंबर तक दे सकेंगे गणना पत्रक



फाइल फोटो

मंगलवार से गणना पत्रक बांटने का काम शुरु होने के दौरान अगर कोई मतदाता तुरंत ही जानकारी भरकर फार्म वापस करना चाहेगा, तो बीएलओ उसे ले लेगा। अगर कोई जानकारी जुटाकर देना चाहेगा, तो वह चार दिसंबर तक जानकारी भरकर दे सकता है।

### टेबल एक्सरसाइज में पिछड़ने से बढ़ी दिक्कत

पिछले एक महीने में बीएलओ ने टेबल टॉप एक्सरसाइज नहीं की, जिससे भोपाल में एसआईआर शुरु होने के पहले की तैयारी अधूरी रह गई। अब बीएलओ को एक-एक घर से जानकारी जुटाना पड़ेगी।

### निगम ने वार्ड दफ्तर में बनाई हेल्पडेस्क

*उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि नगर निगम के सभी वार्ड दफ्तरों में एसआईआर को लेकर हेल्प डेस्क बनाई गई हैं, जहां वोटर्स जानकारी वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट सहित नाम जुड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। हेल्प डेस्क पर बताया जाएगा कि गणना पत्रक भरने के साथ कोई भी दस्तावेज नहीं दिया जाएगा। बीएलओ ब्लड रिलेशन की पुष्टि के लिए दस्तावेज मांग सकता है।*

### पुरानी वोटर लिस्ट में नाम खोजना टेढ़ी खीर

*आयोग ने वर्तमान वोटर लिस्ट के लिए अपनी वेबसाइट पर सर्च इंजन दिया है, जिससे मतदाता अपने वोटर कार्ड का इपिक नंबर डालकर मतदान केंद्र और विधानसभा का पता लगा सकता है, लेकिन वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में सर्च इंजन नहीं है, जिससे मतदाता और बीएलओ को एक-एक नाम तलाश करने में दिक्कत होगी। दरअसल पिछले 22 साल में मतदाताओं की विधानसभा के साथ विधानसभा और मतदान केंद्र भी बदल गए हैं।*

# दुकान की आड़ में चल रहा था गैस रिफलिंग सेंटर, 58 सिलेंडर जब्त

## खाद्य विभाग के अमले ने माता मंदिर और कोलार में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य विभाग के अमले ने सोमवार को दो रिफलिंग सेंटरों पर दबिश दी। टीम जब माता मंदिर स्थित श्याम मंदिर के पास पहुंची, तो वहां पर दुकान के अंदर रिफलिंग की जा रही थी। टीम ने यहां से 52 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने बताया कि माता मंदिर चौराहा के पास श्याम मंदिर की दुकान की आड़ में अवैध रिफिलिंग केंद्र चलाया जा रहा था। यहां कार्रवाई के दौरान ऑटो में गैस रिफिलिंग करते हुए पकड़ा गया। अमले ने एक ऑटो 52 घरेलू सिलेंडर जब्त किए हैं। साथ ही दो नग गैस अंतरण मशीन, तीन नग इलेक्ट्रानिक तौल कांटे और 250 नग प्लास्टिक कैप बरामद किए हैं। अमले ने दुकान संचालक विजय नाईक और मोईन खान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इधर अमले ने बंजारी चौक कोलार रोड स्थित मेसर्स शिव साई ट्रेडर्स की दुकान से छह नग घरेलू गैस सिलेंडर खाली, एक नग व्यवसायिक प्रवर्ग गैस सिलेंडरा भरा, दो लोकल कंपनी के छोटे गैस सिलेंडर खाली, 19 नग गैस अंतरण बंसी के बरामद किए हैं।



खाद्य विभाग के अमले ने रिफलिंग सेंटर से घरेलु गैस के सिलेंडर बरामद किए।

व्यापारी मोबाइल पर देख सकेंगे लोकेशन

# अब मालगाड़ी भी चलेगी समय व विशेष नंबर से, सामान भेजना होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब व्यापारियों के लिए मालगाड़ी से सामान भेजना और मंगाना आसान हो जाएगा। दरअसल व्यापारियों को भी यात्रियों ट्रेनों की तरह व्यापारी भी गाड़ियों की लाइव लोकेशन देख सकेंगे। जिसमें गाड़ी कहां चल रही है, कितनी देरी से चल रही है, किस स्टेशन पर कब पहुंचेगी, यह जानकारी मोबाइल पर मिल जाएगी। इससे समय बचेगा। इसके लिए रेलवे की मालगाड़ियों की लाइव लोकेशन के लिए मोबाइल एप जारी करने की योजना है।

पहले चरण में पमरे जोन की करीब 16 मालगाड़ियों का समय तय किया जा रहा है। यह एक विशेष नंबर से चल सकेगी। इससे भोपाल रेल मंडल सहित देशभर के लाखों व्यापारियों को लाभ मिल सकेगा। रेलवे ने निर्धारित टाइम टेबल वाली मालगाड़ी के साथ ही सामान्य मालगाड़ी की जानकारी भी माल भेजने वालों को उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। ट्रेन की तर्ज पर मालगाड़ी के इंजन में भी ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा। यह सिस्टम रेलवे के मुख्य सर्वर से जुड़ा होगा। एप द्वारा मालगाड़ी की जानकारी देने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मालगाड़ी का नंबर अलग होता है। जिसका नंबर डाल कर व्यापारी इस एप पर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उम्मीद है नए साल तक एप जारी किया जा सकेगा।

5 डिग्री तक पारा गिरने की संभावना

# राजधानी में आज बादल-बारिश कल के बाद सर्दी बढ़ने के आसार



स्थान: निशातपुरा
समय: शाम 5.30 बजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के दक्षिणी और मध्य हिस्से के कुछ जिलों में मंगलवार को बादल, बारिश का दौर रहेगा। यह क्रम बुधवार तक भी रह सकता है। इसके बाद हवाएं बदलने और हवा में नमी से सर्दी में इजाफा होगा। रात के पारे में 6 से 10 नवंबर के बीच 5 से 8 डिग्री तक कमी आने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अरब सागर में बने सकुर्लेशन का असर महाराष्ट्र के सौराष्ट्र तक होने के साथ पश्चिमी विक्षोभ के असर से अभी दक्षिणी मप्र से लेकर प्रदेश के मध्य हिस्से तक नमी बढ़ी है। इससे मंगलवार से बुधवार के बीच भोपाल सहित कुछ जिलों में बारिश होगी। इसके बाद सर्दी बढ़ेगी।

## महापौर हेल्पलाइन में 1500 से ज्यादा और सीएम हेल्प लाइन में 2000 से ज्यादा दर्ज होती हैं शिकायतें

# कचरा नहीं उठाने, सफाई के बाद वहीं ढेर लगाने की हर माह एक हजार से ज्यादा शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन सिस्टम को निगम प्रशासन लगातार मजबूत करने के लिए कदम तो उठा रहा है, लेकिन सीएम हेल्पलाइन और महापौर हेल्पलाइन पर केवल साफ-सफाई और कचरे का ढेर लगे होने की हर माह एक हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज हो रही हैं। जबकि अन्य विभागों की कुल शिकायतों का आंकड़ा महापौर हेल्पलाइन में 1500 से ज्यादा और सीएम हेल्पलाइन में 2000 से ज्यादा हर माह का है। निगम को मिलने वाली कुल शिकायतों का 50 फीसदी जबकि सफाई और कचरे के ढेर को लेकर 98 फीसदी निराकरण का दावा रहता है। दर्ज होने वाली शिकायतों को शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद बंद किया जाता है।

महापौर हेल्पलाइन में एक माह में 1600 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं हैं, जिनमें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 122 थीं। अन्य अलग-अलग विभागों की थीं। सीएम हेल्पलाइन में एक माह में 2077 शिकायतें स्वास्थ्य विभाग से सबंधित थीं जिनमें से 1640 का निराकरण किया जा चुका है, अन्य प्रक्रिया में हैं।

### सबसे अधिक दिक्कत कचरे के ढेर नहीं उठवाने को लेकर

दर्ज शिकायतों पर निगम का अमला तेजी से कार्रवाई तो करता है, लेकिन अक्सर खुद सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाकर घरों के सामने या आसपास ही ढेर लगा देते हैं और उसे उठवाते नहीं हैं। इसके कारण विवाद होता है। इस तरह की शिकायतें अधिक रहती हैं। इसी के चलते लोगों और सफाई कर्मियों के बीच विवाद होता है। बीते दिनों ईदगाह हिल्स क्षेत्र में कचरा नहीं उठवाने की बात कहने पर मारपीट हुई।

### समय-समय पर समीक्षा हो रही

हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई होती है। सिस्टम की मॉनिटरिंग अधिकारियों के अलावा वे खुद करती हैं। हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायतों और निराकरण की समय-समय पर समीक्षा भी हो रही है। व्यवस्था पर नजर रखने औचक निरीक्षण भी किए हैं।

मालती राय, महापौर

### आयुक्त जैन ने आदमपुर खंती का किया निरीक्षण

रायसेन रोड स्थत आदमपुर खंती क्षेत्र में सोमवार को निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने यहां कचरा प्रोसेसिंग यूनिट सहित अन्य संयंत्रों का निरीक्षण किया और फ्रेश एवं लेगसी कचरे को अलग-अलग जगह रखने के लिए जगह तय करने और बेहतर ढंग से कचरे का निष्पादन करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनटीपीसी के संयंत्र में एक यूनिट का संचालन जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए।

## लेगसी एवं फ्रेश कचरे को अलग-अलग जगह रखने की व्यवस्था बनाएं: आयुक्त संस्कृति

### व्यवस्थित संचालन के लिए श्रमिक संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए



आदमपुर खंती में निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने निर्देश दिए।

संस्कृति ने खंती क्षेत्र में एकत्र लेगसी कचरे व फ्रेश कचरे की प्रोसेसिंग, रोजाना खंती में आने वाले कचरे की मात्रा सहित अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी अन्य संयंत्रों व उनकी कार्य पद्धति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने एमआरएफ के व्यवस्थित संचालन के लिए श्रमिक संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। आदमपुर में एनटीपीसी द्वारा स्थापित किए जा रहे टोरेफाईड चारकोल संयंत्र का निरीक्षण किया और संयंत्र की वर्तमान कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने एनटीपीसी संयंत्र की एक यूनिट का संचालन जल्द शुरू करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, प्रभारी मुख्य अभियंता उदित गर्ग आदि मौजूद थे।



## जैकेट का शेष...

### धार के धामनोद के बेटे...

**सीए फाउंडेशन:ओवरऑल पास प्रतिशत 14.78 प्रतिशत:** सीए फाउंडेशन सितंबर 2025 परीक्षा में कुल 98,827 उम्मीदवार शामिल हुए थे, जिनमें से 14,609 पास हुए, ओवरऑल पास प्रतिशत 14.78 प्रतिशत रहा। सीए एग्जाम देने वाले 51,120 पुरुषों में से 8,046 (15.74%) पास हुए हैं। वहीं, 47,707 महिला उम्मीदवारों में से 6,563 (13.76%) पास हुई हैं। सितंबर सत्र में 2.5 लाख से ज्यादा उम्मीदवार शामिल हुए थे।

### धामनोद के लिए गर्व...

यह उपलब्धि पूरे नगर के लिए गर्व का क्षण है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं। घर पर बधाइयों का तांता लग गया.. रिश्तेदारों, शिक्षकों और नगरवासियों ने मुकुंद को फूलों से लाद दिया। मुकुंद ने बताया कि उनके पिता का सपना था कि बेटा चार्टर्ड अकाउंटेंट बने। उन्होंने उस सपने को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत की। पहले सीए इंटर परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 24वीं रैंक प्राप्त की थी और अब फाइनल परीक्षा में देश में प्रथम स्थान हासिल कर दिखाया कि मेहनत और लगन से कुछ भी संभव है। मुकुंद ने बताया कि.. प्रतिभा केवल बड़े शहरों में नहीं, छोटे कस्बों में भी होती है। अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मन लगाकर मेहनत की जाए, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि वे आगे चलकर पहले अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं और फिर अपने ही शहर धामनोद में नई दिशा में कार्य शुरू करने की योजना है।

मुकुंद ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गुरुकुल स्कूल धामनोद से प्राप्त की थी। 10वीं में 95% और 12वीं में 96% अंकों के साथ वे हमेशा टॉपर रहे। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे धामनोद नगर में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### उपभोक्ताओं का तीन...

कंपनी के नए भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने समाधान योजना लांच की। क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, एसीएस (मुख्यमंत्री व ऊर्जा) नीरज मंडलोई समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान योजना से प्रदेश के 90 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। यह योजना उन उपभोक्ताओं के लिए राहत का द्वार खोल रही है, जो किसी कारण से समय पर अपने बिजली बिल नहीं भर पाए हैं।

इस योजना से तीन माह या उससे अधिक समय से योजना से बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ ही राज्य की बिजली व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। इस कदम से जनता का भरोसा और शासन की पारदर्शिता एक साथ बढ़ेगी।

**अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक बिजली पहुंचाना है लक्ष्य: तोमर:** ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि सभी स्तर पर ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हम अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सुविधा को देखते हुए कार्य कर रहे हैं। लांच हुई समाधान योजना सुशासन और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

### टीम इंडिया की स्टार ...

टीम को वनडे वर्ल्ड कप जीतने पर 51 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य शामिल हैं। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार ट्रॉफी जीती।

### बेहद संघर्षपूर्ण ...

**वर्ल्ड कप में क्रांति का प्रदर्शन:** महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारतीय टीम की गेंदबाज क्रांति गौड़ ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 मैचों में 9 विकेट हासिल किए। क्रांति ने सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एलिसा हीली का बड़ा विकेट लिया। हीली इस समय वर्ल्ड क्रिकेट की सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में एक मानी जाती हैं। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्ररक्षण में भी अपनी भूमिका निभाई। इससे पहले मई 2025 में क्रांति गौड़ ने श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में शानदार गेंदबाजी की। लेकिन उन्हें पहचान आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मिली, जहां उन्होंने तीन विकेट लेकर भारत की जीत में योगदान दिया। इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने 6 विकेट लिए थे।

### अब दिग्विजय सिंह ने...

में सुनवाई होनी है। दिल्ली दंगों के दौरान साजिश रचने के आरोप में उमर खालिद पिछले पांच साल से जेल में है। उसे 13 सितंबर 2020 को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उस पर यूएपीए यानी गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। दिग्विजय सिंह की इस पोस्ट पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि दिग्विजय का व्यवहार और आचरण पाकिस्तानी और विदेशियों जैसा लगता है। शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि जितनी जल्दी हो, वे पाकिस्तान जाकर वहीं डेरा डाल लें। विधायक ने कहा कि दिग्विजय को हमेशा उन्हीं लोगों की चिंता रहती है जो देश के खिलाफ काम करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि दिग्विजय को कभी हिंदुस्तान और हिंदुस्तानियों की चिंता क्यों नहीं होती।

### स्वयंसेवकों से मारपीट...

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में शाखा चल रही थी। इसी दौरान इंद्रा नगर क्षेत्र के करीब 15 युवक वहां पहुंचे और जय भीम के नारे लगाते हुए आरएसएस मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। जब स्वयंसेवकों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान रितेश महाजन, मोहित निंबाड़कर और भावेश महाजन को चोटें आईं। जाते समय आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर सिद्धार्थ, अंकुश, रितिक नायके, पृथ्वीराज करोले, आदेश वाघ, अतुल वाघ, आशुदीप मेढ़े, राजवीर करोले, विवेक मेढ़े, अलपेश वाघ, शिवम, आर्यन, आकाश और एक अज्ञात युवक के खिलाफ मारपीट, धमकी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद सोमवार को बौद्ध समाज के कुछ प्रतिनिधियों ने संघ के पदाधिकारियों से संपर्क कर मामले को सुलझाने का प्रयास भी किया है।

### पीएम ने किया ..

है। यह बताता है कि भारत अपने यहां नवाचार करने वालों और नए उद्यमियों के लिए बेहतर वातारण उपलब्ध करा रहा है। पीएम ने इमर्जिंग साइंस, टेक्नॉलोजी एंड इन्नोवेशन कान्क्लेव में यह बातें कही।

### क्या है आरडीआई...

इनोवेटर्स को एक मंच पर लाएगी। इसका लाभ देश में अनुसंधान से जुड़ी फर्मों को मिलेगा। आरडीआई फंड का प्रबंधन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग की दो स्तरीय संरचना के जरिए किया जाएगा। इस योजना के तहत शुरुआती स्तर पर अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) के अंतर्गत एक विशेष निधि बनाई जाएगी। यह निधि 1 लाख करोड़ रुपए की होगी। एएनआरएफ इसका देखरेख और प्रबंधन करेगी।

### कैसे काम करेगा....

इसकी लॉन्चिंग के दौरान भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाली एक कॉफी टेबल बुक और देश के भविष्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी लक्ष्यों को रेखांकित करने वाला एक विजन दस्तावेज भी लॉन्च किया।

**ग्वालियर: 'जहर' बनी अनाज की दवा**

# कमरे में फैली जहरीली गैस, मासूम की दर्दनाक मौत, पूरा परिवार भर्ती



सत्येंद्र, रजनी शर्मा बेटे के साथ



मौके पर पुलिस पूछताछ करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शहर के जड़ेरूआ इलाके में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक मकान में फैली जहरीली गैस की चपेट में आने से चार साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और बहन की हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसा मकान मालिक द्वारा गेहूं में रखी गई कीटनाशक की दवा से हुआ बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जड़ेरूआ इलाके में सत्येंद्र शर्मा अपनी पत्नी रजनी शर्मा, बेटी और चार साल के बेटे करुआ के साथ किराए से रहते हैं। देर रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे, तभी अचानक सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ देर बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। तब तक चार साल के मासूम करुआ की हालत बेहद गंभीर थी, जिसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, सत्येंद्र, उनकी पत्नी और बेटी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मकान मालिक श्रीकृष्ण यादव ने इसी मकान के एक हिस्से में गेहूं रखा था। बताया जा रहा है कि उन्होंने गेहूं को कीड़ों से बचाने के लिए उसके अंदर कीटनाशक का छिड़काव किया था। आशंका है कि मात्रा अधिक होने से देर रात कमरे में जहरीली गैस फैल गई, जिससे यह हादसा हुआ।

### मन्नतों के बाद चार साल में बेटा हुआ था

हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। मृतक बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सत्येंद्र की मां ने बताया कि उनके बेटे की पांच बेटियां हैं और चार साल पहले बड़ी मन्नतों के बाद यह इकलौता बेटा पैदा हुआ था, लेकिन एक लापरवाही ने उनकी खुशियां छीन लीं।

## पेज एक का शेष...

### बुजुर्गों से ऐंठे ...

सख्त आदेश पारित नहीं करते हैं तो समस्या और बढ़ जाएगी। हम इससे सख्ती से निपटने का पक्का इरादा रखते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि पीड़ित खासकर बुज़ुर्ग लोग हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गृह मंत्रालय में एक स्पेशल यूनिट है जो ऐसी शिकायतों की जांच कर रही है। उन्होंने विस्तारित रिपोर्ट फाइल करने के लिए समय की मांग की।

### पिछली सुनवाई में ....

जांच की जरूरत है। हम इस मामले को सीबीआई को सौंपना चाहते हैं क्योंकि अपराधी पूरे भारत में काम कर रहे हो सकते हैं या शायद बॉर्डर पार से भी।

### आवारा कुत्तों के ....

इस बीच सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अधिकांश राज्यों ने अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में 7 नवंबर को फैसला सुनाने की बात कही और आदेश दिया कि इस तारीख को मुख्य सचिवों की सशरीर पेशी जरूरी नहीं होगी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि अगर उसके आदेश के अनुपालन में कोई कमी की जाती है तो वह फिर से मुख्य सचिवों को पेशी के लिए बुला सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से पूछा था कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों के अनुपालन के लिए वे क्या कदम उठा रहे हैं।

### पटवारी ने जिला...

कांग्रेस परिवार को नई दिशा देने का प्रयास है। अब समय है कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर जनता से जोड़ा जाए। पटवारी ने राज्य की मौजूदा परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार शराब के कारोबार से युवाओं को बरबादी की ओर धकेल रही है। हमारी प्राथमिकता है कि युवा पीढ़ी को नशे और निराशा से बचाया जाए। गौर हो कि कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्षों को आने वाले 10 दिनों में पब्लिक डीलिंग, कैडर मैनेजमेंट, मीडिया हैंडलिंग और लोकसभा चुनाव रणनीति जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण समाप्त होते ही पार्टी 60 दिन का अभियान शुरू करेगी, जिसमें राज्यभर में पंचायत और वार्ड स्तर पर कांग्रेस कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा।

### मुख्य आरोपी की ....

वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. प्रवीण सोनी की गिरफ्तारी के बाद से ही ज्योति सोनी फरार चल रही थीं। एसआईटी द्वारा लगातार दी जा रही दबिश के बाद आखिरकार उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ज्योति सोनी पर मुख्य रूप से दो गंभीर आरोप हैं जिसमें उनके मेडिकल स्टोर से जहरीले सीरप की अवैध बिक्री करना और बच्चों की मौत के बाद सबूत मिटाने का प्रयास करना शामिल है। इस मामले में जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ था कि सीरप की 74 बोतलों में से 66 बोतलें 'अपना मेडिकल' स्टोर और क्लीनिक से गायब थीं। एसआईटी को संदेह है कि साक्ष्य छिपाने के लिए यह स्टॉक जानबूझकर हटाया गया। गौरतलब है कि इस मामले में अब तक हुई गिरफ्तारियों की संख्या सात हो गई है।

### 470 सांसद होंगे...

रामभद्राचार्य ने कहा कि संसद में जब अपने 470 सांसद होंगे तब देश हिंदू राष्ट्र बनेगा। कहा कि इस मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की हिंदू आबादी अस्सी फीसदी होनी चाहिए, तभी सनातन संस्कृति सुरक्षित रह सकती है। भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद मंच पर पहुंचे तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य ने हिंदू सनातन धर्म पर बोलते हुए कई टिप्पणियां कीं। जगतगुरु रामभद्राचार्य द्वारा दिए गए हिंदू राष्ट्र को लेकर दिए गए उनके बयान ने सियासी हलचल को भी बढ़ा दिया है। जगतगुरु रामभद्राचार्य अपने इस बयान की वजह से एक बार सुर्खियों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब तक समाज धर्म और संस्कृति से नहीं जुड़ेगा तब तक एकजुटता और आत्मसम्मान की भावना विकसित नहीं हो सकती।

### कार को टक्कर ....

टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस के अनुसार हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डंपर के सामने जो आया उसको रौंदते चला गया। ड्राइवर शराब पिए हुआ था। अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि डंपर चालक एक से 5 किलोमीटर तक जो मिला, उसे कुचलता चला गया।

### घायल सड़क पर....

लोगों ने तत्काल एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को पास के कांवटिया अस्पताल भेजा गया, जहां से तीन गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। मृतकों के शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई वाहनों के अंदर लोग फंसे हुए थे, जिन्हें कटिंग मशीनों की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### बस-ट्रक की...

दिया। मरने वालों में 13 महिलाएं और दस माह की बच्ची शामिल हैं, जबकि 22 अन्य घायल हैं। तेलंगाना सरकार ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है। मृतकों के परिजनों को कुल सात लाख रुपए और घायलों को दो लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने भी घोषणा की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के निकटतम स्वजन को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### 'ग्रीन खेल' के ....

उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महोत्सव महज़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि जुनून को सेलिब्रेट करने का मौका है, और गोल्फ जैसे शानदार खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक प्रयास है। इस आयोजन का मुख्य केंद्र-बिंदु सामाजिक चेतना है, जिसके तहत ग्रीन खेल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

मेक इन इंडिया का प्रमोशन करने के लिए स्वदेशी और भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गोल्फ महोत्सव में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर खेल के मैदान से जोड़ना भी है। आर्यवीर ने बताया कि लोगों में बढ़ता मोटापा आज के समय की बहुत बड़ी समस्या है, लिहाजा इस समस्या के प्रति भी लोगों को जागरुक करना इस आयोजन का एक अहम उद्देश्य है।

# सीता बिहार की बेटी प्रदर्शनी में झलकेगी मिथिला की लोक कला

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 5 से 30 नवंबर तक विशेष आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 5 से शुरू होगी विशेष प्रदर्शनी सीता बिहार की बेटी लोककला प्रेमियों के लिए एक अनूठा अवसर लेकर आई है। यह प्रदर्शनी 5 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित की जा रही है।

बिहार संग्रहालय द्वारा संचालित यह चलंत एवं मोबाइल प्रदर्शनी, राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के सहयोग से आयोजित की गई है। बिहार के उपनिदेशक नंद गोपाल कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और लोक कलाओं को देशभर में पहचान दिलाना है।

प्रदर्शनी का नाम सीता बिहार की बेटी रखा गया है सीता जी का जन्मस्थान सीतामढ़ी माना जाता है, और यह आयोजन उसी सांस्कृतिक विरासत को समर्पित है। इस प्रदर्शनी में बिहार की विभिन्न लोक कलाओं की झलक देखने को मिलेगी।

### ये है खास

टिकुली आर्ट, मिथिला चित्रकला, सुजनी कला, पेपर आर्ट, और छठ पूजा से जुड़ी कलाएं। कुल 45 कलाकृतियां प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जा रही हैं, जो बिहार के लोकजीवन, परंपराओं और धार्मिक आस्थाओं को खूबसूरती से दर्शाती हैं। इसके अलावा, बिहार के कई लोक कलाकार प्रतिदिन अपनी-अपनी कला विधाओं का लाइव प्रदर्शन भी करेंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

GUPTA DECOR & FURNISHING
Kurl-on | Sleepwell | Springwel | bond
Foam & Mattress
Product Range Available
Sofa Cloth | Curtains | Wallpapers | Blinds
Pu Foam | Mattress | Carpets | Bed Sheet
WPC Doors | Door | Louvers | Glass Work
Wall Art | Wooden Flooring | Aluminium Work
Festive Offers Get Upto 20%* Off on All Product Range
CONTACT US 90009303994 | 8226043994 | 9981047959 | 9074270227
Shop No.222, Behind Sargam Talkies, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
SUNDAY OPEN

**CHANGE OF NAME**

This is to inform that earlier my name was MANOJ KUMAR SINGH Which is written in my passport. But as per rest of my IDs now I have changed my name to MANOJ SINGH. I am now known as MANOJ SINGH. From now on I should be known as MANOJ SINGH S/O SHRI KRISHNA SINGH in all the documents.
Address: E-4/369, 10 NO MARKET, ARERA COLONY BHOPAL M.P.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुतनी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर:** क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6037



**बाएँ से दाए-**
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

**शब्द पहेली -6036 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बं | दा | न | वा | ज | ■ | आ | स | मा | न |
| न | दी | ■ | र | ■ | ल | बा | दा | ■ | र | जा |
| व | ■ | ज | म | ज | म | ■ | ब | री | ■ | क |
| जी | म | ना | ■ | ■ | ह | ठ | ■ | ता | क | त |
| व | ■ | चा | ■ | जे | ल | ■ | पे | ■ | ता | ■ |
| न | ग | र | से | ठ | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ■ | री | ■ | ना | ■ | स | ना | ■ | रो | ■ | म |
| सु | ब | ह | ■ | दा | म | ■ | ■ | बा | री | क |
| र | ■ | क | श | ■ | झ | न | का | र | ■ | र |
| ता | प | ■ | प | र | दा | ■ | म | ■ | क | ण |
| ल | थ | प | थ | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6047

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6046 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

# होंडा एलिवेट का नया एडीवी एडिशन हुआ लांच, कीमत 15.29 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होंडा कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो को अपडेट करते हुए देश में अपनी पॉपुलर एसयूवी एलिवेट का नया वर्जन लांच कर दिया है। इसका नाम है होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन।

- मॉडल के बाहरी हिस्से में सबसे ज्यादा बदलाव किए गए

यह नया और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन है। नया वेरिएंट होंडा एलिवेट की रेंज में सबसे ऊपर होगा, इसका मतलब है कि यह एलिवेट का टॉप मॉडल होगा। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी ने नए मॉडल में कई बदलाव किए हैं, जिससे यह स्पोर्टी लुक के साथ है और अच्छा भी लगता है।

## नए और पुराने मॉडल के मुकाबले ज्यादा स्टाइलिश वर्जन

*इंटीरियर और फीचर : कार के इंटीरियर में भी बदलाव किए गए हैं, जहां पूरी तरह से ऑल-ब्लैक लेआउट दिया गया है। सीटों, दरवाजों के पैड और गियर लीवर पर ऑरेंज कलर की स्टिचिंग की गई है। इसमें डैशबोर्ड पर एक खास एडीवी टेरेन पैटर्न वाली इल्यूमिनेटेड गार्निश लगाई गई है, जो रात में कैबिन को एक अनोखी पहचान देती है।*



*गाड़ी के इंजन में बदलाव नहीं : होंडा एलिवेट के एडीवी एडिशन में केवल एक्सटीरियर और इंटीरियर बदलाव किए गए हैं, इंजन में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें होंडा का पहले वाला ही 1.5-लीटर आई-वीटीईसी चार-सिलेंडर वाला पेट्रोल इंजन ही मिलता है।*

### सेफ्टी का पूरा ध्यान

होंडा की इस नई एसयूवी में कंपनी का एडवांस होंडा सेंसिंग एडास सूट दिया गया है, जिसमें अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन-कीपिंग असिस्ट, कोलिजन मिटिगेशन ब्रेकिंग जैसे फीचर्स शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 360-डिग्री कैमरा (ऑप्शनल), लेनवॉच साइड कैमरा, छह एयरबैग और हिल स्टार्ट असिस्ट जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं।

*कार की कीमत : होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन को दिल्ली में 15.29 लाख रुपए शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत के साथ लांच किया गया है जो कि टॉप मॉडल के लिए 16.66 लाख रुपए तक जाती है। यह नया मॉडल तीन साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी और एक दशक तक की एनीटाइम वारंटी सपोर्ट के साथ आता है।*

होंडा एलिवेट एडीवी एडिशन हाल ही में लांच हुए कई लिमिटेड एडिशन के बाद आया है। इसके बाहरी हिस्से में सबसे बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे इसे एक स्पोर्टी लुक मिलता है। इसमें एक रीडिजाइन किया गया ग्रिल सेक्शन है, जिस पर ऑरेंज कलर का टच दिया गया है, जो सामने के लुक को आकर्षक बनाता है। गाड़ी में ब्लैक-आउट रूफ रेल्स, एडीवी बैजिंग और ऑरेंज एक्सेंट के साथ ब्लैक फिनिश वाले अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुड (बोनट) और फॉग लैंप एरिया समेत पूरी बॉडी पर ऑरेंज डिटेलिंग दी गई है, जो इसे और ज्यादा स्पोर्टी लुक देती है। ग्राहकों को ड्यूल-टोन कलर ऑप्शन मिलते हैं, जिसमें मीटियोरॉइड ग्रे मेटैलिक और लुनार सिल्वर मेटैलिक डुअल-टोन ऑप्शन शामिल किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बजाज ऑटो की बिक्री अक्टूबर में 8 फीसदी बढ़ी



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की निर्यात सहित थोक बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 5,18,170 इकाई हो गई। अक्टूबर 2024 में उसने 4,79,707 वाहन बेचे थे। कुल घरेलू बिक्री अक्टूबर में तीन प्रतिशत बढ़कर 3,14,148 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 3,03,831 इकाई थी।

### लीलैंड का वित्तपोषण के लिए पीएनबी से करार



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लीलैंड ने अपने सभी डीलर को वित्त विकल्प मुहैया कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के साथ साझेदारी करने की सोमवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत बैंक मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन कंपनी के डीलर को प्रतिस्पर्धी वित्त विकल्प प्रदान करेगा।

### टीसीपीएल के लाभ में 10.7 फीसदी की वृद्धि

TATA CONSUMER PRODUCTS LIMITED

**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने सोमवार को बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 10.7 प्रतिशत बढ़कर 406.51 करोड़ रुपये हो गया। इसमें मुख्य रूप से भारतीय कारोबार का विशेष योगदान रहा।


### एयरटेल का मुनाफा दोगुना होकर 8651 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना होकर 8,651 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी को 4,153.4 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 25.7 प्रतिशत बढ़कर 52,145 करोड़ रुपये रही।

### पाइन लैब्स का आईपीओ सात नवंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** वित्त प्रौद्योगिकी कंपनी पाइन लैब्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 210-221 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसका 3,900 करोड़ रुपये का आईपीओ सात नवंबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा और 11 नवंबर को संपन्न होगा।

### ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स ने विभाजन किया पूरा



**मुंबई।** ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने सोमवार को घोषणा की कि उसके अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला कारोबार के साथ-साथ घरेलू कारोबार का विभाजन एक नवंबर से प्रभावी हो गया है। कंपनी ने कहा कि विभाजन के बाद, घरेलू एक्सप्रेस वितरण एवं परामर्शदात्री लॉजिस्टिक्स व्यवसायों को ऑलकार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड में विलय कर दिया जाएगा। इससे बेहतर तालमेल और मूल्य सृजन के लिए परिचालन को संरेखित किया जाएगा।

### अंतरिम सरकार ने कहा, समझौता रद्द करने संकोच नहीं किया जाएगा

# अनियमितता के मामले में अदाणी के साथ समझौते रद्द किए जा सकते हैं: बांग्लादेश

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि कोई अनियमितता या भ्रष्टाचार साबित होने पर भारत के अदाणी समूह के साथ मौजूदा बिजली समझौतों को रद्द करने में संकोच नहीं किया जाएगा। अदाणी पावर और बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता पिछले साल शेख हसीना नीत सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया था।

स्थानीय मीडिया ने ऊर्जा मामलों के सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान के हवाले से कहा, '' समझौतों में (सामान्यतः) यह कहा गया है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है लेकिन यदि इसके विपरीत साबित होता है तो इन्हें रद्द किया जा सकता है।'' राष्ट्रीय समीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत एक अंतरिम रिपोर्ट पर सलाहकार ने यह प्रतिक्रिया दी।

### समिति का गठन समीक्षा के लिए किया गया था

समिति का गठन हसीना शासन के दौरान बिजली क्षेत्र के समझौते की समीक्षा के लिए किया गया था। सलाहकार की टिप्पणियों पर अदाणी समूह की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है

*प्रमुख न्यायविद शाहदीन मलिक ने सरकार से विदेशी समझौतों को रद्द करने के जोखिमों पर विचार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे विदेशी समझौतों को रद्द करने के कानूनी आधार मौजूद हैं और मामले को अंतरराष्ट्रीय अदालत में ले जाने पर पांच अरब डॉलर तक का दावा हो सकता है।*

- अदाणी पावर व बांग्लादेश के बीच 2017 का बिजली आपूर्ति समझौता हुआ था
- हसीना की सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जांच के घेरे में आ गया
- अदाणी समूह की और से कोई प्रतिक्रिया नहीं की गई




### 100 फीसदी बिजली बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी

चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि समिति ने अदाणी समूह के साथ बिजली खरीद सौदे पर भी एक अलग रिपोर्ट तैयार की है। इन 2017 के सौदे के तहत झारखंड में अदाणी पावर के गोड्डा बिजली संयंत्र को 25 वर्षों की अवधि के लिए कोयले से उत्पन्न 100 प्रतिशत बिजली की बांग्लादेश को आपूर्ति करनी थी।

*हसीना के समय अंतरिम रिपोर्ट सौंपी गई : उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मोइनुल इस्लाम चौधरी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय समीक्षा समिति ने हाल ही में हसीना शासन के दौरान हुए सौदों में कथित भ्रष्टाचार पर अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी है। समिति के जनवरी में अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है।*

*कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो सबूत मिलेंगे : सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने नाम उजागर किए बिना एक व्यक्ति के हवाले से कहा, '' हमारा मानना है कि जब अदाणी और भ्रष्टाचार में शामिल अदाणी से संबंधित कुछ अन्य कंपनियों के खिलाफ देश एवं विदेश में कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी तो आपको भ्रष्टाचार के मजबूत सबूत मिलेंगे।'*

### विदेशी कंपनियों के साथ कानूनी जटिलताएं शामिल

*समिति के एक सदस्य ने पत्रकारों से कहा कि विदेशी कंपनियों के साथ समझौतों में कानूनी जटिलताएं शामिल हैं, जिसके कारण अधिक जुर्माने से बचने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी किए बिना उन्हें एकतरफा रूप से रद्द करना कठिन है।*

### बांग्लादेश ने जून में 43.7 करोड़ डॉलर का किया था भुगतान

*बांग्लादेश ने जून में अदाणी पावर को 43.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जिससे उसके बकाया में उल्लेखनीय कमी आई। इससे पहले, बांग्लादेश बकाया भुगतान के लिए संघर्ष कर रहा था जिसके कारण अदाणी को आपूर्ति कम करनी पड़ी थी।*

# जीएसटी सुधार, अच्छी मांग से अक्टूबर में विनिर्माण गतिविधियां मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- पीएमआई सूचकांक 57 .7 से बढ़कर अक्टूबर में 59 .2 हुआ
- मांग ने नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती, उत्पादकता में वृद्धि और प्रौद्योगिकी निवेश के दम पर भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अक्टूबर में मजबूत हुईं।

एक मासिक सर्वेक्षण में सोमवार को कहा गया कि मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 57.7 से बढ़कर अक्टूबर में 59.2 हो गया। यह इस क्षेत्र की स्थिति में तेजी से सुधार का संकेत देता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। भारत का विनिर्माण पीएमआई अक्टूबर में बढ़कर 59.2 हो गया जो पिछले महीने 57.7 था। मजबूत अंतिम मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डर और रोजगार सृजन में वृद्धि को बढ़ावा दिया। मूल्य के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत में मामूली एवं धीमी वृद्धि हुई फिर भी मुद्रास्फीति की दर सितंबर के लगभग 12 वर्ष के उच्च स्तर के बराबर रही।

### कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई

भंडारी ने कहा, '' अक्टूबर में कच्चे माल की कीमतों में नरमी आई जबकि औसत बिक्री कीमतों में वृद्धि हुई क्योंकि कुछ विनिर्माताओं ने अतिरिक्त लागत का बोझ अंतिम उपभोक्ताओं पर डाल दिया।' इस बीच, अक्टूबर में रोजगार सृजन लगातार 20वें महीने जारी रहा।

### भविष्य की कारोबारी धारणा मजबूत है

भंडारी ने कहा, '' भविष्य की ओर देखें तो जीएसटी सुधार और अच्छी मांग को लेकर सकारात्मक उम्मीदों से भविष्य की कारोबारी धारणा मजबूत है।''एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

### दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड परिवार द्वारा पूज्य मुनि प्रमाणसागर जी महाराज का दिव्य सान्निध्य प्राप्त, कार्यक्रम

# सफलता और संपत्ति जीवन का एक पहलू है: मुनिश्री




विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रमाणसागर जी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दिगम्बर जैन समाज के वंदनीय संत, परम पूज्य मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के पावन चरणों से दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड परिवार और भोपाल नगर में 01 नवंबर धन्य हो गया।

परिवार द्वारा आयोजित भव्य स्वागत एवं मंगल प्रवचन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर मुनि श्री के दिव्य दर्शन और उनके प्रेरणादायक आशीष को प्राप्त किया। स्टारलाइट टाइटेनिया, जैन मंदिर के पास, मेन रोड, ईदगाह हिल्स, भोपाल में आयोजित यह कार्यक्रम दोपहर 02:00 बजे से प्रारंभ हुआ। पंडाल में प्रवेश करते ही मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज का अभिनंदन दिलीप बिल्डकॉन परिवार के सदस्यों द्वारा अपार श्रद्धा के साथ किया गया। मुनि श्री ने उपस्थित विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, सफलता और संपत्ति जीवन का एक पहलू है, लेकिन सच्चा सुख और शांति धर्म तथा नैतिकता के मार्ग पर चलने से ही प्राप्त होती है। दिलीप बिल्डकॉन परिवार की समाज सेवा और धर्म के प्रति निष्ठा की सराहना करते हुए, जीवन में सकारात्मकता और उच्च विचारों को अपनाने का संदेश दिया। बिल्डकॉन लिमिटेड परिवार ने इस दिव्य सान्निध्य को एक अविस्मरणीय क्षण बताया।

### बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य उपस्थित रहें

# इंडियन ओवरसीज बैंक मंडीदीप शाखा के नए भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपनी मंडीदीप शाखा को नए और अत्याधुनिक परिसर में स्थानांतरित कर दिया है। नए परिसर का उद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

ग्राहकों को सम्बोधित करते हुए प्रबंध निदेशक ने बैंक के लगातार हो रहे विस्तार के बारे मे जानकारी दी ।इस अवसर पर भोपाल क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। सिंह ने बताया नए भवन में स्थानंतरित होने से शाखा बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सक्षम होगी, जो ग्राहकों को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के बैंक के संकल्प को मजबूत करती है।



उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, ग्राहक और वरिष्ठ बैंक अधिकारी आर्तेश्वरम, सुधीर बुचके, दीपक शुक्ला, आशुतोष तिवारी, योगिता राजपाल, हिमानी और नेहा आदि उपस्थित रहे।शाखा प्रबंधक आशीष अग्रवाल ने ग्राहकों को बैंक की योजनाओं से अवगत कराते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# अंबुजा सीमेंट्स के लाभ में चार गुना का इजाफा

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर चार गुना से अधिक होकर 2,302 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह की इस कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 496 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही के शुद्ध लाभ में 1,697 करोड़ रुपये का आयकर के लिए किए गए प्रावधान को 'पलटना' शामिल है। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 7,552 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,174 करोड़ रुपये हो गई। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ विनोद बाहेती ने कहा, यह तिमाही सीमेंट उद्योग के लिए उल्लेखनीय रही है।

# सुरक्षित निवेश की मांग घटने से सोना 300 रुपए टूटा, चांदी मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1,25,300 रुपए 10 ग्राम रहा
- चांदी 1000 रुपए बढ़कर 1,54,000 रुपए प्रति किलो

मजबूत डॉलर और कम होती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय दिल्ली सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को यह 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी शुक्रवार के बंद भाव 1,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर पहुंच गया, जिससे सराफा कीमतों पर दबाव पड़ा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने 30 सितंबर को तिमाही एवं छमाही के लिए वित्तीय परिणाम घोषित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैंक ऑफ बड़ौदा ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक ने बेहतर आस्ति गुणवत्ता के साथ व्यवसाय विकास को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए लाभप्रदता अर्जित की।

बता दे कि बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक 20 जुलाई 1908 को स्थापित भारत सरकार के स्वामित्व वाला एक बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका मुख्यालय भारत के गुजरात में वडोदरा जो पहले बड़ौदा के नाम से जाना जाता था।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा सरनेम अंजलि चिल्हाटे (ANJALI CHILHATE) और पिताजी का सरनेम मंशाराम चिल्हाटे (MANSHARAM CHILHATE) एवं माता का सरनेम सरिता चिल्हाटे (SARITA CHILHATE) था लेकिन अब परवर्तित होकर मेरा सरनेम आधार के अनुसार अंजलि सिलाले (ANJALI SILALE) और पिताजी का सरनेम मंशाराम सिलाले (MANSHARAM SILALE) एवं माता का सरनेम सरिता सिलाले (SARITA SILALE) हो गया हैं अब भविष्य में मुझे इसी सरनेम से जाना पहचाना जावे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत एम.पी.नगर भोपाल**

(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)

प्रकरण क्रमांक..........37-6/2025,26

// इश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिक श्रीमती सुनीता धाकड़ पत्नी वीरेंद्र निवासी अहमदपुर कलां द्वारा ग्राम अहमदपुर कलां तहसील हुजूर जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 63/1/1/5 का अंश भाग रकबा 1098 वर्ग मीटर भूमि का नामांतरण आदेश अमल किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इसे न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तेहार के जारी होने के दिनांक से 10 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 28/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**

### इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स 52,800 करोड़ कर सकती है निवेश

# वोडाफोन आइडिया का अमेरिकी कंपनी कराएगी बेडा पार!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

न्यूयॉर्क की इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स (टीजीएच) कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड में 4-6 अरब डॉलर (करीब 35,000-52,800 करोड़ रुपये) का निवेश कर सकती है और इसका ऑपरेशनल कंट्रोल अपने हाथ ले सकती है।

- इक्विटी फर्म टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग वीआई का आपरेशनल कंट्रोल अपने हाथ में रख सकती हैं

इस खबर के सामने आने के बाद वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई) के शेयरों में सोमवार को पांच फीसदी का उछाल आया। रिपोर्ट के मुताबिक, मामले से वाकिफ लोगों ने इसकी जानकारी दी। हालांकि, यह निवेश कंपनी को भारत सरकार की तरफ से दिए जाने वाले राहत पैकेज पर निर्भर है, जिसमें एजीआर और स्पेक्ट्रम से जुड़ा बकाया शामिल है।

इसी के साथ आज बीएसई पर वोडाफोन आइडिया के शेयर बीएसई पर 5.26 प्रतिशत चढ़कर 9.19 रुपए के हाई लेवल पर पहुंच गए। पिछले तीन महीनों में शेयर में 36.46 प्रतिशत की तेजी आई है।

### सौदे पर टीजीएच प्रमोटर का दर्जा ले लेंगा

एक सूत्र के हवाले से बताया कि अगर यह सौदा होता है, तो टीजीएच प्रमोटर का दर्जा ले लेगा और मौजूदा प्रमोटरों आदित्य बिड़ला समूह और यूके की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि न्यूयॉर्क बेस्ड इंवेस्टमेंट फर्म बकाया राशि पूरी तरह से माफ कर दिए जाने की मांग नहीं कर रही है, बल्कि वह देनदारियों के पुनर्गठन की मांग कर रही है ताकि परिचालन में राहत मिल सके। टीजीएल ने सरकार को शर्तों का विस्तृत प्रस्ताव सौंपा है।

vodafone
!dea

### प्रोमोटर बन जाएगी कंपनी

एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में बताया कि अगर यह सौदा होता है, तो टीजीएच कंपनी में प्रोमोटर का दर्जा लेगा और आदित्य बिड़ला ग्रुप व वोडाफोन की यूके यूनिट से कंट्रोल अपने हाथ ले लेगा। सरकार जो अभी 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ कंपनी का सबसे बड़ा शेयर होल्डर है, वह एक निष्क्रिय निवेशक बनी रहेगी।

### कर्ज के बोझ तले डूबी है

अगर सरकार वोडाफोन आइडिया को राहत पैकेज दे देती है, तो डील कुछ ही महीनों में फाइनल हो जाएगी। बता दें कि टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया पर 83,400 करोड़ रुपए का एजीआर बकाया है। ब्याज और जुर्माने को लेकर कंपनी को करीब 2 लाख करोड़ रुपये चुकाने हैं। ऐसे में सरकार से राहत न मिलने की स्थिति में कंपनी दिवालिया हो सकती है।

चिंतन

# जीत के पीछे तपस्या, कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता

यह कहावत पूरी तरह से सच है कि कामयाबी के पीछे तपस्या, यानी कड़ी मेहनत, समर्पण व दृढ़ता होती है। सफलता आसानी से नहीं मिलती, बल्कि इसके लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही योजना, लगातार प्रयास और असफलताओं से सीखने की ज़रूरत होती है। किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से जुट जाना ज़रूरी है। यही किया है भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से टीम ने 52 साल बाद विमेंस वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। रविवार को मुंबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत की लड़कियों ने साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराया। ये वो टीम है, जिसके हर खिलाड़ी की कहानी प्रेरणा देती है। किसी के माता-पिता ने दिहाड़ी मजदूरी कर बेटी को क्रिकेटर बनाया है तो किसी के पैरेंट्स सरकारी जॉब में रहे हैं। किसी के पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं तो किसी के घरवाले सब्जी बेचते रहे हैं, लेकिन इन बेटियों ने अपने खुद के हौसले के दम पर नई उड़ान भरी है। फाइनल मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली वर्मा रोहतक की रहने वाली हैं। इनके पिता ज्वेलरी की दुकान चलाते हैं और मां गृहणी हैं। रेणुका सिंह की मां दर्जा चार की कर्मचारी हैं। राधा यादव के पिता सब्जी बेचते हैं। उमा छेदी के माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अब इनकी लाड़लियों ने अपने जज्बे से नया इतिहास लिख दिया है। विश्व चैंपियन बनने के पीछे केवल खिलाड़ियों का ही नहीं, बल्कि माहौल और सुविधाओं का भी अहम योगदान रहा है, जो बीसीसीआई ने उन्हें उपलब्ध करवाईं। वो समय था जब भारत का महिला क्रिकेट इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज से बहुत पीछे था, लेकिन विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद हालात बदल गए। जय शाह से पहले सभी बीसीसीआई अध्यक्ष इसे शुरू करने का प्लान ही बनाते रह गए, शाह ने इसकी शुरुआत 2023 में कर दी। ऐसे प्लेटफॉर्म पर युवा और घरेलू प्लेयर्स को विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का मौका मिलता है। इतना ही नहीं, प्लेयर्स एक महीने तक इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग, बेहतर कोच और प्रेशर सिचुएशन का सामना करने लगीं, जिसका फायदा इंडिया विमेंस टीम को भी मिला। इन्हीं मुकाबलों से टीम इंडिया को यास्तिका भाटिया, श्रेयांका पाटील, अमनजोत कौर, श्री चरणी, क्रांति गौड़ जैसी युवा और आक्रामक प्लेयर्स मिलीं। यास्तिका और श्रेयांका इंजरी के कारण वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन सकीं, लेकिन बाकी प्लेयर्स ने भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम योगदान दिया। इस जीत के पीछे टीम के कोच का भी अहम रोल रहा। विश्व कप जीत के बाद जैसे ही हेड कोच अमोल मजूमदार सामने आए, वैसे ही हरमनप्रीत ने दोनों हाथों से उनके पैर छुए। जो बताता है कि टीम को इस मुकाम तक पहुचाने में उनका कितना योगदान रहा है। वैसे भी अनेक खिलाड़ियों ने भी इस विश्व कप को अमोल मजूमदार द्वारा बनाई गई रणनीति की ही जीत बताया है। हालात जो भी हों भारत की बेटियों ने 2 नवंबर 2025 के दिन को इतिहास के पन्नों में अमर कर दिया है। भारतीय महिला टीम ने वो कारनामा किया जो 1983 में कपिल देव की टीम ने किया था। किसी ने भी मुकाबले की शुरूआत में नहीं सोचा था कि टीम इंडिया विश्व चैंपियन बनेगी, लेकिन हमारी बेटियों ने आखिरकार वह कर दिखाया। जिससे पूरा देश गौरवान्वित और सम्मानित मसूस कर रहा है।



विजेता
विकेश कुमार बडोला

# स्त्री क्रिकेट का अविस्मरणीय समय

भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष बाद मिली है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लेबाजी की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें खर्च करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में ऐस दबाव से बचा जाना चाहिए।

यह पहली बार है जब भारतीय स्त्रियों ने क्रिकेट की विश्व-प्रतियोगिता में उल्लेखनीय विजय प्राप्त की है। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम में 2 नवंबर को खेली गई वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता स्त्री-क्रिकेट के दृष्टिकोण से एक विहंगम प्रतियोगिता थी। विश्व में जब से स्त्री-क्रिकेट का प्रारंभ हुआ है तब से लेकर रविवार तक कभी भी महिलाओं की क्रिकेट प्रतिस्पर्द्धा देखने स्टेडियम में इतनी अधिक संख्या में दर्शक एकत्रित नहीं हुए। पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। इतना ही नहीं, जियो हॉटस्टार पर उक्त प्रतियोगिता का सजीव प्रसारण विजयी क्षण तक विश्वभर के 30 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। रविवार को ही स्त्री-क्रिकेट की इस निर्णायक प्रतियोगिता के आरंभ होने से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के होबॉर्ट में भारत-ऑस्ट्रेलिया के मध्य टी-20 की एक पुरुष-क्रिकेट प्रतियोगिता भी खेली गई थी। हालांकि इस प्रतिस्पर्द्धा में भी भारत की विजय हुई, किंतु जियो हॉटस्टार पर इसकी प्रसारणावधि में इसे देखने वाले मात्र 16 करोड़ दर्शक ही थे। अब जब स्त्री-क्रिकेट में भारत विश्वविजेता बन चुका है तथा स्त्रियों की क्रिकेट क्रीड़ा देखने प्रत्यक्ष रूप में स्टेडियम पर व अप्रत्यक्ष रूप में सजीव प्रसारण मंचों पर देशी-विदेशी दर्शकों की संख्या करोड़ों में पहुंच रही है, तो विश्वविजयी प्रतियोगिता में भारतीय स्त्रियों के सामूहिक एवं व्यक्तिगत योगदान पर विचार-विमर्श अनिवार्य हो जाता है।

चिरप्रतीक्षित स्त्री विश्व क्रिकेट की अंतिम व निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा निर्धारित समय पर आरंभ नहीं हो सकी थी। दक्षिण भारत में परिव्याप्त मोंथा चक्रवात के प्रभाव में महाराष्ट्र भी था और प्रतियोगिता आरंभ होने से ठीक पूर्व नवी मुंबई के डीवाई पाटिल क्रिकेट स्टेडियम पर भी वर्षा होने लगी थी। इस कारणवश प्रतियोगिता विलंब से आरंभ हुई। यह आनंद का समाचार था कि प्रतियोगिता में दोनों प्रतियोगी दल निर्धारित पचास-पचास ओवर की ही क्रीड़ा करेंगे। टॉस दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड ने जीता और पहले बॉलिंग करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित भारतीय टीम ने हालांकि संतुलित और धैर्यपूर्ण ढंग से बल्लेबाजी आरंभ की और भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने क्रमशः 87 व 45 रन बनाए। जैसे-जैसे प्रतियोगिता आगे बढ़ती रही भारतीयों द्वारा छोटी-छोटी साझेदारियां बनती रही और नियमित अंतराल में बल्लेबाज आउट भी होती रहीं। इस निर्णायक प्रतिस्पर्द्धा से पूर्व ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई स्पर्द्धा में अग्र बल्ला प्रदर्शनकारी शतकधारी जेमिमा रोड्रिग्स और दल नायिका हरमनप्रीत कौर क्रमशः 24 व 20 रन बनाकर बाहर हो गईं। इसके बाद दीप्ति शर्मा (58 गेंद पर 58 रन) ने पहले अमनजौत कौर (12) और फिर ऋचा घोष (26 गेंद पर 34 रन) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां करके भारत के रन 298 तक पहुंचाए। जहां भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा एवं ऋचा घोष ने कम गेंद खेलकर उपयोगी रन बनाए, वहीं हरमनप्रीत कौर एवं स्मृति मंधाना ने क्रमशः कप्तान व उप कप्तान के रूप में अधिक गेंदें व्यर्थ करके कम रन बनाए। इस कारण भारत की रन गति में होती रही एक नियमित वृद्धि बार-बार रुकती रही। यदि हरमनप्रीत एवं



स्मृति ने अपनी खेली हुई गेंदों के बराबर भी रन बनाए होते तो भारत के कुल रन अंक सवा तीन सौ के निकट होते। यदि भारत इस प्रतिस्पर्द्धा में पराजित होता तो पराजय के दो अग्रणी दोषियों के रूप में हरमनप्रीत एवं स्मृति तथा द्वितीयक दोषी के रूप में राधा यादव की गणना अवश्य होती।

भारतीय रन 298 को पार करने मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका टीम ने भी मजबूत बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। अफ्रीकी दल नायिका लौरा वोल्वार्ड एवं ताजमिन ब्रिट्स ने उल्लेखनीय पारी खेलीं। लौरा ने प्रतिस्पर्द्धा के लगभग अंत तक संघर्ष किया कप्तान के रूप में अपेक्षित प्रदर्शन करते हुए 101 रन बनाए। शतक बनाने में उन्होंने सौ से कम गेंदें खेलीं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ब्रिट्स (23), सुने लुस (25) एवं एनेरी डर्कसन (35) ही दहाई के अंक में रन बना सकीं। गेंदबाजी में सर्वाधिक विकेट दीप्ति शर्मा ने लिए। उन्होंने 9.3 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए। इसके बाद शेफाल वर्मा ने 7 ओवर में 36 रन देकर 2 महत्त्वपूर्ण विकेट लिए। भारत की ओर से तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने हालांकि कोई विकेट नहीं लिया, किंतु उनकी गेंदबाजी ने सबसे कम रन दिए। उन्होंने 8 ओवर में मात्र 28 रन दिए। इसके बाद श्री चरणी भी अपने सातवें ओवर तक अति मितव्ययी गेंदें फेंक रही थीं। यदि उनके अंतिम दो ओवरों में एनेरी डर्कसन चौके-छक्के नहीं लगाती तो वे भी अपने कुल 9 ओवरों में 48 रन न देकर रेणुका के बराबर ही मितव्ययी होतीं। चरणी ने एक विकेट भी लिया। गेंदबाजी में अमनजोत कौर एवं राधा यादव का प्रदर्शन निराशाजनक था। क्रांति गौड मात्र 3 ओवर फेंक पाई, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए। पहले 87 रन बनाने और बाद में कम रन देकर 2 विकेट प्राप्त करनेवाली शेफाली वर्मा को निर्णायक प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। ध्यान रहे कि भारतीय प्रथम बल्लाधारकों में से एक प्रतिका रावल के पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उप-निर्णायक एवं निर्णायक प्रतियोगिता में ही शेफाली वर्मा को आपातिक स्थिति में भारतीय स्त्री क्रिकेट दल में सम्मिलित किया गया था। स्त्री क्रिकेट की इस विश्व प्रतियोगिता में पूरी श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दीप्ति शर्मा का चयन किया गया। उन्होंने सभी क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह पुरस्कार प्राप्त किया। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण तीनों ही स्तर पर उनके परिणामोन्मुखी प्रदर्शन ने उन्हें श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी होने का गौरव प्रदान किया। यदि विश्व प्रतियोगिता के निर्णायक संघर्ष में प्राप्त सफलता के सबसे बड़े कारण को देखें तो यह भारतीय दल का सामूहिक चहुंदिश प्रदर्शन था, इसमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण रहा क्षेत्ररक्षण। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत, स्मृति, अमनज्योत, जेमिमा एवं राधा ने यद्यपि अच्दा प्रदर्शन नहीं किया, किंतु क्षेत्ररक्षण में सभी का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसी प्रकार गेंदबाजी में जहां अमनज्योत एवं राधा का प्रदर्शन विफलता का कारक हो सकता था, वहीं क्षेत्ररक्षण में दोनों का प्रदर्शन अति परिश्रमपूर्ण रहा। इसी दल भावना की शक्ति द्वारा अंततः भारत को स्त्री विश्व क्रिकेट की निर्णायक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूरे 52 वर्ष बाद प्राप्त हुई है। यह भारतीय स्त्री क्रिकेट के लिए एक अविस्मरणीय समय है। किंतु इस उपलब्धि की अतिप्रसन्नता एवं आत्ममुग्धता खिलाड़ियों पर हावी नहीं होनी चाहिए। संभवतः यही कारण रहा था अथवा निर्णायक प्रतियोगिता का दबाव-तनाव जो हरमनप्रीत एवं स्मृति ने अति सुरक्षात्मक होकर दब्बू बनकर बल्लाकारिता की तथा परिणामस्वरूप दोनों देर तक भी नहीं खेलीं एवं अधिक गेंदें व्यय करके कम रन बनाकर बाहर हो गईं। भविष्य में इससे बचा जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

वायु प्रदूषण
डॉ. नीलू तिवारी



# भविष्य की जरूरतों को पूरा करेगी हरित ऊर्जा

हाल ही में दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 14 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के कारण होती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विकास की कीमत प्रदूषण होनी चाहिए? क्या आधुनिक भारत प्रदूषण की छाया में ही आगे बढ़ेगा? इन्हीं सवालों का उत्तर खोजते हुए भारत ने एक नई दिशा अपनाई हरित ऊर्जा की ओर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवम्बर 2021 को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–सीओपी26 के दौरान जब पंचामृत संकल्प की घोषणा के तहत वर्ष 2070 तक "नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन" लक्ष्य रखा, तो उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि भारत विकास करेगा पर प्रकृति के साथ। इसी दृष्टिकोण ने भारत को जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) पर निर्भरता से मुक्त कर हरित ऊर्जा की राह पर आगे बढ़ाया है। मोदी सरकार की प्रमुख पहल प्रधानमंत्री सौर घर मुफ्त बिजली योजना ने आम जनता को इस परिवर्तन का सहभागी बनाया है। इस योजना के तहत लाखों परिवारों ने अपने घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाए हैं। नतीजा यह है कि अब वे हर महीने 200-300 यूनिट मुफ्त बिजली पा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गृहिणी बताती हैं कि पहले हर महीने बिजली का बिल देना पड़ता था। अब सौर पैनल से घर चल रहा है और 1500 रुपये की बचत भी हो रही है। यह उदाहरण बताता है कि हरित ऊर्जा केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिक के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान है। सौर ऊर्जा केवल घरों तक सीमित नहीं रही। अब गांवों में स्कूल, पंचायत भवन और छोटे उद्योग भी सौर बिजली से चल रहे हैं। राजस्थान का भड़ला सौर पार्क, जो 14,000 एकड़ में फैला है, दुनिया का सबसे बड़ा सौर पार्क है।

हरित ऊर्जा का दूसरा मजबूत स्तंभ है पवन ऊर्जा। तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्य अब देश की बिजली जरूरतों का बड़ा हिस्सा हवा से पैदा कर रहे हैं। 2025 में शुरू हुई ऑफशोर विंड एनर्जी योजना के तहत समुद्र तटों पर विशाल टरबाइन लगाए गए हैं, जिनसे 15 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का उदाहरण है, बल्कि इससे तटीय इलाकों में रोजगार और पर्यटन के अवसर भी बढ़े हैं। वहीं, भारत ने हरित हाइड्रोजन मिशन के जरिए विश्व को चौंका दिया है। 2030 तक भारत पांच मिलियन टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है। गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु में बड़े संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है। इसका उपयोग भविष्य में रेलवे, उद्योग और जहाजरानी में किया जाएगा। यह पहल न केवल जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक राष्ट्र बनाएगी।

हरित ऊर्जा का एक और बड़ा अध्याय है इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम से पेट्रोल में इथेनॉल मिलाया जा रहा है, ताकि प्रदूषण घटे और विदेशी तेल पर निर्भरता कम हो। पहले जहां पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा केवल 1.5 प्रतिशत थी, वहीं अब यह 12 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के गन्ना किसान अब अपनी फसलों से ईंधन तैयार कर रहे हैं। महाराष्ट्र की महिला किसान बताती हैं कि इथेनॉल उत्पादन के लिए उनका गन्ना अब बड़ी कंपनियों को बेचा जाता है और उन्हें पहले से अधिक आमदनी हो रही है। यह उदाहरण दर्शाता है कि हरित ऊर्जा ग्रामीण भारत में भी आर्थिक क्रांति ला रही है। अगर किसानों की बात करें तो मोदी सरकार की कुसुम योजना ने ग्रामीण जीवन को नई दिशा दी है। अब तक देशभर में 35 लाख से अधिक सौर पंप लगाए जा चुके हैं। पहले जो किसान बिजली कटौती और डीजल खर्च से परेशान थे, अब वे सौर ऊर्जा से दिन-रात खेती कर पा रहे हैं। राजस्थान के टोंक जिले में किसान बताते हैं कि पहले महीने में 2000 रुपये का डीजल खर्च होता था, अब वही पैसा बच रहा है और सौर पंप से बिना रुकावट सिंचाई हो रही है। यह योजना सीधे किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। मोदी सरकार ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इथेनॉल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर यह सिद्ध किया है कि विकास और पर्यावरण साथ-साथ चल सकते हैं। भारत की यह पहल इस दृष्टि से भी प्रासंगिक है कि यह देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर कर रही है। इन उपायों से भारत स्वच्छ, आत्मनिर्भर और टिकाऊ ऊर्जा के भविष्य की ओर और तेज़ी से बढ़ सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित
दर्शन

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा।


## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफी देर हो गई थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## पुष्पों की बहार



श्रीनगर में गुलदाउदी उद्यान में टहलते हुए पर्यटक, यहां खिले पुष्पों की महक कर रही आकर्षित

## आज की पाती

### धन और अन्न शादियों में बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। गरीब अगर विवाह समारोहों में लाखों खर्चा करने लग पड़ेगा तो वो सारी जिंदगी गरीबी की दलदल में धंस जाएगा। *- विशेष अग्रवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### हार्दिक बधाई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सभी सदस्यों को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने पहली बार जीत हासिल करके इतिहास रच दिया। वे अच्छा खेल रही हैं और आज उन्हें अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन के अनुरूप परिणाम मिला है।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### तीन बंदर




आज इंडिया गठबंधन के तीन और बंदर आ गए हैं- पप्पू, टप्पू और अप्पू... पप्पू सच बोल नहीं सकता, टप्पू अच्छा देख नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता। इसके बावजूद ये लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जनता इन पर भरोसा करेगी।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी

### ऐतिहासिक जीत



यह एक जीत ऐतिहासिक है, भारत के लिए और भारत की औरतों के लिए। आज हमने अपनी महिला क्रिकेट टीम के लिए वही जोश, वही आंसू और वही जश्न मनाया, जो हम अपनी पुरुष टीम के लिए मनाते आए हैं। 60 मिलियन से ज्यादा लोगों ने मैच देखा, एक देश, एक इमोशन, एक जज्बा।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति


### अदम्य इच्छाशक्ति



भारतपुत्रियों ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अविचल धैर्य और अविराम पुरुषार्थ से वह विजयगाथा अंकित की है, जो लंबे समय तक भारत की स्मृति में अक्षय कीर्तिलेख रूप में प्रतिष्ठित रहेगी।
-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## करंट अफेयर


### हेगसेथ ने दक्षिण व उत्तर कोरिया का किया दौरा



अमेरिक के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को उत्तर और दक्षिण कोरिया के सीमा पर स्थित असैन्यीकृत क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने सुरक्षा वार्ता के लिए अपने सहयोगी दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा की भी शुरुआत की। हेगसेथ और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री आह्न ग्यू-बैक को निगरानी चौकी में सैन्य अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी। यह चौकी सैन्य सीमांकन रेखा के पास है, जहां का दौरा अमेरिका के कई राष्ट्रपति कर चुके हैं जिनमें 2019 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। हेगसेथ और बैक ने पनमुनजोम सीमावर्ती गांव का भी दौरा किया, जहां 1950-53 के कोरियाई युद्ध को रोकने के लिए एक युद्धविराम पर हस्ताक्षर किए गए थे। बैक के मंत्रालय ने कहा कि इस दौरे ने मित्र देशों के बीच 'मज़बूत संयुक्त रक्षा रुख और घनिष्ठ समन्वय की पुष्टि की'। दक्षिण कोरिया की सेना ने सोमवार को बताया कि देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल जिन योंग-सुंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जनरल डैन केन ने प्योंगटेक में एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे के ऊपर दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों के 'फ्लाईपास्ट' का निरीक्षण किया।

## ऑफ बीट

### महिलाएं घर में 427 अरब डॉलर का अवैतनिक श्रम करती है



ऑस्ट्रेलिया में लोग खाना पकाने, घर की साफ-सफाई और परिवार के सदस्यों की देखभाल जैसे अवैतनिक कार्यों में हर साल हजारों घंटे बिता देते हैं, जो अर्थव्यवस्था को बांधे रखने वाला एक अहम सूत्र है। लेकिन उन्हें आधिकारिक आर्थिक आंकड़ों में कोई मान्यता नहीं दी जाती। नया अध्ययन अर्थव्यवस्था में इस अवैतनिक श्रम के योगदान पर प्रकाश डालता है, जिसे 688 अरब अमेरिकी डॉलर के आसपास आंका गया है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है और इसमें अधिकांश योगदान महिलाओं का है। रोजाना औसतन 3 घंटे 56 मिनट घरेलू कामों में बीतते हैं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाएं रोजाना औसतन 3 घंटे और 56 मिनट का समय अवैतनिक काम एवं देखभाल में बिता देती हैं, जो प्रति सप्ताह 771 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। वहीं, पुरुष अवैतनिक काम एवं देखभाल पर रोजाना औसतन 2 घंटे और 28 मिनट का समय खर्च करते हैं, जो प्रति सप्ताह 493 अमेरिकी डॉलर के बराबर है। आबादी के हिसाब से देखें तो महिलाएं हर साल औसतन 427.3 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर अवैतनिक श्रम करती हैं, जबकि पुरुषों के मामले में यह आंकड़ा 261 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साइबर जालसाजों ने कारोबारी को लगाया 47 लाख रुपए का चूना

### पहले वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा और फिर फायमेक्स एप से शुरू करा दी ट्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साइबर जालसाजों ने बैरागढ़ के एक कारोबारी को 47 लाख 29 हजार 617 रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने पहले उन्हें वाट्सएप से जोड़ा और फिर फायमेक्स नाम के एप से ट्रेडिंग कराने लगे। शुरू में फायदा होने पर कारोबारी से बड़ी रकम निवेश कराई और फिर एप बंद कर लिया।

## शुरुआत में कारोबारी को होने लगा था लाभ, विश्वास जीतकर निवेश कराई बड़ी रकम

सायबर सेल ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों के इंडस लैंड बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एयू बैंक, यस बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई बैंक के खातों की जानकारी से तलाश शुरू कर दी गई है।

### 1930 पर की थी शिकायत

पुलिस के अनुसार नेहरू नगर पार्क के पास बैरागढ़ निवासी विमल गोस्वामी कारोबारी हैं। 8 अगस्त को साइबर सेल में उन्होंने बताया कि 17 जुलाई 2025 को अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें 5 एस्पेस व्ही 803 ट्रेडर्स नाम



फाइल फोटो

के वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा और फायमेक्स ट्रेडिंग एप के माध्यम से निवेश करने का झांसा देकर 47 लाख 29 हजार 617 रुपए की धोखाधड़ी कर दी। गोस्वामी का कहना है कि ग्रुप में 102 सदस्य और भी थे। ग्रुप में फायमेक्स नाम का एक एप भेजा गया। उन्होंने एप डाउनलोड कर चलाया तो उसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम होता दिखा। उनसे भी ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए बोला गया। शुरूआत में विमल ने 15 हजार अपने खाते से उक्त एप में जमा कर ट्रेडिंग शुरू की। उसके बाद 26 हजार रुपए भी जमा किए। शुरुआत में कुछ समय तक उन्हें फायदा होता रहा। साइबर जालसाजों ने विमल को फायदा कराकर भरोसे में ले लिया। इसके बाद उनसे कोई मोटी रकम निवेश करने की मांग की गई। फरियादी ने 7 अलग-अलग खातों में 47 लाख 29 हजार 617 रुपए एनईएफटी व आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। दोगुना और तीन गुना फायदा होने का झांसा देकर फरियादी से उक्त लाखों की रकम ट्रांसफर कराई गई। फरियादी का कहना है कि इतनी बड़ी राशि जमा करने के बाद भी उन्हें रिटर्न नहीं मिला। आरोपियों का फायमेक्स एप भी उनके मोबाइल से बंद हो गया। विमल गोस्वामी का कहना है कि मेरी पूरी राशि उलझी हुई है। साइबर फ्राड का अहसास होते ही उन्होंने सायबर क्राइम के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत की। फरियादी ने गुहार लगाई कि मेरे खाते से जितनी भी रकम ट्रांसफर की गई है, वो राशि अज्ञात आरोपियों के खातों में होल्ड लगाकर वापस कराई जाए।

## ठगी के आरोपी का अग्रिम जमानत आवेदन

पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने आरोपी साहिल पुत्र फिरोज अली पुत्र सईद निवासी चिन्चला बुरहानपुर मप्र के अग्रिम जमानत आवेदन को सुनवाई करने के बाद गंभीर प्रवृत्ति का अपराध होने से अपर सत्र न्यायाधीश मनोहरलाल पाटीदार ने निरस्त कर दिया है। आरोपी के अधिवक्ता ने आरोपी को प्रकरण में निर्दोष बताते हुए जमानत का लाभ प्रदान करने की मांग की थी, जबकि अपर जिला लोक अभियोजक ने पैरवी करते हुए आरोपी को अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का अपराध बताते हुए उसके जमानत आवेदन को निरस्त करने की मांग की थी। फरियादिया यशोदा मंगरानी निवासी बैरागढ़ ने 30 सितंबर 2024 को पुलिस थाना बैरागढ़ को शिकायत की थी कि वह सब्जी की दुकान से सब्जी खरीदकर अपने घर जा रही थी। आरोपी ने आवाज देकर उससे कहा कि वह पुलिसवाला है, क्षेत्र में कई चोर-लुटेरे और बदमाश घूम रहे हैं। आरोपी ने आभूषण उतारकर देने का कहा तो फरियादिया ने अपने आभूषण उतारकर आरोपी को दे दिए। आरोपी ने कागज की पुड़िया में आभूषण रखकर उसे वापस कर दिए। फरियादिया द्वारा कागज की पुड़िया खोलकर देखने पर उसमें नकली आभूषण रखे मिले।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में यात्री के हाथ से मोबाइल झपटा

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में निशातपुरा आउटर पर झपटमारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। वरोनी एक्सप्रेस में रानी कमलापति से महोवा की यात्रा कर रहे भोपाल के यात्री का अज्ञात झपटमार ने मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत दस हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार नवल किशोर पिता विहारी लाल (41) मकान नंबर-21, पीसी नगर, हबीबगंज में रहता है। उसने जीआरपी में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह प्राइवेट काम करता है।

### नागर और नंदवंशी हैं पटवा के लिए समर्पित



**औबेदुल्लागंज।** औबैदुल्लागंज के दो युवा नेता राहुल नागर और जीतू नंदवंशी विधायक सुरेंद्र पटवा के विश्वासपात्र और समर्पित है। इन दोनों युवा नेता पटवा के लिए हर समय उपलब्ध रहते हैं। इन दोनों को पद की लालसा भी नहीं है। राहुल नागर और जीतू नंदवंशी कहते हैं कि पहले पटवा है फिर पद है। हम नेता के लिए समर्पित रहे, वही हमारा पद है।

### 'पद मिला तो जनता के लिए कार्य करें'

**औबेदुल्लागंज।** गरीबों की दुकान तोड़कर उनको रोजगार के लिए अब तक जगह नहीं दी गई है। व्यंग्यकार रवि कहते हैं कि नेता को



पद तब सुंदर लगते हैं, जब गरीबों के लिए कुछ करो, पद तो ले लिया है, पद की शोभा भी बढ़ाओ। विधायक सुरेंद्र पटवा की सक्रियता, लगन और सबका साथ, सबका सम्मान की कार्यशैली को अपनाओगे तो जो पद मिला है, उसका सम्मान बढ़ेगा। पद लेकर पद का दुरुपयोग करोगे तो तुम आगे नहीं बढ़ पाओगे। पद मिला है तो करके दिखाओ, जिससे आम नागरिक तारीफ करें और जिस नेता ने तुमको पद दिया है, वह नेता तुम पर गर्व कर सकें।

### गालीगलौज की, महिला एएसआई निलंबित

भोपाल। रीवा आईजी गौरव राजपूत ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले और वीडियो बनाने वाले पुलिस कर्मियों को सख्त हिदायत दी है। दरअसल गुढ़ थाने में पदस्थ महिला एएसआई रन्नू रावत का गालियां देने और मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। बताया गया कि महिला पुलिसकर्मी जमीनी विवाद में जांच करने फरियादी के घर पहुंची थी। घटना गुढ़ थाना क्षेत्र के नगर परिषद गुढ़ वार्ड क्र. 2 की है। आईजी गौरव राजपूत ने कहा कि पुलिस अधिकारी अनर्गल बात करता है तो वह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। महिला एएसआई को निलंबित कर दिया है।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |
| तारा: | | | |
| दिन: | --- | -- | --- |
| रात: | --- | -- | --- |

### बीएसएस कॉलेज और रेलवे कॉलोनी के बीच मेट्रो प्रोजेक्ट के पास वारदात

# मप्र स्थापना दिवस का कार्यक्रम देखने जा रहे युवक पर तलवार से जानलेवा हमला

**मोहल्ले में रहने वाले युवक से है रंजिश**

**खून से लथपथ होने के बाद भागकर युवक ने बचाई जान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बीएसएस कॉलेज और रेलवे कॉलोनी के बीच मेट्रो प्रोजेक्ट के पास रविवार रात बदमाशों ने कार वाशिंग सेंटर के संचालक पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना रात करीब 9 बजे के आसपास की है। घटना के समय वह दुकान बंद कर लाल परेड मैदान में चल रहे मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम को देखने जा रहे थे। बदमाश हत्या करने की नियत से आए थे।

ताबड़तोड़ तलवार से हुए हमले को किसी तरह हाथ से रोकने के कारण उसके हाथ भी बुरी तरह से कटे हैं। इसके अलावा सिर और पैर में आधा दर्जन गहरे घाव है। उनका एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पांच लोगों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रिजवान खान पिता असलम खान (26) पिपलिया पेंदे खां में रहते हैं। उनका शक्ति नगर में कार वाशिंग सेंटर है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार को वह दुकान थे। शाम तक दुकान चलाई। रात में उन्हें लाल परेड मैदान में चल रहा मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम देखने जाना था। उनके दोस्तों का कॉल आया। उन्होंने कहा कि कुछ देर में पहुंच रहे हैं। रात पौने 9 बजे उन्होंने दुकान बंद की और बाइक उठाकर लाल परेड मैदान जाने के लिए निकल गए। बीएसएस कॉलेज निकलने के बाद वह रेलवे कॉलोनी की तरफ बढ़ रहे थे। इसी बीच मेट्रो प्रोजेक्ट के पास उन्हें मोहल्ले में रहने वाले उस्मान ने रोक लिया। उस्मान के साथ साहिल, अनस और दो अन्य साथी थे। सभी ने मिलकर मारपीट की और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। गर्दन और सिर पर तलवार से हो रहे हमले को रिजवान ने हाथ से रोका था। इससे उसके दोनों हाथ की कलाई और हथेली में चोट आई है, जबकि सिर में तलवार लगने से वह बेसुध होकर गिर गया था। इसके बाद भी बदमाशों ने उसके पैरों पर तलवार मारी। तलवार के करीब आधा दर्जन घाव उसके शरीर पर है।

### हमले के बाद आरोपियों से जान बचाकर भागा रिजवान



घायल युवक

रिजवान ने पुलिस को बताया कि उस्मान और उसके साथी रंजिश के कारण उसकी हत्या करने आए थे। तलवार से आधा दर्जन वार करने के बाद भी आरोपी उसे जान से मारने की नियत से हमला कर रहे थे। किसी तरह उसे होश आया और उसने कस्तूरबा मार्केट की तरफ जाने वाली सड़क की तरफ दौड़ लगा दी। एटीएम तक पहुंचने के बाद वह सड़क पर गिर गया। घटनास्थल पर अंधेरा था। यदि वह भागता नहीं तो आरोपी उसकी हत्या कर देते।

### रात में फरार हुए आरोपी

एसआई गोकुल प्रसाद ने बताया कि घायल अवस्था में देखकर कुछ लोगों ने उसे एम्स पहुंचाया था। एम्स की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल के बयान दर्ज किए। बयान के आधार पर उस्मान, साहिल, अनस सहित पांच आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दी गई थी, लेकिन वह फरार है।

### हरिगंगा नगर में मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग ने लगाई फांसी

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित हरिगंगा नगर में रविवार देर रात एक बुजुर्ग ने घर के पास बने गाय के कोठे में फांसी लगा ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई की उनका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। देर रात बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चरी भेज दिया। सोमवार को पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश साहू (58) आनंद नगर, पिपलानी में रहते थे। उनका एक घर हरिगंगा नगर, मिसरोद में है। हरिगंगा नगर में परिवार और बच्चे रहते हैं। बेटे का सब्जी का व्यवसाय है। घर के पास उन्होंने गाय का कोठा बना लिया है। टीनशेड के उनका बेटा आकाश साहू सब्जी का ठेला खड़ा करता है। आकाश ने पुलिस को बताया कि उनकी गाय ने बछड़ा दिया है। पिता गाय की देखभाल करने के इरादे से हरिगंगा नगर आए थे। रविवार देर रात करीब 12 बजे वह दुकान से घर लौटा और ठेला खड़ा करने के लिए टीनशेड में पहुंचा था। उसने देखा तो पिता फांसी के फंदे पर लटके थे।

**हबीबगंज अंडर ब्रिज के पास का मामला**

# स्कूटर सवार बदमाशों ने युवक से झपटा मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### आईएसबीटी की तरफ भाग निकले लुटेरे

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित हबीबगंज अंडर ब्रिज के पास दोस्त का इंतजार कर रहे एक युवक के साथ से स्कूटर सवार बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया।

घटना रविवार शाम करीब सात बजे की है। मोबाइल झपटने के बाद बदमाश तेजी से स्कूटर चलाते हुए आईएसबीटी की तरफ भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात झपटमारों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आईएसबीटी की तरफ जाने वाली सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से झपटमारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

जानकारी के अनुसार अजहर खान पिता रमजान खान (26) मूयर विहार, अस्सी फीट रोड अशोका गार्डन में रहता है और टाटा कंपनी में प्रायवेट नौकरी करता है।

रविवार शाम करीब 7 बजे वह अपने दोस्त बबी खान के साथ हबीबगंज अंडर ब्रिज के पास खड़े होकर एक दोस्त आर्यन वर्मा के आने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान स्कूटर सवार तीन बदमाश उनके नजदीक पहुंचे। स्कूटर पर सबसे पीछे बैठे बदमाश ने बबी खान के हाथ से उसका सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन झपट लिया और भागने लगे।

दोनों युवकों ने उनकी पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश आईएसबीटी की तरफ भाग निकले। घटना के समय दोनों युवक झपटमारों की स्कूटर का नंबर नहीं देख सके।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती, दो बच्चों सहित महिला को जबलपुर लेकर पहुंचा युवक, किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस ने 29 साल की महिला की शिकायत पर इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ अपहरण कर बंधक बनाने व दुष्कर्म करने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने महिला का उसके दो बच्चों के साथ चेतक ब्रिज के पास से अपहरण कर लिया था। वह महिला और उसके दो बच्चों को जबलपुर में किसी जगह ले गया और बंधक बनाकर दुष्कर्म करता रहा। चार दिन बाद आरोपी उक्त पीड़िता व उसके दोनों बच्चों को भोपाल छोडकर फरार हो गया। घर आकर पीड़िता ने अपने पति को सारा घटनाक्रम बताया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक गोविंदपुरा इलाके में रहने वाली 29 साल की महिला के दो बच्चे हैं। महिला अपने पति के साथ रहती हैं। करीब तीन माह पूर्व इंस्टाग्राम पर महिला की दोस्ती दीपक मालवीय से हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत भी होने लगी। इस बीच दीपक महिला से मिलने चेतक ब्रिज के पास पहुंचा। वहां महिला अपने दो बच्चों के साथ आ गई। आरोपी दीपक ने बहला-फुसलाकर बच्चों के साथ महिला का अपहरण कर लिया और जबलपुर के पास किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर बंधक बना लिया। महिला को बंधक बनाकर आरोपी दुष्कर्म करता रहा। विगत दो नवंबर को महिला और उसके दोनों बच्चों को भोपाल छोड़कर आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

**चार दिन तक बंधक बनाकर रखे था आरोपी दैहिक शोषण के बाद भोपाल छोड़कर हुआ फरार**

### वीर सावरकर कॉलेज से शुरू हुई यात्रा

## सांसद खेल महोत्सव के रथ ने किया जागरूक




नगर में भ्रमण करता सांसद खेल महोत्सव रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का रथ वीर सावरकर कॉलेज से शुरू हुआ और नगर भ्रमण कर खेल भावना को जगाया गया।

इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, माधव यादव, पार्षद सुजीत यादव, मनोज चौरसिया, दीपक परमार, कोमल चौहान, लोकेश परमार आदि के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक विष्णु के जन्मदिन पर लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बैरसिया।** विधायक विष्णु खत्री के जन्मदिन पर ईंटखेड़ी पर स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रभारी मंत्री चेतना कश्यप ने विधायक विष्णु खत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने जन्मदिन पर जनसेवा वाले आयोजनों की प्रशंसा की।



खत्री को बधाई डॉ. यादव और काश्यप

### उप्र के मंत्री गुप्ता ने की विधायक पटवा से मुलाकात

**औबेदुल्लागंज।** सोमवार को उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी का विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर भव्य स्वागत किया गया। पटवा ने गुप्ता का सम्मान किया।



गुप्ता का सम्मान करते पटवा

### फर्जी दस्तावेज से बंधक भूखण्ड मुक्त कराने के आरोपी का जमानत आवेदन निरस्त

**भोपाल।** फर्जी दस्तावेज से बंधक भूखण्ड मुक्त कराने के आरोपी आशीष कुमार दत्ता का जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने सुनवाई के बाद प्रकरण की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया है। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने ग्राम बड़वई स्थित भूमि पर विकसित की जा रही गोकुलधाम का कॉलोनी की विकास अनुमति और विकास कार्य के संबंध में नगर निगम भोपाल ने कुल 111 भूखण्ड बंधक रखे थे। नगर निगम ने 82 भूखण्ड पूर्व में मुक्त कर दिए थे। शेष 29 भूखण्ड बंधक थे। आरोपी ने 3 जुलाई 2024 को नगर निगम के उपयंत्री कॉलोनी प्रकोष्ठ गोपीलाल चौधरी के फर्जी हस्ताक्षर कर किसी फर्जी व्यक्ति को जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित कराकर शेष 29 बंधक भूखण्ड में से 26 भूखण्ड के बंधक मुक्त दस्तावेज बनाकर उसे जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत कराया था। 12 जुलाई 2024 को नगर निगम के अधिकारियों द्वारा थाना शाहजहांनाबाद में इस संबंध में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया गया था। थाना शाहजहांनाबाद ने आरोपी आशीष दत्ता सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया था।

**4 नवंबर को होगा आयोजन**

### प्रकाश पर्व पर होगा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** श्री गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव नगर कीर्तन 4 नवंबर को शाम 5 बजे से झूलेलाल मंदिर महावीर कॉलोनी से प्रारंभ होगा। मेन बाजार से होते हुए विशाल कीर्तन रात 8 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा औबेदुल्लागंज में समाप्त होगा। इसके बाद अटूट लंगर होगा। इस अवसर पर गुरमीत सिंह दुल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह, लक्की, पवनजोत सिंह, तेजिंदर सिंह, मनिंदर सिंह, हरदीप सिंह नीटू ने बताया कि 6 नवंबर को सुबह 10 बजे से 1:30 बजे तक कीर्तन दरबार होगा संजय कोठारी परिसर में गुरु का अटूट लंगर वरतेगा। प्रकाशोत्सव कार्यक्रम में रागी जत्था के भाई बलवीर सिंह चंडीगढ़ वाले औबेदुल्लागंज के हेड ग्रंथी ज्ञानी हरसरूप सिंह विशेष रूप से कार्यक्रम में शोभा बढ़ाएंगे। प्रबंधक कमेटी ने अपील की है कि समागम में हाजिरी भरे और कीर्तन सुनकर अपना जीवन सफल करें।

### 286 अवैध नशीली कफ सिरप जब्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश का रीवा और आसपास नशीली सिरप खुलेआम बेची जा रही है। इसके कारण रीवा आईजी गौरव राजपूत ने नशे के विरुद्ध अभियान छेड़ दिया। इसी क्रम में मैहर पुलिस ने 286 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नंदकिशोर उर्फ छोटे भइया पटेल बड़ा टोला सनेही निवासी ने 2 बोरियों में कफ सिरप भरकर उन्हें घर के सामने रखी रेत के ढेर में छिपा दिया था। उसके ऊपर से लौकी की बेल लगा दी थी। पुलिस ने जेसीबी से रेत से 57629 रुपए कीमत की अवैध 286 शीशी कफ सिरप बरामद की। नंदकिशोर के विरुद्ध केस पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी ने बताया कि वह 240 रुपए प्रति शीशी कफ सिरप खरीदकर 300 रुपए में बेचता था।

## औबेदुल्लागंज में 13 जगहों पर चल रहे जुए के अड्डे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर और आसपास 13 जगह जुए के अड्डे चल रहे हैं। जुआ खिलाने वाले फोन कर अड्डे का पता बताते हैं कि यह सुरक्षित स्थान है पुलिस को पता नहीं चलेगा। चर्चा जोरों पर है कि अर्जुन नगर में सात जगह जुआ चल रहा है।

दशहरे से अभी तक दीवाटिया, प्लास्टिक पार्क, तामोट, औबेदुल्लागंज में कृषि उपज मंडी, माता मंदिर रोड के पीछे अर्जुन नगर की गली नंबर 1 वार्ड नंबर 12 एवं वार्ड नंबर 10 में दिन रात में जुआ खिलाया जा रहा है। जुए में हारने वाले लोगों ने बताया कि 5 से 10% नाल काटी जा रही है। औबेदुल्लागंज में कई ऐसे जुआरी है, जो एक रात में तीन-तीन लाख रुपए हारे हैं। जुए के अड्डे को पकड़ने के लिए पुलिस की लापरवाही सामने आई है, कई लोगों ने फोन कर और थाने में जाकर जुए अड्डे चलने की शिकायत की है, लेकिन अभी तक पुलिस ने छापेमारी नहीं की है। टीआई भारत प्रताप सिंह ने फोन पर बताया कि हमने चेतावनी दी है कि जुआ खिलाने वालों का जुलूस निकाला जाएगा। गौरतलब है कि औबेदुल्लागंज में रात्रि में जुआ खेलने वालों ने कुछ दिन पहले जुए में हारने के कारण बस लूटी थी, जिसमें औबेदुल्लागंज पुलिस ने अपराधियों को भी पकड़ा है।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पालिका गंभीर नहीं, नगरवासी परेशान

# बेशकीमती जमीनों पर पन्नी तान कर जमाया अवैध कब्जा

**अतिक्रमण के कारण सड़कों पर लग रहा जाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप में अतिक्रमण एक बार फिर नगर में बड़े स्तर पर अपना पैर पसार रहा है। शहरों की मुख्य जगहों में छोटे फल, सब्जी, रेहड़ी वाले दुकानदारों ने पन्नी तान कर अवैध कब्जा जमा रखा है। जिसको हटाने को लेकर न तो नपा गंभीर है और न ही जनप्रतिनिधि।

नपा द्वारा पिछले पंचवर्षीय में नगर के गांधी चौक, मंगल बाजार समेत कई जगहों से अतिक्रमण हटाए थे, परन्तु जैसे ही नया कार्यकाल आया, अतिक्रमण कारियो ने कब्जा करना शुरू कर दिया। वही नपा के अतिक्रमण दस्ता अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को पनाह दे रहा है। जिससे नगर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। नगर पालिका के जनप्रतिनिधि न तो अतिक्रमण हटाने को लेकर रुचि ले रहे है। न तो शहर को स्वच्छ बनाने में रुचि रख रहे है।

### सेंटर वर्ज में लगाना था पौधे

मंडीदीप के मंगल मार्केट, और शनिवार बाजार में बनाए गए रोड में पौधे लगाने का प्रताव था परन्तु पौधे तो नहीं लगे परन्तु अतिक्रमण जरूर हुआ। जिससे प्रतिदिन नगर में जाम की स्थिति बनती जा रही है।



मुख्य बाजारों में सड़क किनारे अतिक्रमण कर बनाई गुमटियां

### मुंह देखकर कार्रवाई

नपा जनप्रतिनिधि मुंह देख कर कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे वह अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। नपा के जिम्मेदार छोटी-मोटी कार्रवाई से वाहवाही लूटना चाहते हैं।

### बोट बैंक की राजनीति के कारण नहीं होती कार्रवाई

नगर पालिका के सामने आए दिन अतिक्रमण बढ़ रहा है, जबकि बड़े दुकानदार लाखों का किराया देते है। नाम न छापने की शर्त पर एक दुकानदार ने बताया कि अतिक्रमण सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण हो रहा है, जहां बड़े व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है।

### अतिक्रमण हटाएंगे

हमने एक माह पहले अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। त्यौहार के कारण अभी कार्रवाई नहीं की गई है। जल्द ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

**प्रशांत जैन**
सीएमओ, नगर पालिका मंडीदीप

# फाइनल में अब्दुल, इंटरमीडिएट में मानस नाथानी और फाउंडेशन में अक्षता जैन रहीं प्रथम

## आईसीएआई द्वारा सीए फाउंडेशन, सीए इंटरमीडिएट और सीए फाइनल का रिजल्ट किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसीएआई ने सितंबर 2025 सत्र के सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा के नतीजे सोमवार को जारी किए, जिनमें पास प्रतिशत मई 2025 की तुलना में घटा है। इस परीक्षा में फाइनल टॉपर धामनोद के मुकुंद अग्रवाल रहे, जिन्होंने 500 अंक (83.33%) हासिल किए। सीए फाइनल में भोपाल से सिटी टॉपर अब्दुल मुआज रहे तो वहीं मानस नाथानी ने इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पाया और अक्षता जैन सीए फाउंडेशन में पहले स्थान पर रहीं।



### रोजाना करता 10से 11 घंटे पढ़ाई

सीए इंटरमीडिएट में द्वितीय स्थान 66.67% पाने वाले वैदिक जैन ने बताया कि सीए इंटरमीडिएट करने के लिए रोजाना में 10 से 11 घंटे पढ़ाई करता था। कोचिंग क्लास तो करता था लेकिन कोचिंग से ज्यादा घर में पढ़ाई करता था। जो भी दोस्त थे वो भी सीए की तैयारी कर रहे थे। तो लगता था कि अच्छा करना है। समाज में सम्मान चाहिए, पैसा चाहिए तो सीए बनाना है, बस इसी वजह से दिल लगाकर तैयारी की और फर्स्ट अटेम्प्ट में क्लियर किया।

### एग्जाम का प्रेशर इतना था कि कुछ दिनों के लिए डिप्रेशन में चला गया था



सीए फाइनल में सिटी टॉपर रहे अब्दुल मुआज, 67.50% कहते हैं मैं डेढ़ साल से तैयारी कर रहा था, और एग्जाम का प्रेशर इतना था कि मैं कुछ दिनों के लिए डिप्रेशन में चला गया था। लेकिन यह मेरा सीए फाइनल का पहला अटेम्पट था। डेढ़ साल पहले लगता था कि कैसे होगा, लेकिन घरवालों ने कहा कि अपनी मेहनत करो और बाकी ऊपर वाले पर छोड़ दो। उनका यह वाक्य मेरे लिए प्रेरणा बन गया और हार न मानते हुए तैयारी में जुट गया। तैयारी के लिए मैंने क्लासेस ली थीं। डाउट को टीचर्स के साथ क्लियर किया।

### फैमिली के फुल सपोर्ट से हासिल कर पाया सफलता



सीए फाइनल में द्वितीय स्थान 67.33 %, पाने वाले साद खान ने बताया कि मेरे माता पिता का सपना था कि मैं सीए बनूं। इसके लिए मैंने सीए की कोचिंग क्लास ली और तैयारी करना शुरू किया। कोचिंग में 2 घंटे देता था, उसके बाद ज्यादातर सेल्फ स्टडी ही करता था। एक दिन में 10 से 12 घंटे पढ़ाई करता था, डेढ़ साल की तैयारी के बाद फर्स्ट अटेम्प्ट में मैने सीए फाइनल कर लिया। मेरे परिवार में सभी ने सपोर्ट किया है। मेरे पिता प्राइवेट काम करते हैं और मम्मी हाउस वाइफ हैं। फैमिली का मुझे फुल सपोर्ट मिला।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट बनेगा धार जिले के मध्यम वर्ग परिवार का बेटा मुकुंद

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीए फाइनल ईयर के टॉपर मुकुंद को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के धामनोद के निवासी मुकुंद आगीवाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीए फाइनल में टॉपर बने मुकुंद आगीवाल एक मध्यमवर्गीय परिवार का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुकुंद के पिता स्टेशनरी दुकान का संचालन करते हैं। साथ ही डॉ. यादव ने कहा कि मुकुंद ने यह सिद्ध कर दिया कि साधन और सुविधाएं किसी लक्ष्य को पाने में बाधा नहीं बनती है। लगन और कुछ कर गुजरने के जज्बें से असंभव कार्य को संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुकुंद और उसके परिवार को गौरान्वित करने वाली सफलता के लिए बधाई दी है।



### फाउंडेशन में थी रैंक वन अब इंटरमीडिएट में सिटी टॉपर



सीए इंटरमीडिएट में सिटी टॉपर रहे मानस नाथानी, 70.33% कहते हैं कि मैंने 2024 में सीए फाउंडेशन क्लियर किया था, उसमें एमपी रैंक थी। इसके बाद इंटरमीडिएट की तैयारी शुरू की। इंदौर से ऑनलाइन कोचिंग ली। खुद से तैयारी की। कभी भी ओवर स्ट्रेस नहीं लिया। कई लोग लगातार पढ़ाई करते हैं, लेकिन मैं एग्जाम में भी रोज दोस्तों से मिलता था। हर दो घंटे की पढ़ाई के बीच ब्रेक जरूर लिया, इससे माइंड फ्रेश रहा। खेलता भी था। बस कंसिस्टेंसी के साथ पढ़ाई की और सफल हुआ

### शुरू से ही पूरी तैयारी की, जिससे सफलता मिली



सीए फाउंडेशन में पहला स्थान पाने वाली अक्षता जैन, 75.25% का कहना हैं कि सीए फाउंडेशन के लिए यह मेरा पहला अटेम्पट था। कोचिंग में जो भी पढ़ाया जाता उसे घर आकर पढ़ती थी, इससे तैयारी अच्छी हो गई। परीक्षा के दिनों में तनाव तो रहता ही था, उसे दूर करने के लिए मैं वॉक करती थी या परिवार और मेंटर से बात करती थी। गौतम जैन सर का बहुत सपोर्ट रहा। जो भी डाउट होता, उसे क्लियर करती और शुरू से ही पूरी तैयारी की, जिससे सफलता मिली।

### आगे चलकर एक अच्छी कंपनी ओपन करनी है



सीए फाउंडेशन में द्वितीय स्थान 75% पाने वाले कुनाल रमानी ने बताया कि 12 से 14 घंटे पढ़ाई करता था। कोचिंग के साथ साथ घर पर भी मेहनत की, इसीलिए पहली बार में ही फाउंडेशन क्रेक किया लेकिन मेरी इस सफलता में फैमिली का बहुत बड़ा योगदना और सपोर्ट रहा। उन्होंने कभी भी मुझपर बहुत ज्यादा दबाव नहीं बनाया, लेकिन चाहत है कि आगे चलकर एक अच्छी कंपनी ओपन करनी है।


---

### 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश का तीसरे व अंतिम दिन

# ड्रोन शो, महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य और सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा की सुगम संगीत प्रस्तुति रही खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के हृदय - मध्यप्रदेश ने अपने 70वें स्थापना दिवस पर अभ्युदय मध्यप्रदेश की अंतिम संध्या ड्रोन शो, महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य और सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर की सुगम संगीत की प्रस्तुति के नाम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य ड्रोन शो के प्रदर्शन से किया गया। इस शो में 2000 ड्रोन ने एक साथ विरासत से विकास पर केंद्रित आसमान में आकृतियां बनाईं। इन आकृतियों में जहां एक ओर मध्यप्रदेश की समृद्ध विरासत देखने को मिली, तो वहीं दूसरी ओर सशक्त वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य की आकृतियां भी विशेष थीं। इसके बाद महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन हुआ। शनिवार को पहले दिन हुए प्रदर्शन के बाद दर्शकों में इतना उत्साह और उमंग थी कि आम नागरिकों की मांग पर इसका पुनः प्रदर्शन किया गया।



लाल परेड ग्राउंड में मंच पर प्रस्तुति देतीं स्नेहा शंकर।



सोमवार को लाल परेड ग्राउंड में महानाट्य विक्रमादित्य का प्रदर्शन करते उज्जैन के कलाकार।

### स्नेहा के स्वर की कोमलता ने हृदय को छुआ

महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य की यादगार और भव्य प्रस्तुति के बाद शाम की सुरमई संध्या की खास प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर एवं साथी, मुंबई द्वारा सुगम संगीत की मनमोहक प्रस्तुति का मौका था। उनकी गायकी में ऐसा सुरीलापन और आत्मीयता झलकी, मानो हर सुर में एक कहानी, हर ताल में एक भावना बसी हो। मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को भावनाओं के सागर में डुबो दिया। श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे - कभी स्वर की कोमलता ने हृदय को छुआ, तो कभी लय की गहराई ने मन को आल्हादित कर दिया। उनकी आवाज में था संगीत का जादू, जिसमें संवेदना, समर्पण और सहजता का अद्भुत संगम था एक ऐसी प्रस्तुति जो देर तक श्रोताओं के मन में गूंजती रही।

### अपना पहला प्लेबैक डेब्यू एआर रहमान के साथ करना किसी सपने से कम नहीं....

*स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आईं प्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर और उनके पिता प्रसिद्ध संगीतकार राम शंकर से खास बातचीत*

**भोपाल ।** मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। पहला प्लेबैक डेब्यू,ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान के साथ करना मेरे लिए एक बहुत बड़ी बात है। जब से मैंने संगीत को समझना शुरू किया, तब से मैं उन्हें अपना आदर्श मानती हूं। वह मेरे पसंदीदा संगीतकारों में से एक हैं। और इनके साथ मेरा पहला प्लेबैक डेब्यू मणिरत्नम की फिल्म, 'ठग लाइफ' में हुआ। जिसमें मुख्य कलाकारों के रुप में कमल हासन, सिम्बु, तृषा ने काम किया। यह कहना है प्रसिद्ध संगीतकार राम शंकर की बेटी और महान संगीतकार शंकर की पोती स्नेहा शंकर का। जो सोमवार को स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

**एक दिन न रियात करना, सात दिन पीछे जाने के बराबर**

मुंबई में जन्मी और पली-बढ़ी स्नेहा कहती हैं कि संगीत से मेरा बचपन से ही गहरा नाता रहा हैं, जब तीन साल की थी तब से पिता मुझे संगीत सिखाते, क्योंकि मेरे पिता का कहना है कि यदि आप एक दिन रियाज नहीं करते तो आप एक साप्ताह पीछे चले जाते हैं।



पिता रामशंकर के साथ स्नेहा।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है जब मैं छह साल की थी, तब पहली बार स्टेज पर गाया था यही वो पल था जब मैंने तय कर लिया कि संगीत ही मेरा रास्ता होगा।

**याद पिया की... गीत सुनकर श्रेया घोषाल की आंखें हुईं नम**

उन्होंने कहा कि इंडियन आइडल ने न सिर्फ मुझे पहचान दी बल्कि मुझे अपने भीतर छिपी क्षमताओं को समझने का अवसर भी दिया। प्रतियोगिता ने सिखाया कि मेहनत और समर्पण से ही सफलता मिलती है। यही वजह रही कि याद पिया की... गीत सुनकर श्रेया घोषाल की आंखे नम हो गईं।

---

भोपाल आए एक्टर हर्षवर्धन राणे की हरिभूमि से खास बातचीत

## भोपाल मेरे लिए लकी, पिछली बार एग्जाम में किया टॉप, इस बार फिल्म ने किया सौ करोड़ का बिजनेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

सनम तेरी कसम फिल्म से पहचान बनाने वाले एक्टर हर्षवर्धन राणे सोमवार को भोपाल पहुंचे। उनकी नई फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' हाल ही में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में एक्टर हर्षवर्धन ने कहा कि भोपाल में कॉलेज के एग्जॉम दे चुका हूं और टॉप किया था और आज मेरी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत ने सौ करोड़ क्रास किए हैं तो मेरे लिए भोपाल लकी है।



एक्टर हर्षवर्धन राणे

### कुछ मांगने नहीं, बस थैंक्यू बोलने आया हूं.....

अभी मुझे फिल्म के 100 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होने की न्यूज मिली। इसलिए भोपाल की जमीन मेरे लिए बहुत लकी है। हर्षवर्धन ने कहा कि भोपाल में कुछ मांगने नहीं, बस थैंक्यू बोलने आया हूं। पूरे भारत में निकला हूं। हर स्टेट में थैंक्यू बोलने जा रहा हूं। तो इसी कड़ी में भोपाल में कुछ मांगने नहीं, मेरे फेंस को थैंक्यू बोलने आया हूं।

**हमेशा दूंगा ईश्वर को धन्यवाद**

2016 में रोमांटिक ड्रामा 'सनम तेरी कसम' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले हर्षवर्धन ने कहा कि लोग कहते हैं कि नौ साल बाद मुझे यह सफलता मिली, लेकिन मैं कहता हूं कि जब भी आपको कुछ मिल जाए तो बस ईश्वर को धन्यवाद दो और अपना काम करते चलो।

## एसआईआर की आई है बारी, अब सही मतदाता सूची होगी जारी

**भोपाल।** स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने एसआईआर को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । सारिका ने बताया कि वे सीईओ संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं। सारिका ने बताया कि वएसआईआर अभियान में मंगलवार 4 नवंबर से 4 दिसंबर की अवधि क्षेत्र के बीएलओ आपके घर पर पहुंचकर निर्धारित जानकारी प्राप्त करेंगे।



एसआईआर के बारे में बतातीं सारिका।

---

## मैथिल डॉ.सतीश दुबे स्मृति क्षितिज लघुकथा रत्न से हुए सम्मानित



घनश्याम मैथिल अमृत का फाइल फोटो।

**भोपाल।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार और लघुकथा लेखक घनश्याम मैथिल अमृत को वर्ष - 2025 के डॉ.सतीश दुबे स्मृति लघुकथा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। क्षितिज द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ल घु क था सम्मेलन एवं साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर के सभागृह में हुआ। जिसमें नर्मदा प्रसाद उपाध्याय, राकेश शर्मा संपादक, सतीश राठी, क्षितिज दीपक गिरकर सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद थे।

- मध्यभारत हिंदी साहित्य समितिं इदौर के सभागृह में किया सम्मानित

## कुटुंब को हमेशा एक रखने के लिए प्रेम और त्याग के गुणों का विकास बेहद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिवाजी नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रथम वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. निवेदिता शर्मा ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के प्रति भारतीय दृष्टिकोण विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कुटुंब को एक रखने के लिए प्रेम और त्याग के गुणों का विकास करना आवश्यक है।

परिवार अधिकार भाव से नहीं, बल्कि कर्तव्य भाव से चलते हैं। हमारा परिवार पर्यावरण हितैषी बने, यह भाव जागृत करना भी हमारा कर्तव्य है। द्वितीय वक्ता रुचि सचान ने भारत के विकास में नारी का योगदान विषय पर उद्बोधन दिया।



सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का एक दृश्य।





लोक सेवा में ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते कर्मचारी।

## राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में सतर्कता जागरुकता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान ने भारत सरकार के विभिन्न निकायों के निर्देशों के अनुरूप 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह आयोजन सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर मनाया गया। जिसमें कर्मचारियों ने सतर्कता शपथ ली और लोक सेवा में ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने के लिए एकता शपथ और परिसर में एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया।

श्रीरामचंद्र पथ गमन के चिह्नांकित जिलों के 9 स्थलों पर हुए भव्य आयोजन

## चित्रकूट से लेकर अमरकंटक तक 3,51,111 दीपमालाओं से आलोकित हुई प्रदेश की पावन धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन दिवस पर जब संपूर्ण सृष्टि में देवता पुनः जागृत होते हैं, उसी शुभ घड़ी में श्रीराम पथ गमन के पावन मार्ग पर भक्ति, प्रकाश और संस्कृति का महा-संगम प्रस्फुटित हुआ। 3,51,111 दीपों की ज्योति जब एक साथ प्रज्वलित हुई। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एन.पी. नामदेव ने बताया कि यह दीपोत्सव पर्व-2025 न केवल श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि हमारी सभ्यता, आस्था और संस्कृति की वह अखंड ज्योति है जो पीढ़ियों तक हमारे भीतर रामत्व को उजागर करती रहेगी। अमरकंटक में रामघाट पर और नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर 51000 दीपमालाओं के तट जगमगा उठे।



चित्रकूट में दीपोत्सव का एक दृश्य।

### वेदिका मिश्रा एवं साथी कलाकारों ने घोले आध्यात्मिक रस

पन्ना की वेदिका मिश्रा एवं साथी कलाकार अपने भजनों से इस धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुष्ठान में भक्ति के रस घोल दिए। उमरिया के प्राचीन सगरा मंदिर प्रांगण में 31,000 दीप अर्पण किए जाएंगे तो पंडितों द्वारा महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर शहडोल के सीतामढ़ी(गंधिया) में 5 नवंबर को 11,000 दीप प्रज्ज्वलन के साथ श्रीरामचंद्र और माता सीता की महाआरती की जाएगी।

### मोहक मुद्राओं, सधे हुए लय-ताल और भावपूर्ण अभिव्यक्ति रही खास

## 'ओडिसी नृत्य साधना' से सजा एमएलबी कॉलेज का सभागार



नृत्य की प्रस्तुति देती एक छात्रा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमएलबी कॉलेज का सभागार सोमवार को भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की मधुर लहरियों से सराबोर रहा। जिसमें छात्राओं ने ओडिसी नृत्य प्रस्तुति का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि रहे साहित्य अकादमी के निदेशक एवं प्रख्यात साहित्यकार विकास दवे। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण प्रस्तुति रही देवकी मलिक एवं सुनीमा प्रधान (कंधमाल, ओडिशा) की 'ओडिसी नृत्य साधना'।



इस प्रस्तुति में दोनों नृत्यांगनाओं ने अपनी मोहक मुद्राओं, सधे हुए लय-ताल और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य की हर मुद्रा ने भक्ति, सौंदर्य और नारी गरिमा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। आयोजन का संचालन डॉ. रोली शुक्ला ने अत्यंत प्रभावशाली, सधे और कलात्मक ढंग से किया, अतिथियों का स्वागत नृत्य विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. विजया शर्मा ने किया।



महाविद्यालय में ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति देतीं छात्राएं।





पीएम मोदी का विपक्षी दलों पर **बड़ा आरोप**

# राजद-कांग्रेस को कट्टा और कट्टरपंथी ही पसंद, राजद ने छठी मइया का किया अपमान

एजेंसी ▶▶ कटिहार/ सहरसा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कटिहार में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस गठबंधन पर आरोप लगाया कि ये दल भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं। ये (राजद-कांग्रेस) चाहते हैं कि मुफ्त राशन घुसपैठियों को मिले, न कि बिहार के मूल निवासियों को। हम घुसपैठियों को बिहार और देश के संसाधनों पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद 'कट्टा और कट्टरपंथी' जैसे हैं। इसी वजह से इन्होंने तीन तलाक कानून का विरोध किया और अब वक्फ एक्ट को खत्म करने की बात कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने कट्टरपंथ के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि आपका एक वोट बिहार को समृद्ध बनाएगा। फिर एक बार, बिहार में फिर से सुशासन सरकार। कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि राजद ने कांग्रेस नेताओं को बौना बना दिया है। राजद के पोस्टरों पर कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब हैं। दोनों दलों में अंदरूनी कलह चल रही है। कांग्रेस के नामदार नेता ने राजद को जिताने के लिए छठी मइया का अपमान किया। इतना ही नहीं, केरल कांग्रेस नेताओं ने बिहार के लोगों की तुलना 'बीड़ी' से की, यह बेहद शर्मनाक है।

**युवाओं के वोटों से बनेगी सरकार, जंगलराज की होगी हार**

राजद के पोस्टरों में कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब

## राजद-कांग्रेस विनाश के प्रतीक



पीएम नरेंद्र मोदी ने सहरसा में चुनाव रैली को संबोधित किया

पीएम ने सहरसा में कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विकास की पहचान है जबकि राजद-कांग्रेस विनाश के प्रतीक हैं। नए और प्रथम बार वोट डालने वाले मतदाता बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट करें। पहली बार वोट देने वाले नौजवानों के वोट से राजग की सरकार बनेगी और जंगलराज की हार होगी। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, यह रफ़्तार रुकनी नहीं चाहिए। फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बनेगी। युवाओं की आकांक्षाएं पूरी होंगी और हमारा संकल्प है कि बिहार का युवा, बिहार में ही रोजगार पाए।

## राजद-कांग्रेस गठबंधन का होगा सफायाः शाह



शिवहर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**शिवहर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने पर बिहार में रक्षा गलियारा तैयार किया जाएगा और प्रत्येक जिले में कारखाने लगाए जाएंगे। शाह ने शिवहर और सीतामढ़ी में विश्वास जताया कि 14 नवंबर को जब चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तब दोपहर एक बजे तक राजद-कांग्रेस गठबंधन का सफाया हो जाएगा और बिहार में पुनः राजग की सरकार बनेगी। शाह ने कहा कि राजग की सरकार बनने पर राज्य को बाढ़मुक्त बनाने के लिए एक आयोग का गठन किया जाएगा। कोसी नदी के जल का उपयोग कर मिथिलांचल क्षेत्र की 50,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जाएगी। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग और औद्योगिक पार्कों का निर्माण किया जाएगा। बिहार के हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा।

यूपी के सीएम योगी का तंज

## महागठबंधन में 'पप्पू, अप्पू और टप्पू' नाम के तीन बंदर



केवटी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ

**दरभंगा।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने केवटी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद सांप है और कांग्रेस रामद्रोही, देशद्रोही और मां जानकी के विरोधी हैं। यह लोग सनातन परंपरा को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आज गांधी जी के तीन बंदरों की तरह बिहार के महागठबंधन में भी तीन बंदर हैं। इना नाम पप्पू, अप्पू और टप्पू। पप्पू सच बोल नहीं सकता, अप्पू सच सुन नहीं सकता और टप्पू सच देख नहीं सकता। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह तीनों (पप्पू, टप्पू और अप्पू) बंदर न सच देखते हैं, न सुनते हैं, न बोलते हैं। उन्हें एनडीए सरकार का विकास दिखाई नहीं देता। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया और अपराधियों का सफाया हुआ है, और अब राज्य माफिया और अपराध-मुक्त बन चुका है। उन्होंने जनता से अपील की कि बिहार में भी डबल इंजन की सरकार बनाकर विकास, विरासत और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करें।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का आरोप

## नीतीश को डुबाने की चाल चल रहे हैं पीएम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी अब नीतीश को डुबाने की चाल चल रहे हैं। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह कटाक्ष भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीतीश को इस तरह गायब कर दिया है कि अब उन्हें सीएम बनाने का नाम ही नहीं लिया जा रहा है। कांग्रेस प्रमुख ने पटना में रविवार को हुए पीएम के रोडशो का उल्लेख करते हुए कहा कि नीतीश जी कहां थे, नहीं दिखे। राजग सरकार बनाने की बात करने वालों ने उन्हें गायब कर दिया। इतना गायब कर दिए, उनको सीएम बनाने का नाम नहीं लेते। खरगे ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार को 'हाईजैक' कर लिया गया है और चुनाव के बाद उन्हें दूध से मक्खी की तरह बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये लोग घोषणापत्र जारी करने आए तो सिर्फ 36 सेकंड में प्रेस वार्ता ख़त्म कर दी। 20 साल से शासन में हैं दो मिनट तो रुक जाते। दो दशकों से बिहार में भाजपा-जद(यू) की सरकार है और 11 वर्ष से मोदी जी केंद्र में हैं। आज अगर मुद्दों की बात करें तो बिहार के लोगों के लिए सबसे बड़े समस्याएं, महंगाई, बेरोज़गारी, बढ़ता पलायन और आर्थिक असमानता है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

## पीएम 'अपमान मंत्रालय' बनाएं : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें अलग से एक 'अपमान मंत्रालय' बनाना चाहिए ताकि वह विपक्ष पर बार-बार अपमान का आरोप लगाने में जो समय बर्बाद करते हैं, वह न करें। उन्होंने बिहार के सहरसा और लखीसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए महिलाओं का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार से 10 हजार रुपए ले लें, लेकिन वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट कतई न दें क्योंकि इस सरकार की नीयत साफ नहीं है और यह 10 हजार रुपये 'राजनीतिक घूस' है। प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि बिहार में कोई 'डबल इंजन सरकार' नहीं है, बल्कि 'सिंगल इंजन सरकार' है जिसे पीएम मोदी चला रहे हैं।



सांसद प्रियंका गांधी

## कट्टा टिप्पणी पर तेजस्वी का पलटवार, ऐसा शब्द किसी पीएम के मुंह से पहले कभी नहीं सुना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के 'कट्टा' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी पीएम को ऐसे शब्दों का प्रयोग करते नहीं सुना। तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम जी की टिप्पणी को लेकर मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। मैंने अपने जीवन में किसी पीएम को इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करते नहीं सुना। यह उनकी सोच को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पीएम गुजरात जाते हैं तो वहां आईटी फैक्ट्री, सेमीकंडक्टर यूनिट और डेटा सेंटर की बात करते हैं। लेकिन जब बिहार आते हैं तो 'कट्टा' की बात करते हैं।



पटना जिले के मनेर में राजद नेता तेजस्वी यादव

## खबर संक्षेप

### केरल में ममूटी को मिला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

**कोच्चि।** केरल स्टेट अवॉर्ड 2025 के विजेताओं के नामों की घोषणा की गई है। सात सदस्यों वाली ज्यूरी में अभिनेता प्रकाश राज भी शामिल हैं। मलयालम सिनेमा के दिग्गज कलाकार ममूटी को फिल्म 'ब्रह्मयुगम' के लिए मिला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। 'मंजुमल बॉयज' को केरल स्टेट अवॉर्ड 2025 में बेस्ट फिल्म बताया है।



### डीएलसी अभियान का चौथा चरण शुरू

**नई दिल्ली।** डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 का लक्ष्य देशभर में दो करोड़ पेंशनरों तक पहुंचना है। यह अभियान 2,000 से ज़्यादा शहरों और कस्बों में चलाया जाएगा ताकि हर पेंशनर तक सुविधा पहुंच सके। इसके तहत केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में पेंशनर्स से बात की।



### बीआईएस के महानिदेशक बने संजय गर्ग

**नई दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक के रूप में संजय गर्ग ने पदभार ग्रहण किया है। गर्ग ने इस महीने की शुरुआत के साथ ही 1 नवंबर 2025 से नया पदभार ग्रहण किया है। वे केरल कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस हैं।

पीएम ने एक लाख करोड़ की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना का शुभारंभ किया

# कहा- भारत के पास आज दुनिया का सबसे सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना की गई है। पीएम ने एक लाख करोड़ रुपए के आवंटन के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में भी अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं के लिए पहली बार पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। 21वीं सदी में, वैश्विक विशेषज्ञों के एक मंच पर आकर उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर विचार-विमर्श करके दिशा प्रदान करने की सख्त ज़रूरत है। इसी ज़रूरत ने एक विचार को जन्म दिया, जो इस कॉन्क्लेव के विजन में विकसित हुआ। यह विचार इस कॉन्क्लेव के माध्यम से आकार ले रहा है। पीएम ने इस पहल में विभिन्न मंत्रालयों, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप्स और छात्रों की भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि कल भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण का उल्लेख करते हुए इस मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों और इसरो को हार्दिक बधाई दी।



पीएम मोदी संबोधित करते हुए

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है

- देश प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवर्तन का अग्रणी बना
- प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेज़ी से पहुंचने की पहल



पीएम मोदी ने भारत मंडपम में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन किया

### आधुनिक नवाचार का ईकोसिस्टम बना रहे

21वीं सदी को अभूतपूर्व परिवर्तन का काल बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था एक नए बदलाव का साक्षी बन रही है। भारत उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ा रहा है और उन पर निरंतर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारत एक आधुनिक नवाचार ईकोसिस्टम बनाने के लिए काम कर रहा है और अनुसंधान सुगमता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय नियमों और खरीद नीतियों में कई सुधार किए हैं। इसके अतिरिक्त, नियमों, प्रोत्साहनों और आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी सुधार किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रोटोटाइप प्रयोगशाला से बाजार तक तेज़ी से पहुंच सकें।

### भारत में होगा वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन

पीएम ने कहा कि भारत नैतिक और मानव-केंद्रित एआई के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी एआई गवर्नेंस ढांचा इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा जिसका उद्देश्य नवाचार और सुरक्षा को एक साथ विकसित करना है। भारत फरवरी 2026 में वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

### 6000 से ज्यादा स्टार्टअप काम कर रहे

पीएम ने कहा कि भारत को नवाचार केंद्र बनाने के लिए निर्णयों के अब स्पष्ट परिणाम दिखाई दे रहे हैं। पंजीकृत पेटेंटों की संख्या 17 गुना बढ़ गई है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। उन्होंने बताया कि भारत में 6,000 से ज़्यादा डीप-टेक स्टार्टअप काम कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत ने हाल के वर्षों में हरित हाइड्रोजन, क्वांटम कंप्यूटिंग, गहरे समुद्र में अनुसंधान और महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई उभरते क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

### 10000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित कीं

पीएम ने कहा कि भारत जितने अधिक प्रतिभाशाली युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की ओर अग्रसर कर सकेगा, राष्ट्र के लिए उतना ही बेहतर होगा। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप देश भर में लगभग 10,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं जहां एक करोड़ से अधिक बच्चे जिज्ञासा और रचनात्मकता के साथ प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन लैब की सफलता से प्रोत्साहित होकर, 25,000 नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी। सैकड़ों नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं जिनमें सात नए आईआईटी और सोलह आईआईआईटी शामिल हैं।

एससी ने चुनाव आयोग को भेजा नोटिस

## 'वेबसाइट' पर दलों को नियम बताने के संबंध में मांगा जवाब




भारतीय चुनाव आयोग का कार्यालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग और केंद्र को उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी कि प्रत्येक राजनीतिक दल अपनी आधिकारिक वेबसाइट के होम पेज पर अपने ज्ञापन, नियम और विनियम प्रकाशित करें। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग, विधि मंत्रालय और विधि आयोग से जवाब मांगा है। यह आवेदन अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पहले से लंबित एक जनहित याचिका में दायर किया गया था। इस याचिका धर्मनिरपेक्षता, पारदर्शिता और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

### पार्टियों के कामकाज में पारदर्शिता हो

आवेदन में कहा गया है कि राजनीतिक दलों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29ए के तहत वैधानिक दर्जा दिया गया है और उनसे कानून द्वारा स्थापित संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने की अपेक्षा की जाती है। राजनीतिक दल उम्मीदवारों को टिकट देते हैं और लोग पार्टी के चुनाव चिन्ह पर वोट देते हैं, इसलिए राजनीतिक दल लोकतांत्रिक शासन के महत्वपूर्ण अंग हैं और एक सार्वजनिक प्राधिकरण की तरह काम करते हैं।पूरी शासन व्यवस्था राजनीतिक दलों के इर्द-गिर्द घूमती है और वे निरंतर सार्वजनिक कर्तव्य निर्वहन में लगे रहते हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वे जनता के प्रति जवाबदेह बनें।

## लोकतंत्र के लिए मील का पत्थर बनेगा एसआईआरः कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी मुहिम करार देते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिये मील का पत्थर बताया है। रविवार को आईआईटी-कानपुर के स्थापना दिवस पर बिहार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान को 'दुनिया का सबसे बड़ा अभियान' बताया और कहा कि जब यह प्रक्रिया 12 राज्यों के सभी 51 करोड़ मतदाताओं तक पहुंच जाएगी तो यह निर्वाचन आयोग और देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। जब देश में यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी तो लोगों को न केवल निर्वाचन आयोग पर बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक की ताकत पर भी गर्व होगा।



यूरिया की खपत 400 लाख टन को पार करने का अनुमान

## तेजी से बढ़ोतरी के पीछे बेहतर मानसून, सरकार का पर्याप्त आपूर्ति का दावा, किसानों को नहीं होगा संकट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में यूरिया की खपत लगातार बढ़ रही है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में यूरिया की खपत 400 लाख मीट्रिक टन को पार कर सकती है, जो घरेलू उत्पादन से लगभग 100 लाख टन अधिक है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेजी से बढ़ते उपयोग और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण देश की किसानों को भविष्य में यूरिया की कमी का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का दावा है कि यूरिया ही नहीं, किसी भी उर्वरकों की कमी की चुनौतियों से निपटने का पूरा इंतजाम किया जा रहा है। किसानों को मुश्किल नहीं आएगी। अधिक यूरिया का इस्तेमाल मिट्टी की उर्वर क्षमता का तेजी से ह्रास करता है इसलिए जैविक खेती को भी बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। तेज खपत की मुख्य वजहों में बेहतर मानसून और यूरिया की बेहद सस्ती कीमत शामिल है।



खेत में यूरिया डालते किसान

### दो नए यूरिया संयंत्रों पर काम जारी

सरकार का कहना है कि देश में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए असम के नमरूप और ओडिशा के तलचर में दो नए यूरिया संयंत्रों पर काम जारी है, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रत्येक होगी। यूरिया के दुरुपयोग, जमाखोरी और तस्करी पर रोक लगाने के लिए राज्यों को सतर्क किया गया है। कृषि अधिकारियों को वितरण व्यवस्था बेहतर बनाने और किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

## सीएक्यूएम से कहा- समस्या आने से पहले उठाएं कदम, मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों।

### एजेंसियां 'प्रतिक्रिया' देने के बजाए 'पहले से तैयारी' करें

पूछा, प्रदूषण रोकने के लिए अब तक क्या क्या कदम उठाए



**हलफनामा दाखिल करें**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि प्रदूषण को गंभीर स्तर तक पहुंचने से रोकने के लिए उसने कौन से कदम उठाए हैं। अदालत ने आदेश दिया कि आयोग एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करे जिसमें पहले से की जा रही और प्रस्तावित कार्रवाइयों का विवरण दिया जाए। एजेंसियों को सिर्फ 'प्रतिक्रिया' देने के बजाए 'पहले से तैयारी' करे।

### ओआरएस ब्रांडिंग वाले पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध बरकरार

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है जिसमें किसी भी फल-आधारित, गैर-कार्बोनेटेड या रेडी-टू-ड्रिंक पेय पदार्थ पर ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) लेबलिंग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 15 अक्तूबर के आदेशों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

वायु गुणवत्ता की बिगड़ी स्थिति

## दिल्ली में इंडिया गेट हुआ गायब

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता की बिगड़ती स्थिति को लेकर भाजपा की आलोचना शुरू कर दी है। राजधानी में धुंधले दिखाई दे रहे इंडिया गेट की एक तस्वीर साझा करते हुए आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह प्रतिष्ठित संरचना 'गायब' हो गई है। सरकार वायु गुणवत्ता सूचकांक के साथ चाहे जितना भी छेड़छाड़ कर ले, इंडिया गेट धुंध के पीछे गायब होकर भाजपा का असली रंग उजागर कर चुका है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप अपने मोबाइल फोन पर जो एक्यूआई देखते हैं, अधिकांश एप्स दिल्ली और केंद्र सरकार के एक्यूआई निगरानी स्टेशनों से डेटा लेते हैं। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में सवाल उठाया कि ज्यादा चिंताजनक तो असली एक्यूआई के आंकड़े छिपाने की रणनीतियां हैं।



# किसी दबाव के आगे भारत नहीं झुकता...अब पहले से ज्यादा रूस से खरीदा रहा तेल

## रूस से तेल नहीं खरीद रहा भारत, वाले बयान पर ट्रंप के झूठ की खुली पोल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत किसी के आगे झुकने वाला नहीं, इसका ताजा सबूत सामने आया है। आपको अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पिछले महीने का वो बयान याद होगा, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। अब जमीन पर हकीकत देखिए, आंकड़े कुछ और कहानी कह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने न सिर्फ रूस से तेल लेना जारी रखा, बल्कि अक्टूबर में तो इंपोर्ट और बढ़ गया। दिलचस्प बात यह है कि अब भारत ने ताजिकिस्तान वाले रूट को भी एक्टिवेट कर दिया है, ताकि तेल सीधे रूस से न होकर एक वैकल्पिक रास्ते से आए। शिप-ट्रैकिंग एजेंसी केपिलर और ऑयलेक्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में भारत ने 1.48 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल रूस से खरीदा जबकि सितंबर में यह सिर्फ 1.43 से 1.44 मिलियन था। साफ है कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीद बढ़ाई है बल्कि तमाम दावों के बावजूद ठोस बढ़त नजर आ रही है। और यह सब तब, जब अमेरिका रूस पर नए प्रतिबंध लगाकर दुनिया भर को दबाव में ला रहा था कि कोई भी रूस से तेल न खरीदे। केपिलर के एनालिस्ट सुमित रितोलिया ने साफ कहा, रूसी तेल का इंपोर्ट नवंबर 21 तक तो घटेगा नहीं, उसके बाद ही असर दिख सकता है। इसका मतलब साफ है कि ट्रंप के बयान और भारत की जमीनी रणनीति के बीच का फर्क अभी भी साफ नजर आ रहा है।

*भारत ने रूस से सिंतबर में सितंबर में 1.43 मिलियन तेल खरीदा था*

*फिर अक्टूबर में बढ़ाकर 1.48 मिलियन बैरल प्रतिदिन इंपोर्ट किया*

### भारत ने रूस से सीधे खरीदारी को थोड़ा घुमा दिया



एक अमेरिकी साक्षात्कार में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, दूसरा सांकेतिक चित्र

असल में, अमेरिका ने अक्टूबर में रूस की दो बड़ी ऑयल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर नए प्रतिबंध लगा दिए। भारत की कुछ कंपनियों ने नए ऑर्डर रोक दिए ताकि अमेरिकी दबाव से बचा जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, अब खेल यहीं हुआ। भारत ने रूस से सीधे खरीदारी को थोड़ा घुमा दिया है। यानी अब डील्स थर्ड पार्टी या मध्य एशिया के ट्रांजिट रूट्स के जरिए हो रही हैं। इनमें ताजिकिस्तान, कजाकस्तिान और उज्बेकिस्तान जैसे नाम सामने आ रहे हैं। इस रणनीति से भारत के पास दो फायदे हैं। पहला, अमेरिकी प्रतिबंधों से बचाव हो सकेगा और दूसरा तेल की सप्लाई में कमी नहीं आएगी। यानी तेल वही है, बस रास्ता नया हो गया है। इस नए रूट को लेकर जानकार कह रहे हैं कि भारत सीधे रूस से डील किए बिना भी वही तेल हासिल कर सकता है, बस उसे अलग रास्ते से लाया जाएगा। यानी रूस से तेल निकलेगा, मध्य एशिया के देशों से गुजरेगा और फिर भारत पहुंचेगा।

### रूस से तेल खरीदने की मूल वजह

भारत की ऊर्जा जरूरतें बहुत बड़ी हैं। देश रोजाना करीब 5 मिलियन बैरल से ज्यादा तेल इंपोर्ट करता है और जब रूस इतना तेल सस्ता दे रहा हो, तो कौन-सा देश ऐसे मौके को ठुकराएगा? 2022 में जब यूक्रेन पर हमला हुआ, तब पश्चिमी देशों ने रूस को सख्त सज़ा दी। लेकिन भारत ने साफ कहा था, हम अपनी जनता के हित में फैसले करेंगे। इस फैसले का मतलब था कि जहां से भी सस्ता तेल मिले, वहीं से खरीदो। और हुआ भी यही। रूस कुछ ही महीनों में भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बन गया।

### अमेरिका के लिए मुश्किल बढ़ेगी

ट्रंप का बयान दरअसल राजनीतिक भी था। वह रूस पर अपनी सख्ती दिखाना चाहते थे और साथ ही भारत के साथ ऊर्जा समीकरण को लेकर दबाव बनाना भी। लेकिन भारत ने हर बार यही कहा, हम अमेरिका के दोस्त हैं, पर अपने हितों से समझौता नहीं करेंगे। भारत के लिए यह केवल कूटनीति नहीं, अर्थशास्त्र है। रूस से मिलने वाला तेल सस्ता पड़ता है। कभी-कभी 10 से 15 डॉलर प्रति बैरल तक कम कीमत होती है। इससे न सिर्फ सरकार का आयात बिल घटता है, बल्कि आम जनता को भी पेट्रोल-डीजल में थोड़ी राहत मिलती है।

## खबर संक्षेप

### बम की फर्जी सूचना देने वाला गिरफ्तार



**अलीगढ़।** विक्रमशिला एक्सप्रेस ट्रेन में आतंकवादी व बम होने की फर्जी सूचना मोबाइल फोन पर देने वाले को देर रात जीआरपी ने इटावा से गिरफ्तार कर लिया। पश्चिमी दिल्ली निवासी मोनू उर्फ रामनरेश ने पूछताछ में बताया कि उसने तो केवल मजा लेने के लिए फोन कर दिया था, उसकी सूचना पर ट्रेन रूकती, लोग घबराते तो उसे मजा आता। फिलहाल जीआरपी उसके बारे में जानकारी जुटा रही है।

### नेपाल में बर्फ का पहाड़ टूटा, 7 की मौत, लापता



**काठमांडू।** नेपाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में यालुंग री नाम की चोटी पर सोमवार को बर्फ का पहाड़ टूटने से 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब हिमस्खलन 5,630 मीटर ऊंची चोटी के बेस कैंप पर आ गया। हादसे के बाद 4 लोग लापता हैं। मृतकों में 3 अमेरिकी, 1 कनाडाई, 1 इतालवी और 2 नेपाली नागरिक शामिल हैं। यह जानकारी डोलखा जिले की पुलिस ने दी है। यह इलाका रोलवालिंग वैली में आता है।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा चीन-पाक परमाणु हथियारों का कर रहे परीक्षण

# दक्षिण एशिया में फिर शुरू हुई परमाणु रेस, चीन और पाक के एटमी टेस्ट पर ट्रंप का बड़ा खुलासा

**किसके पास कितने वॉरहेड**

| | |
|---|---|
| भारत | 180 |
| पाक | 170 |
| चीन | 600 |

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। पाकिस्तान को लेकर लंबे समय से आशंका थी कि वो परमाणु परीक्षण कर सकता है और अब डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात पर मुहर लगा दी है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पारिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, इसलिए अमेरिका अब पीछे नहीं रह सकता है। ट्रंप के इस बयान के बाद दक्षिण एशिया में तनाव बढ़ सकता है। एक नई परमाणु रेस भारत के साथ शुरू हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपने विशाल परमाणु भंडार के बावजूद एकमात्र ऐसा देश नहीं हो सकता जो परीक्षण न करे।

**दावा** — *ट्रंप ने दावा करते हुए कहा कि अमेरिका के पास सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं हम इस धरती को 150 बार नष्ट कर सकते हैं।*

### परमाणु हथियारों के बहाने ट्रंप कर रहे धमकाने की कोशिश



फाइल फोटो

ट्रंप ने कहा, निरस्त्रीकरण बहुत बड़ा मुद्दा है. हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं कि हम इस धरती को 150 बार नष्ट कर सकते हैं। रूस के पास भी बड़ी संख्या में परमाणु हथियार हैं और चीन के पास भी जल्द ही काफी हथियार होंगे। उनके पास अभी भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप इसके बहाने दुनिया को डराने की कोशिश कर रहे है। अपने हालिया परमाणु परीक्षण आदेश का बचाव करते हुए ट्रंप ने कहा, चीन और रूस भी अपने परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं, बस आपको इसकी जानकारी नहीं है बता दें कि सीपरी के मुताबिक भारत के पास इस वक्त करीब 180 न्यूक्लियर वॉरहेड होने की संभावना है, जबकि पाकिस्तान के पास करीब 170 के करीब न्यूक्लियर वॉरहेड हो सकते हैं। जबकि चीन के पास करीब 600 परमाणु हथियार हैं। चीन अपने परमाणु कार्यक्रम को तेजी से बढ़ा रहा है। वहीं, पाकिस्तान ने 1998 में भारत के परमाणु परीक्षणों के जवाब में अपने परमाणु कार्यक्रम को सार्वजनिक किया था और तब से यह क्षेत्र लगातार न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ में फंसा हुआ है। भारत की परमाणु नीति नो फर्स्ट यूज सिद्धांत पर आधारित है, यानी वह पहले हमला नहीं करेगा। लेकिन पाकिस्तान इस नीति का पालन नहीं करता है। पाकिस्तान के पास अब छोटे टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन्स भी हैं, जिन्हें सीमित युद्ध के लिए उसने बनाया है।

### अमेरिका भी करेगा परीक्षण

*ट्रंप ने कहा मैंने कहा है कि जैसे दूसरे देश कर रहे हैं, उसी तरह से हम भी परमाणु परीक्षण करने वाले हैं। इस पर उनसे पूछा कि सिर्फ उत्तर कोरिया ही परमाणु परीक्षण करता है। जिसपर जवाब देते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि नहीं, रूस और चीन परमाणु परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि चीन और रूस परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वो इसके बारे में बात नहीं करते हैं, लेकिन हम एक खुला समाज हैं, हम इस पर बात करते हैं। निश्चित तौर पर उत्तर कोरिया टेस्ट कर रहा है। पाकिस्तान न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा है। इस पर जब उन्हें टोकने की कोशिश की तो ट्रंप ने कहा कि वो आपको बताकर ऐसा नहीं करने वाले हैं। वो काफी शक्तिशाली हैं। वो लोग अंडरग्राउंड जगहों पर टेस्ट करते हैं और लोगों को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। वो परीक्षण कर रहे हैं, इसीलिए हम भी करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर परमाणु बम की बार बार धमकी देकर भारत सहित पूरी दुनिया को डराने की कोशिश करते रहे हैं।*

**कांग्रेस का आरोप**

### समझौता एक बड़ी कठिनाई बन जाएगा



जयराम रमेश

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा, एक समय कहा गया था कि भारत नवंबर 2025 में क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत का समूह) के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, लेकिन अब वह नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, एक समय यह भी कहा गया था कि अमेरिका के साथ सबसे पहले व्यापार समझौता करने वालों में भारत होगा। वह तथाकथित समझौता अब एक कठिनाई बन गया है, जबकि अमेरिका को निर्यात घट रहे हैं और यहां रोजगार खो रहे हैं। ट्रंप के बहाने केंद्र सरकार को घेरते हुए रमेश ने कहा कि इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने 57वीं बार यह दोहराया है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अचानक और अप्रत्याशित रूप से कैसे रोका और इसकी पहली घोषणा वॉशिंगटन से हुई, न कि नई दिल्ली से। कांग्रेस नेता ने ट्रंप का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उन्होंने व्यापार और शुल्क का उपयोग करके भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रोका।

## जयशंकर की समकक्ष से हुई मुलाकात

# भारत और बहरीन के बीच बड़े व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू, निवेश पर सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात

भारत और बहरीन ने एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते कॉम्प्रेहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट यानी सीईपीए के लिए वार्ता शुरू करने की घोषणा की। दोनों देशों ने निवेश समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में भी अहम प्रगति दर्ज की है। नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिद अलजयानी के बीच हुई विस्तृत वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक बनाने पर सहमति बनी। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने दोहरा कराधान से बचाव समझौते (डीटीएए) पर बातचीत शुरू करने की दिशा में कदम उठाने का निर्णय लिया।

इस समझौते से व्यापार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा तथा कंपनियों को कर संबंधी निश्चितता प्राप्त होगी। अधिकारियों के मुताबिक, यह समझौता भारतीय और बहरीनी निवेशकों के बीच कारोबारी सहयोग को मजबूती देगा। दोनों देशों ने व्यापार को इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, खाद्य प्रसंस्करण, धातु और आभूषण जैसे क्षेत्रों तक विस्तार देने पर सहमति जताई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने बैठक के दौरान गाजा शांति योजना के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया और उम्मीद जताई कि यह पहल पश्चिम एशिया क्षेत्र में स्थायी समाधान लाएगी। दोनों नेताओं ने रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष, फिनटेक और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की। पिछले महीने भारतीय नौसेना के तीन जहाजों की बहरीन यात्रा का उल्लेख करते हुए दोनों पक्षों ने रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### आतंकवाद पर साझा रुख

*भारत और बहरीन ने सभी प्रकार के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए उसे मानवता के लिए खतरा बताया। दोनों देशों ने विशेष रूप से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। साथ ही, आतंकवाद से निपटने के लिए खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस.जयशंकर के साथ करेंगे मुलाकात*

# गाजा में संघर्ष के बीच भारत की यात्रा पर इजरायल के विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजा पट्टी में हमास के साथ जारी तनाव के बीच सोमवार से इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार की तीन दिवसीय (3 से 5 नवंबर तक) भारत यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। मंगलवार (4 नवंबर) को वह राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में अपने समकक्ष और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे।

जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए मुद्दों (रक्षा, तकनीक, प्रौद्योगिकी), क्षेत्रीय विकास के अलावा साझा हितों से संबंधित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। इसके अलावा इजरायल के विदेश मंत्री की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी मुलाकात हो सकती है। यहां एक ध्यान देने वाली बात ये भी है कि सार की नई दिल्ली की यह यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के भारत की यात्रा पर आने की संभावना है। जो बीते करीब छह वर्षों से अलग-अलग कारणों की वजह से नहीं हो सकी है।



इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार।

### जर्मनी में मिल चुके जयशंकर-सार

विदेश मंत्री एस.जयशंकर और गिदोन सार की इस साल के शुरुआती फरवरी महीने में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भी मुलाकात हो चुकी है। जहां दोनों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दृष्टिकोण पर भी चर्चा की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि इजराइल के जरिए एशिया, यूरोप और अमेरिका को जोड़ा जा सकता है। भारत और इजरायल के विदेश मंत्रियों की इस वार्ता में यमन के हूती विद्रोहियों और ईरान द्वारा व्यापारिक मार्गों पर किए जा रहे हमलों से उत्पन्न हो रहे संकट का मसला भी शामिल किया गया था।


## जेलेंस्की बोले- कई शहर होंगे सुरक्षित

# रूसी हमलों के बीच यूक्रेन को मिला पैट्रियट डिफेंस सिस्टम

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन को अमेरिका निर्मित पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की नई खेप मिल गई है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि ये सिस्टम देशभर में रूस के लगातार हो रहे हवाई हमलों से नागरिकों और अहम ढांचों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रविवार देर रात जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की।

यह डिफेंस सिस्टम रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों के खिलाफ यूक्रेन की सबसे प्रभावी ढाल मानी जाती है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिका की सबसे आधुनिक मिसाइल रोधी तकनीक है, जो रूस के घातक हमलों को रोकने में सक्षम है। जेलेंस्की लंबे समय से पश्चिमी देशों से इस सिस्टम की मांग कर रहे थे, लेकिन उत्पादन सीमाओं और देशों की अपनी सैन्य जरूरतों के कारण इसकी आपूर्ति में देरी हो रही थी। अब इन सिस्टमों को तैनात कर दिया गया है ताकि प्रमुख शहरों और ऊर्जा संरचनाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का धन्यवाद करते हुए कहा कि जर्मनी ने तीन महीने पहले यूक्रेन को दो अतिरिक्त पैट्रियट सिस्टम देने का वादा किया था, जिसे अब पूरा किया गया है। जर्मनी को अमेरिका से आश्वासन मिला है।



## पवित्र जोड़े साहिब पटना साहिब में हुई प्रतिष्ठित



**नई दिल्ली।** 1 नवम्बर को तख्त श्रीहरमंदिरजी पटना साहिब में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के मध्य, दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंहजी महाराज तथा माता साहिब कौरजी के पावन चरणों से सम्बंधित पवित्र 'जोड़े साहिब' की विधिवत प्रतिष्ठा की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी तथा विशाल संगत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पवित्र 'जोड़े साहिब' में श्री गुरु गोबिंद सिंह के दाएं पैर की पादुका और माता साहिब कौर की बाएं पैर की पादुका शामिल हैं।पवित्र 'जोड़े साहिब' की तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में विधिवत प्रतिष्ठा नौ दिवसीय 'गुरु चरण यात्रा' के सफल समापन का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत पवित्र जोड़े साहिब को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ दिल्ली से हरियाणा, उत्तर प्रदेश होते हुए पटना लाया गया।

## 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत संक्रमित मिले

# आईसीएमआर की रिपोर्ट: भारतीयों पर संक्रामक रोगों का खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले कुछ वर्षों का मेडिकल डेटा उठाकर देखें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। नॉन कम्युनिकेबल डिजीज जैसे कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र पर दबाव तो बढ़ा ही है साथ ही कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां भी विशेषज्ञों की टेंशन बढ़ाती जा रही हैं। विशेषतौर पर भारतीय आबादी में बढ़ते संक्रामक रोगों के खतरे को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। भारत में संक्रामक बीमारियों के खतरे को समझने के लिए आईसीएमआर ने 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण की पुष्टि हुई। ये लोग एक्यूट या किसी तरह की जानलेवा संक्रामक बीमारी का शिकार थे। जिन पांच रोगाणुओं को सबसे ज्यादा रिपोर्ट किया गया उनमें इन्फ्लूएंजा ए, डेंगू, हेपेटाइटिस ए, नोरोवायरस और हर्पीज प्रमुख हैं। लिवर से संबंधित समस्याएं, नोरोवायरस के कारण दस्त रोग और हर्पीज सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी) के कारण इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**खास बातें**

- हेपेटाइटिस ए, इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, हर्पीज, श्वसन बीमारियों का बढ़ा खतरा
- 4 .5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11 .1 प्रतिशत में संक्रमण

### रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े

आईसीएमआर की रिपोर्ट के अनुसार, संक्रामक रोगों का प्रसार लगातार बढ़ता जा रहा है। ये पहली तिमाही में 10.7 प्रतिशत से बढ़कर 2025 की दूसरी तिमाही में 11.5 प्रतिशत हो गया। आईसीएमआर के वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी (वीआरडीएल) नेटवर्क के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच 2.28 लाख सैंपलों में से 24,502 (10.7 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। अप्रैल से जून 2025 तक 2.26 लाख सैंपल्स में से 26,055 (11.5 प्रतिशत) में रोगाणु पाए गए। इस प्रकार, संक्रमण दर पिछली तिमाही की तुलना में 0.8 प्रतिशत अंक बढ़ गई। ये आंकड़े संकेत देते हैं कि अगर समय रहते व्यापक उपाय न किए गए तो आने वाले वर्षों में खतरा और भी बढ़ सकता है।

### भारत में संक्रमण का खतरा

भारत में संक्रामक बीमारियों के खतरे को समझने के लिए आईसीएमआर ने 4.5 लाख रोगियों के सैंपल टेस्ट किए जिनमें से 11.1 प्रतिशत में संक्रमण की पुष्टि हुई। ये लोग एक्यूट या किसी तरह की जानलेवा संक्रामक बीमारी का शिकार थे। जिन पांच रोगाणुओं को सबसे ज्यादा रिपोर्ट किया गया उनमें इन्फ्लूएंजा ए, डेंगू, हेपेटाइटिस ए, नोरोवायरस और हर्पीज प्रमुख हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ वैज्ञानिकों के अनुसार, वैसे तो यह वृद्धि बहुत बड़ी नहीं कही जा सकती है, लेकिन इसे कम करके आंकना भी ठीक नहीं है। यह मौसमी बीमारियों और उभरते संक्रमणों के लिए एक चेतावनी है। यदि हम संक्रमण दर में तिमाही बदलावों पर नजर रखना जारी रखें, तो भविष्य में होने वाली महामारियों को समय रहते रोका जा सकता है। आईसीएमआर की रिपोर्ट में पाया गया कि इस वर्ष अप्रैल से जून के बीच 191 रोग समूहों की जांच की गई। इसमें मम्प्स, खसरा, रूबेला, डेंगू, चिकनगुनिया, रोटावायरस, नोरोवायरस, वैरिसेला जोस्टर वायरस, एपस्टीन-बार वायरस (ईबीवी) और एस्ट्रोवायरस जैसे संक्रामक रोगों की पहचान की गई।

## तकनीकी गड़बड़ी की आशंका

# फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रही उड़ान की मंगोलिया में आपात लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का संदेह हुआ। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए विमान को मंगोलिया की राजधानी उलानबातर में सुरक्षित उतारा। एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं तथा विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 174 ने दो नवंबर को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान कोलकाता होते हुए दिल्ली पहुंचने वाला था, लेकिन रास्ते में तकनीकी समस्या की आशंका के चलते पायलट ने सावधानी बरतते हुए उसे मंगोलिया में उतारने का निर्णय लिया। एक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार यह एक बोइंग 777 विमान था। एयरलाइन ने कहा कि जांच के लिए विमान को फिलहाल उलानबातर एयरपोर्ट पर रखा गया है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान के लैंड करते ही सभी यात्रियों को पूरी सुरक्षा के साथ उतारा गया। एयरलाइन ने यात्रियों के भोजन और ठहरने की व्यवस्था की है।



# मजूमदार ने हर कयास को गलत साबित करके टीम को दिलाया विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लगभग पांच दशक के इंतजार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जब पहली बार विश्व कप थामा तो खिलाड़ियों के साथ पूरा देश खुशी से झूम उठा लेकिन वहीं मैदान पर खड़े एक इंसान की आंखों में आंसू, चेहरे पर मुस्कुराहट के साथ संतोष का भाव था मानो यह जीत कई पुराने जख्मों पर मरहम लगा गई ।

■ चक दे इंडिया के कबीर खान की याद दिलाते हैं अमोल मजूमदार

यह थे भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार। घरेलू क्रिकेट में 20 सत्र और 11000 से अधिक प्रथम श्रेणी रन बनाने के बावजूद भारत की जर्सी पहनने का उनका सपना अधूरा ही रहा। बतौर खिलाड़ी कई बार दिल टूटा, कई मलाल रह गए लेकिन इस जीत ने उनके सफर को मुकम्मिल कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जीत के बाद 'गुरु' मजूमदार के पैर छूए और गले लगकर रो पड़ी तो टीवी के आगे नजरे गड़ाए जीत का जश्न देख रहे हर क्रिकेटप्रेमी की आंख भी भर आई।

इसी महीने अपना 51वां जन्मदिन मनाने जा रहे मजूमदार की कहानी शाहरुख खान की फिल्म 'चक दे इंडिया' के हॉकी कोच कबीर खान की याद दिलाती है, जो हर कयास को गलत साबित करके टीम को विश्व कप दिलाता है और यह जीत उसके अतीत के कई घावों पर मरहम भी लगा जाती है। जीत मिलने के बाद वह जश्न के बीच अपने भीतर जज्बात के तूफान को समेटने की कोशिश करता नजर आता है लेकिन चेहरे पर सुकून साफ दिखाई देता है ।




## बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे

मजूमदार ने फाइनल में जीत के बाद कहा, ' मैं उनसे (भारतीय खिलाड़ियों) यही कहता था कि हम हार नहीं रहे हैं। बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे हैं। हम उन तीनों मैचों (लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ मैच) में काफी प्रतिस्पर्धी रहे और ये सभी मैच काफी करीबी थे।' दो साल पहले टीम के कोच बने मजूमदार की नजरें हमेशा से इस विश्व कप पर थी लेकिन तब यह असंभव सा लग रहा था क्योंकि भारतीय महिला क्रिकेट कठिन दौर से गुजर रहा था। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं थी लेकिन नतीजे नहीं मिल रहे थे।

## दस महीने तक भारतीय टीम के पास नहीं था पूर्णकालिक कोच

मजूमदार के आने से पहले करीब दस महीने तक भारतीय टीम के पास पूर्णकालिक कोच नहीं था। पोवार को दिसंबर 2022 में हटा दिया गया था और बीच में रिषिकेश कानिटकर तथा नूशीन अल कादिर अंतरिम तौर पर काम देख रहे थे। सबसे पहले उन्होंने अपनी टीम का भरोसा जीता। सभी खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद रखा। अच्छे प्रदर्शन पर पीठ थपथपाई तो बुरे दौर में साथ खड़े दिखे। आलोचनाओं के बीच अपने खिलाड़ियों के लिये ढाल बनकर खड़े नजर आए और यहीं से नींव पड़ी विश्वास के ऐसे रिश्ते की जिसकी परिणिति विश्व कप ट्रॉफी के रूप में 'गुरुदक्षिणा' के साथ हुई । पूरे टूर्नामेंट में टीम एकजुट नजर आई । खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाते और कठिन दौर में एक दूसरे का सहारा बने दिखे। एक चैम्पियन टीम बनने के लिए आखिर पहली शर्त को यही होती है।

## खबर संक्षेप



### मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में 27वें स्थान पर अदिति

**कुआलालंपुर।** भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में पार 72 के स्कोर से यहां मेबैंक गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी से पार का स्कोर बनाया। इस भारतीय गोल्फर का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। मियु यामाशिता (65), हाये जिन चोई (73) और हना ग्रीन (68) तीनों ने 18 अंडर के कुल स्कोर से प्ले ऑफ में जगह बनाई। प्ले ऑफ में जापान की यामाशिता ने बर्डी लगाकर खिताब जीता जबकि ग्रीन और चोई ने पार का स्कोर बनाया। पहले दौर से ही शीर्ष पर चल रहीं चोई अंतिम दौर में एक ओवर 73 के खराब प्रदर्शन से खिताब जीतने से चूक गईं।

### शतरंज विश्व कप : अंतिम 128 के राउंड के लिए नारायणन ने किया क्वालीफाई

**पणजी।** भारत के एसएल नारायणन ने दक्षिण अफ्रीका के स्टीवन रोजास को हराया और फिडे विश्व कप 2025 के अंतिम 128 के राउंड के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। = पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने 22 चाल में जीत दर्ज की। दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगलियान के खिलाफ टाइब्रेकर के पहले सेट के दोनों मुकाबले जीते।

### बधिरों की टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने बधिरों के लिए टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप के नौवें सत्र का उद्घाटन किया। यह चैंपियनशिप तीन से नौ नवंबर तक यहां आयोजित की जाएगी और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में केरल, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, तेलंगाना, मुंबई, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, पंजाब, ओडिशा, दिल्ली और बंगाल शामिल हैं।

### 2026 में केरल आएंगी अर्जेंटीना फुटबॉल टीम



**मलाप्पुरम।** केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहमान ने कहा कि स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल मार्च में राज्य में मैच खेलेगी। वह केरल सरकार के खेल विजन 2031 से संबंधित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले हमें अर्जेंटीना टीम से एक ईमेल मिला, जिसमें पुष्टि की गई थी कि वे मार्च में आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी।' मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना की टीम के इस दौरे के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## महिला विश्व कप : ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम को बधाइयों का तांता

# जीत के बाद टीम इंडिया ने गाया 'विक्ट्री सॉन्ग' ना लेगा कोई पंगा, रहेगा सबसे ऊपर तिरंगा ...

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रविवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ महिला विश्व कप 2025 के फाइनल में 52 रन से जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम ने अपना 'विक्ट्री सॉन्ग' गाया। बीसीसीआई विमेंस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय महिला टीम विजयी गीत गा रही है। इस वीडियो में जेमिमा रोड्रिगेज ने कहा, हमने चार साल पहले तय किया था कि विश्व कप जीतने के बाद ही टीम सॉन्ग जारी करेंगे। इस वीडियो में खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य गीत गा रहे हैं, "टीम इंडिया, टीम इंडिया, कर दे सबकी हवा टाइट, टीम इंडिया यहां लड़ने के लिए है, कोई ना लेगा हमको लाइट, ओओओओओ, हमारा भविष्य उज्ज्वल है साथ में चुनौती, साथ में उठेंगे, हम हैं टीम इंडिया हम साथ में जीतेंगे। ना लेगा कोई पंगा, कर देंगे हम दंगा, रहेगा सबसे ऊपर हमारा तिरंगा। हम हैं टीम इंडिया।"इस विश्व कप में लगातार तीन मुकाबले गंवाने के बाद भारत को विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन टीम इंडिया ने शानदार वापसी करते हुए अपना पहला खिताब जीता है।



### मैंने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा करना चाहती थी : दीप्ति



**मुंबई।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में खिताबी जीत की नायिकाओं में से एक दीप्ति शर्मा ने कहा कि अपनी धरती पर आईसीसी विश्व खिताब जीतना टीम की नियति में था। दीप्ति ने फाइनल में पांच विकेट लेने के साथ 58 रन भी बनाए। उन्होंने 22 विकेट लेने के साथ 215 रन बनाकर 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार जीता। दीप्ति ने कहा,' मुझे अच्छा लग रहा है। विश्व कप में पहले मैच से लेकर मैने वैसा ही प्रदर्शन किया जो एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर करना चाहती थी। फाइनल में ऐसा प्रदर्शन करने से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता ।" विश्व खिताब के लिये लंबे इंतजार को लेकर उन्होंने कहा, ' विश्व कप जीतने में काफी समय लगा लेकिन ईश्वर ने हमारी नियति में लिखा था कि हम भारत में ही यह खिताब जीतेंगे।' उन्होंने कहा, ' डी वाई पाटिल स्टेडियम की मेरी कई सुखद यादें हैं। हमने यहां सारी श्रृंखलायें जीती है। एक टीम के रूप में हम काफी सकारात्मक रहे । नतीजा चाहे जो हो, हम एक टीम की तरह खेले।'

### अमनजोत ने वोल्वार्ड्ट के कैच पर कहा, यह मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा कैच



**नवी मुंबई।** महिला विश्व कप के फाइनल में अपने शानदार क्षेत्ररक्षण से दक्षिण अफ्रीका की सलामी जोड़ी को पवेलियन भेजने में योगदान देने वाली अमनजोत कौर ने कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट के कैच को अपने अब तक के करियर का सबसे बड़ा कैच करार दिया। भारत ने रविवार का फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से शिकस्त देकर पहली बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया। अमनजोत ने दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स को रन आउट कर वोल्वार्ड्ट के साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद 42वें ओवर में वोल्वार्ड्ट का शानदार कैच उस समय लपका जब वह शतक पूरा कर भारत और जीत के बीच खड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी आठ ओवर में 79 रन की जरूरत थी और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन बनाने वाली वोल्वार्ड्ट फाइनल में भी शतक पूरा करने के बाद बड़े शॉट खेलने की तैयारी में थी। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद को डीप मिडविकेट की तरफ खेला और अमनजोत के हाथ से गेंद दो बार छिटकी लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में कैच पूरा कर स्टेडियम में मौजद दर्शकों के साथ टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया।

## महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की



क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, '1983 ने एक पूरी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया। आज हमारी महिला क्रिकेट टीम ने सचमुच कुछ खास उपलब्धि हासिल की है।" तेंदुलकर ने कहा, "उन्होंने देश भर में अनगिनत युवा लड़कियों को बल्ला और गेंद उठाने, मैदान में उतरने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित किया है कि वे भी एक दिन ट्रॉफी उठा सकती हैं। यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक निर्णायक क्षण है। शाबाश, टीम इंडिया। आपने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।'

### इतिहास रचा गया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखा, 'इतिहास रचा गया।



हमारी महिला खिलाड़ियों ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। 140 करोड़ भारतीय इस गौरवशाली क्षण को संजो रहे हैं। बधाई हो, विश्व चैंपियन।'

### महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन : अमिताभ



बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'भारतीय महिला क्रिकेट.. विश्व चैंपियन। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया है। बधाई, बधाई, बधाई।"

### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : कोहली

स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने लिखा, 'आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा, आपने अपने साहसिक क्रिकेट और विश्वास से प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। आप सभी प्रशंसा के हकदार हैं और इस पल का पूरा आनंद लें। शाबाश हरमन और टीम। जय हिंद।'

### आखिरकार आज सच हो गया सपना : मिताली

पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा, "विश्व चैंपियन। मैं दो दशकों से भी अधिक समय से भारतीय महिला टीम को विश्व कप ट्राफी उठाते हुए देखने का सपना देख रही थी। यह सपना आखिरकार आज रात सच हो गया। विश्व क्रिकेट की नई चैंपियनों, आपने सिर्फ एक ट्रॉफी ही नहीं जीती, आपने भारतीय महिला क्रिकेट के लिए धड़कने वाले हर दिल को जीत लिया।'

### हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व : सहवाग

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा, 'चैंपियन। हर चौके हर विकेट, आपने अपने जज्बे से पूरे देश का दिल जीत लिया। हमें अपनी विश्व चैंपियन लड़कियों पर गर्व है। क्या शानदार जीत रही। हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने पूरी पीढ़ी को सपना दे दिया जीतने का, लड़ने का, चमकने का।'

### टीम इंडिया को बधाईः एबी डिविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा, 'टीम इंडिया को बधाई। दक्षिण अफ्रीका भी अपना सिर ऊंचा रखे। विश्व भर में महिला क्रिकेट फल फूल रहा है। क्या शानदार फाइनल था। क्या शानदार टूर्नामेंट था।'

## बीडीसीए स्व. गोविंद नारायण सिंह "दाऊ साहब" कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट

# अकीरा अकादमी, सेंचुरियन और वीएस अकादमी जीते





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन(बीडीसीए) द्वारा आयोजित स्व. गोविंद नारायण सिंह दाऊ साहब कप अंडर -15 बॉयज इंटर क्लब/ अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को तीन मैच खेले गए। बाबे अली क्रिकेट मैदान पर अंकुर क्रिकेट अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। अंकुर अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 9 विकेट पर 188 रन बनाए,इनमें प्रयाग जरीवाला ने 49 रन और सुहान युसूफ 46 रन बनाकर नाबाद रहे । अकीरा के समर्थ प्रताप ने 5 विकेट लिए, दानवीर और अर्जुन ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में अकीरा अकादमी ने 45.3 ओवर में 6 विकेट पर 190 रन बनाकर मैच जीत गए , जिसमें अर्जुन महाले ने 82 रनों की पारी खेली,राघव खेर ने 54 रन बनाए ।अंकुर के जय धाकड़ ने 3 विकेट प्रयाग और अरनव ने एक-एक विकेट लिया । इस तरह अकीरा अकादमी ने अंकुर क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से हराया।

### *वीएस क्रिकेट अकादमी ने संजय गुप्ता अकादमी को 66 रन से हराया*

*टूर्नामेंट का दूसरा मैच फ़ैथ क्रिकेट मैदान पर वी एस क्रिकेट अकादमी और संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। वी एस अकादमी ने 48.2 ओवर में 157 रन बनाए, जिसमें पार्थ दीक्षित ने 52 और कृष्णानंश ने नाबाद 37 रन बनाए । संजय गुप्ता अकादमी से गेंदबाजी में वीर प्रताप और अर्णव भंडारी ने 3-3 विकेट, वेदांत शुक्ला ने 2 विकेट लिए । जवाब में संजय गुप्ता अकादमी ने बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 91 रन बनाए। इनमें अर्णव भंडारी ने 42 रन बनाए।। वी एस अकादमी के लक्ष्य सोनी और लकी यादव ने 3-3,केविन जोसेफ ने 2 विकेट लिए । इस तरह वीएस क्रिकेट अकादमी ने संजय गुप्ता अकादमी को 66 रन से हराया ।*

### सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने रेल्वे गर्वित को हराया

टूर्नामेंट का तीसरा मैच डी.पी.एस. मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया,जिसमें सेंचुरियन अकादमी ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 149 रन बनाये , जिसमें अंश मालवीय ने 34 और अनिमेष सक्सेना ने 30 रन बनाए। रेलवे गर्वित अकादमी से गेंदबाजी करते हुए अक्षत और अरनव साहू ने 2-2 विकेट लिया । जवाब में रेलवे गर्वित अकादमी ने 36.5ओवर में 65 रन बनाए,जिसमें मोहित ने 22 रन बनाए। सेंचुरियन के पीयूष सिंह ने 3 विकेट,अंश मालवीय ने 2 विकेट लिए । इस तरह सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने रेल्वे गर्वित अकादमी को 84 रनों से हराया।

## पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगा आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने घोषणा की कि बहरीन में हाल में समाप्त हुए एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 50 हजार रुपए जबकि स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों के कोचों को भी एक-एक लाख रुपए मिलेंगे। भारत 23 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित किए गए खेलों में 48 पदकों (13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य) के साथ अंतिम तालिका में छठे स्थान पर रहा था। भारत ने मुक्केबाजी में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा वह कुश्ती में तीन और कबड्डी में दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। आईओए ने कहा, 'आईओए मानता है कि इस तरह के प्रदर्शन निरंतर प्रयास, कठोर प्रशिक्षण और कोचों तथा सहयोगी स्टाफ के उचित मार्गदर्शन का परिणाम हैं। आईओए ने शीघ्र ही एक विशेष समारोह में सभी पदक विजेताओं, कोचों और चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किया है।'

## आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26

# एलएनसीटी एवं टीआईटी महिला वर्ग के फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी साइंस द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन मे आरजीपीवी के अंतर्गत आने वाले पुरुष वर्ग में 16 एवं महिला वर्ग में 10 महाविद्यालयों की टीमे हिस्सा ले रही हैं। शुभारंभ अवसर पर डॉ अशोक राय डायरेक्टर डीन एडमिनिस्ट्रेशन एलएनसीटी, डॉ. वी एन भरतरिया प्राचार्य एलएनसीटीएस, डॉ. अमितबोध उपाध्याय ओएसडी एलएनसीटीएस, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी एवं अन्य महाविद्यालयो के खेल अधिकारियों आर के शर्मा टीआईटी, लेफ्टिनेंट अनुराग चौकसे जेएनसीटी, निलेश कुमार मिश्रा सिस्टेक गांधीनगर, अमित यादव कॉर्पोरेट, दीक्षा जाट ओरिएंटल, सचेंद्र एसटीआई विदिशा की उपस्थिति में सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। आज खेले गए महिला वर्ग के मुकाबले में सिस्टेक रातीबढ़ ने 2-0 से, सिस्टेक गांधीनगर ने जेएनसीटी को 2-0 से, यूआईटी ने सिस्टेक गांधीनगर को 2-1 से, टीआईटीई ने एसआईआरटी को 2-0 से, एलएनसीटी ने ओरिएंटल को 2-0 से हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया। महिला वर्ग पहले सेमीफाइनल मुकाबले मे टीआईटी ने सिस्टेक गांधीनगर को 2-0 से, एलएनसीटी ने यूआईटी को 2-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। पुरुष वर्ग के खेले गए मुकाबलो मे टीआईटी ने पटेल कॉलेज को 2-0 से, ओरिएंटल ने वीजीआई को 2-0 से, यूआईटी ने मित्तल को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता के अगले दौर मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता सचिव पंकज जैन ने बताया कल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे एवं प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

## भारतीय महिला टीम के विश्व कप विजेता होने पर ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर जश्न

# ढोल की थाप पर नाचे नन्हे-मुन्ने बच्चे, पोस्टर लेकर लगाया मैदान का चक्कर








हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय महिला टीम के विश्व कप विजेता होने पर अरेरा क्रिकेट अकादमी द्वारा ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर जश्न का आयोजन किया गया खिलाड़ियों द्वारा पूरे मैदान का चक्कर लगाया गया। महिला खिलाड़ियों द्वारा उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए जो जज्बा दिखाया है उससे प्रेरणा लेते हुए अरेरा क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने संकल्प लिया कि वह भी निष्ठा और समर्पण से एकाग्रता के साथ अभ्यास करेंगे।

विजेता टीम का पोस्टर लेकर अरेरा क्रिकेट अकादमी के कोच सुरेश चेनी ने शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि अगले विश्व कप में हमारे खिलाड़ी जरूर प्रतिनिधित्व करेंगे ।

अकादमी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने ढोल की थाप पर नाचते हुए जश्न मनाया , खिलाड़ियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया। अरेरा क्रिकेट अकादमी के मुख्य संरक्षक ध्रुव नारायण सिंह, संरक्षक पीसी शर्मा राहुल कोठारी, अरूणेश्वर सिंह देव ने विजेता टीम को अपनी बधाइयां प्रेषित की।

इसके साथ ही अरेरा क्रिकेट अकादमी के कोच सुरेश चेनानी, जमील खान, ज्योतिरादित्य सिंह, सचिव हेमंत कपूर ने भी वर्ल्ड कप की विजेता भातरीय महिला टीम को अपनी बधाइयां प्रेषित की।




# तीसरी आंख

**आईएएस की जिद की वजह से मंत्री ने निभाया पड़ोसी धर्म**

दरअसल, एक स्कूल के शिक्षक को शासन के लिए नियमों के अनुसार उच्च स्तरीय डिग्री लेनी थी। उन्होंने बाकायदे स्कूल शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी को आवेदन दिया, किंतु आईएएस अधिकारी ने अनुमति देने से मना कर दिया। बताते हैं कि शिक्षक ने ऐड़ी चोटी का दम लगा दिया, किंतु अधिकारी टस से मस नहीं हुए। उन्होंने थक हारकर अपने पड़ोसी मंत्री जी से यह बात बता दी। इसके बाद मंत्री जी ने पड़ोसी धर्म निभाते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति देने का आग्रह आईएएस से किया। इसके बाद भी आईएएस पर कुछ खास असर नहीं पड़ा। अनुमति के लिए शिक्षक को काफी मशक्कत करना पड़ी। कई रसूखदारों से शिफारिश के लिए मन्नते मांगी। बताते हैं कि आईएएस अफसर को एक परिचित ने समझाया, तब जाकर अनुमति दी गई। अब इसे लेकर विभाग की किरकिरी हो रही है।

**कलेक्टर अच्छी पोस्टिंग के लिए मंत्री, विधायकों के चक्कर में फंसे**

जबलपुर में पुराने व नए कलेक्टर की कार्यप्रणाली की लोग तुलना कर रहे हैं। दरअसल, पूर्व कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अपने कार्यों के बल पर अच्छी पहचान बनाई। मुख्यमंत्री की नजर में भी आए। अच्छे कलेक्टरों में उनका नाम शुमार हो गया, इससे उन्हें मुख्यमंत्री ने अपने भरोसेमंद विभाग की जवाबदारी सौंप दी। अब इतनी सादगी से हर कोई कार्य नहीं कर पाता। बताते हैं कि नए कलेक्टर ने अपनी अलग पहचान बनाने के लिए मंत्री, विधायक से लेकर पार्टी के नेताओं से जुगलबंदी शुरू कर दी। लोग तो यह तक चर्चा करने लगे हैं कि साहब अच्छी पोस्टिंग के लिए नेताओं के चक्कर में फंस गए हैं। आए दिन इन नेताओं के आदेशों पर काम करते रहते हैं। इस तरह की चर्चा उनके इर्दगीर्द लोग ही करते हैं। वे न जाने और क्या क्या बातें करते हैं। खैर, साहब जी समझदारी से काम लो, नहीं तो बदनामी ही मिलेगी।

**जमीन की हेराफेरी में 12 आईएएस के खिलाफ एफआईआर से चर्चाएं गर्म**

आदिवासियों की जमीन औन पौने दाम में खुद बुर्द करने के चक्कर में 12 आईएएस अफसर बुरी तरह से फंस गए हैं। इन अफसरों के खिलाफ सरकार जैसे ही अभियोजन की स्वीकृति देगी, इसके बाद इन पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। आईएएस अफसरों में अब इसे लेकर अच्छी खासी चर्चाएं शुरू हुई है। दरअसल, इसमें से कुछ ऐसे भी अफसर हैं, जिन्होंने आदिवासियों की जमीन को लेकर कई बड़े लोगों से खूब सांठगांठ की। किंतु अब मामला सामने आने के बाद सभी की परेशानी बढ़ गई है। इसमें कुछ अफसर ऐसे हैं, जो जिलों की कलेक्टरी से अब मंत्रालय व दूसरे मालदार विभाग में जमावट किए हुए हैं। ऐसे में उन्हें इस बात की भी आशंकाएं हैं कि कहीं मुख्यमंत्री की भृकुटी न तन जाए, यदि ऐसा हुआ तो अच्छी खासी फजीहत होना तय है। बताते हैं कि इनमें से कुछ अफसर तो अभी से अपनी सेटिंग जमा लिए हैं, ताकि लोकायुक्त व ईओडब्ल्यू यदि अभियोजन स्वीकृति के लिए पत्र भेजे तो उसमें स्वीकृति ही न दी जाए।

**आखिर आईएएस मैडम को मिल गई मनमुताबिक पोस्टिंग**

किसी व्यक्ति के अच्छे कार्य कभी न कभी फलदायी जरूर होते हैं। ऐसे ही एक आईएएस मैडम के साथ हुआ। उनके पुराने कार्य का प्रभाव अभी भी मैडम के साथ-साथ चल रहा है। दरसअल, उन्होंने केंद्र में जब प्रतिनियुक्ति मांगी तो उन्हें मनमुताबिक पोस्टिंग दे दी गई। जब उन्होंने इससे अनिच्छा जाहिर की तो वे जहां चाहती थीं, वहां की पोस्टिंग मिल गई। अब इस बात की चर्चा खूब हो रही है। बताते हैं कि आईएएस मैडम कुछ साल पहले सरकार के लिए आंखों का तारा बनी हुई थी। बताते हैं कि जब वे एक जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ थीं, तो उन्होंने अपने पद से इतर पूरे कस्बे में अपने सिर पर धार्मिक चिन्ह रखकर घूमी थीं। वे चूंकि अल्पसंख्यक समुदाय से थीं, तो उनके कार्यों की खूब प्रसंसा हुई, साथ में उन्हें सिर माथे पर बिठाया गया। उनका यह सद्कर्म अब भी साथ-साथ चल रहा है। तभी तो मैडम कुछ भी करें, पर उन्हें उनके चाहे अनुसार सब कुछ मिलता रहता है।

-हरि अग्रहरि

सतर्कता, सटीक सूचना और तकनीकी विश्लेषण से नकली नोट नेटवर्क पर कसा शिकंजा

# मंदसौर, खंडवा पुलिस ने की दो लाखों रुपए के नकली नोट, निर्माण उपकरण एवं सामग्री जब्त

## अंतरराज्यीय गिरोहों का पर्दाफाश, कारखाना ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने नकली नोटों के अवैध कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय गिरोहों के नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। मन्दसौर और खंडवा पुलिस की दो अलग-अलग कार्यवाहियों में लाखों रुपए के नकली नोट, निर्माण उपकरण एवं सामग्री जब्त की गई है। इन कार्रवाइयों से यह स्पष्ट हुआ है कि मध्यप्रदेश पुलिस की त्वरित एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ कार्यप्रणाली से संगठित आर्थिक अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है।


पुलिस ने कार्रवाई में बड़ी मात्रा में नकली नोट जब्त किए

### मंदसौर पुलिस की कार्रवाई

मन्दसौर पुलिस ने वायडीनगर में आरोपीगण निसार हुसैन पटेल, रियाज नियारगर एवं दीपक गर्ग के कब्जे से 38,000 के जाली नोट बरामद किए। जांच के दौरान साइबर सेल मन्दसौर की तकनीकी सहायता से पुलिस ने अंबाला से आरोपी सन्दीपसिंह बसैती एवं प्रिन्स अहलावद को गिरफ्तार किया, जिनसे 6,000 के नकली नोट मिले। पुलिस ने पंजाब के सनौर में छापा मारकर गिरोह के सरगना गुरजीतसिंह उर्फ गुरिन्दरजितसिंह (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी के घर पर कारखाने से 3,66,000 के जाली नोट, कंप्यूटर, कलर प्रिंटर आदि सामग्री जब्त की गई।

### खंडवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई 19.78 लाख के नकली नोट बरामद

खंडवा जिले की थाना जावर पुलिस ने नकली नोटों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार करते हुए ग्राम पेठिया स्थित एक कमरे में दबिश देकर 19 लाख 78 हजार मूल्य के नकली नोट बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई। महाराष्ट्र पुलिस से मिली सूचना के आधार पर आरोपी जुबेर अंसारी के कमरे पर छापा मारा गया। तलाशी में 500 के नोटों में 19,78,000 मूल्य के नकली नोट, दो मोबाइल, दो ड्रायर मशीन, पेपर कटर और दो कैंची बरामद की गईं। जांच में पाया गया कि नोटों का कागज, प्रिंट और सुरक्षा धागा वास्तविक नोटों से भिन्न हैं।

बीएपीएस श्री स्वामीनारायण संस्था के जीवन उत्कर्ष महोत्सव में बोले सरसंघचालक, प्रमुखस्वामी महाराज की पुस्तक 'संत विभूति' का हुआ लोकार्पण

# भारत का जुड़ाव संतों से, इसलिए संकट में नहीं: डॉ. मोहन भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हम सब अलग-अलग दिखते हैं, पर जुड़े हुए हैं, यही जुड़ाव भारत की पहचान है, जो दुनिया के पास नहीं है। इसी कारण आज विश्व संकट में है और भारत की ओर आशा से देख रहा है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बीएपीएस श्री स्वामी नारायण संस्था के जीवन उत्कर्ष महोत्सव में व्यक्त किए। वह होटल विजन महल में संतविभूति प्रमुखस्वामी महाराज पर आधारित पुस्तक संत विभूति प्रमुख स्वामी महाराज के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे।


महोत्सव को संबोधित करते हुए सरसंघचालक डॉ. भागवत

### भारत के अलावा कोई रास्ता नहीं

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत धर्म, संस्कृति और आध्यात्म पर आधारित देश है। दुनिया के पास भारत के अलावा कोई रास्ता नहीं है, क्योंकि भारत जीवन के हर क्षेत्र में धर्म और संस्कृति को जोड़कर चलता है। संत ही इस जुड़ाव की कड़ी हैं। वे ईश्वर के अंश हैं जो समाज को अपने आचरण से दिशा देते हैं। प्रमुखस्वामीजी का जीवन इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक संतों की सेवा में इसलिए समर्पित रहते हैं, ताकि समाज सही मार्ग पर बना रहे। हम इसलिए खड़े हैं, ताकि संतों की वाणी निरंतर समाज को प्रेरित करती रहे।

### प्रेरक संतों का संगम, गरिमा का गौरवः ईश्वरचरण स्वामी

महोत्सव के प्रथम दिवस पर आत्मतृप्त स्वामी ने संस्कृति के ज्योतिर्धर प्रमुखस्वामी महाराज विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अवसर पर लेखक भद्रेशदास स्वामी, आबूधाबी हिंदू मंदिर के संचालक ब्रह्मबिहारी स्वामी और वरिष्ठ संत ईश्वरचरण स्वामी ने भी अपने विचार रखे। ईश्वरचरण स्वामी ने जबलपुर भूमि की आध्यात्मिक गरिमा को नमन करते हुए कहा कि यहां की संस्कृति संत परंपरा की धरोहर है।


महोत्सव में उपस्थित संत

**आज सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे शिरकत**

जीवन उत्कर्ष महोत्सव के दूसरे दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे और संत परंपरा से जुड़े इस आयोजन में अपनी श्रद्धा व्यक्त करेंगे।

### संस्कारधानी जबलपुर संत परंपरा की पवित्र भूमि

कार्यक्रम में बताया गया कि महंत स्वामी महाराज, बीएपीएस संस्था के वर्तमान आध्यात्मिक गुरु, का जन्मस्थान संस्कारधानी जबलपुर है। प्रातःकालीन सत्र में आदर्शजीवन स्वामी ने महंत चरितम विषय पर पारायण कर उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा दी। देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे। महंत स्वामी महाराज ने अपने जीवन को सेवा, साधना, सत्संग और संस्कार के प्रसार के लिए समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में संस्था ने विश्वभर में सैकड़ों मंदिरों और सामाजिक प्रकल्पों के माध्यम से समाज निर्माण का कार्य किया है।

## एसआई भर्ती पर बवाल एनएसयूआई का विरोध बैग लेकर प्रदर्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर राजधानी भोपाल में सोमवार को कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में नोटों से भरा बैग लेकर सांकेतिक प्रदर्शन किया और भर्ती प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भर्ती की नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाईं। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि परीक्षा आयोजन का ठेका जिस निजी कंपनी अपटेक लिमिटेड को दिया गया है, वह कई राज्यों में ब्लैकलिस्टेड रह चुकी है। संगठन ने मांग की कि इस विवादित कंपनी को तत्काल हटाया जाए और भर्ती प्रक्रिया किसी नई, पारदर्शी और विश्वसनीय एजेंसी से कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि 'पैसे लेकर नौकरियां बेचने की तैयारी हो रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सोनी ने कहा कि सरकार ब्लैकलिस्टेड कंपनी से एसआई भर्ती करवाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। यदि सरकार ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो एनएसयूआई पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

सागर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव 'प्रतिध्वनि -वायब्रेटिंग वर्चू' आयोजित

# चाचा चौधरी और साबू की भूमिका में सागराइट्स ने दिया सदगुणों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर पब्लिक स्कूल कटारा एक्सटेंशन के प्रांगण में सागराइट्स ने दो दिनी वार्षिकोत्सव का आगाज किया जिसमें उन्होंने मनमोहक प्रस्तुतियों की श्रृंखला पेश की। सागराइट्स ने वार्षिकोत्सव के पहले दिन 'प्रतिध्वनि – वायब्रेटिंग वर्चू' की थीम पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों दिल जीत लिया।

सागराइट्स ने 4 एच गुणों-विनम्रता, मानवता, ईमानदारी और सद्भाव की कल्पनाओं से दर्शकों को एक अद्भुत दुनिया में ले गए, जिसमें चाचा चौधरी और साबू कार्यक्रम के सूत्रधार रहे। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि प्रिया पारिख, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट सर्विसेस रही। सागराइट्स ने 'प्रवाह-जल से जन तक' की नाटिका से भारत की नदियों तथा उनके संरक्षण का संदेश दिया। 'द एलिग्ज़र ऑफ लाइफ की नृत्य प्रस्तुति में दुनिया के शहरों में दर्शकों का नाता मानवता से जोड़ा।


वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बाल कलाकार

# स्कॉलरशिप के लिए सड़कों पर उतरी नर्सिंग छात्राएं, किया प्रदर्शन


विरोध प्रदर्शन करती नर्सिंग छात्राएं।

**भोपाल।** राजधानी में सोमवार को नर्सिंग छात्र संगठन के बैनर तले छात्र-छात्राओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन दिया। दरअसल एनएसओ छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना था कि चार साल से बंद पड़ी छात्रवृत्तियों को फिर से शुरू किया जाएगा। इस दौरान छात्र सीएम हाउस की ओर अपने ज्ञापन देने के लिए जा रहे थे। इस दौरान पॉलिटेक्निक चौराहा पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। आंदोलनकारियों ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के नाम अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

संतान नहीं होने से दंपती के बीच होता था विवाद, काउंसलिंग के बाद नहीं सुलझा विवाद

# शादी के 18 साल बाद पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक

## महिला थाना ने दर्ज की पति के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला थाना पुलिस ने 53 साल की महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम (तीन तलाक) का मामला दर्ज किया है। दरअसल, शादी के 18 साल बाद भी जब संतान नहीं हुई तो पति किसी अन्य महिला से संबंध बनाने लगा था। इस बात को लेकर आए दिन विवाद होने लगे। विवाद बढ़ने पर तीन महीने पहले पति ने पत्नी को तीन बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। गौरवी में महिला की काउंसलिंग कराने के बाद भी जब पति नहीं माना तो पुलिस ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली।

पुलिस के अनुसार 53 साल की महिला भोपाल की रहने वाली है। वर्ष 2007 में उसकी शादी लटेरी, जिला विदिशा निवासी कय्युम खान से हुई थी। कय्युम खेती किसानी करता है। शादी के पांच साल तक सबकुछ ठीक चला फिर संतान नहीं होने के कारण कय्युम खान पत्नी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति करने लगा। वह कहता था कि तुम में कमी होने के कारण संतान नहीं हो रही है। संतान की बात को लेकर पति पत्नी में आए दिन विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर कई बार परिजन भी लटेरी पहुंचे और समझाइश दी।

### किसी अन्य महिला से संबंध रखने का आरोप

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि संतान नहीं होने से परेशान होकर पति किसी अन्य महिला के संपर्क में आ गया था। इसी बात को लेकर गत 2 अगस्त को पति का उससे विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पीड़िता ने अपने भाई को भोपाल से लटेरी बुला लिया। लटेरी में विवाद होने के बाद पति ने उसे तीन बार तलाक कहकर संबंध खत्म कर दिए। भाई ने अपने बेहनोई को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था।

### काउंसलिंग के बाद प्रकरण दर्ज

मामले की जांच कर रही एसआई मोनिका कुशवाह ने बताया कि शिकायती आवेदन मिलने के बाद दंपती की गौरवी में काउंसलिंग कराई थी। तीन बार काउंसलिंग हुई, लेकिन पति पत्नी को रखने के लिए तैयार नहीं हुआ। एफआईआर करने से पूर्व पुलिस ने पति को एक बार फिर थाने बुलाया था, ताकि परिवार ने टूटे, लेकिन पति नहीं पहुंचा। लिहाजा शिकायत दर्ज करनी पड़ी।

# भाजपा नेता ने थाने में पकड़े कान, मांगी माफी, पुलिस से कहा- अब ऐसा अपराध नहीं करूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के खजराना इलाके में शादी समारोह के दौरान लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायर करने वाले क्षेत्रीय भाजपा नेता पृथ्वीसिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने में माफी मंगवाई। कान पकड़कर वीडियो रिकॉर्ड कराया गया और बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कार्रवाई की गई है। एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि सूरज नगर निवासी पृथ्वीसिंह पुत्र कुंवर सिंह को रविवार रात हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि आगे से वह ऐसा अपराध नहीं करेगा। पुलिस ने उसका वीडियो बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा, हालांकि पुलिस अफसरों ने इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने से इनकार किया है। पुलिस शुरूआत में कार्रवाई को लेकर संशय में थी, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद कमिश्नर संतोष सिंह की सख्ती के बाद तत्काल एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे थाने ले जाया गया।

### शनिवार को सामने आया था वीडियो

बताया गया कि आरक्षक प्रदीप सूर्यवंशी की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ। उन्हें ड्यूटी के दौरान वायरल वीडियो मिला, जिसमें बारात के दौरान एक व्यक्ति हर्ष फायर करता दिखा। उसकी पहचान पृथ्वी सिंह के रूप में हुई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930